जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

सिरोही, सोमवार, 03 मार्च 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 45 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.



सामंथा ने फिल्म इंडस्ट्री में पूरे किए 15 साल ...

पेज -09

# प्रधानमंत्री मोदी जामनगर से सोमनाथ पहुंचे, प्रथम ज्योतिर्लिंग की पूजा की

## आज सुबह 'गिर' फॉरेस्ट की करेंगे सफारी





**जामनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को तीन दिवसीय यात्रा पर गुजरात पहुंचे हैं। रविवार सुबह करीब 11 बजे पीएम जामनगर में स्थित रिलायंस द्वारा संचालित पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र 'वनतारा' पहुंचे। वनतारा का दौरा करने के बाद शाम करीब 5.00 बजे सोमनाथ पहुंचे। यहां प्रथम ज्योतिर्लिंग की पूजा अर्चना करने के बाद 27 करोड़ रुपए से तैयार किए गए हाईटेक मार्केट का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री मोदी सोमवार सुबह 'गिर' फॉरेस्ट की सफारी करेंगे और इसके बाद नेशनल बोर्ड ऑफ वाइल्ड लाइफ (एनबीडब्ल्यूएल) बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### शनिवार रात को पहुंचे थे जामनगर

पीएम मोदी का विमान शनिवार रात करीब 8.00 बजे जामनगर पहुंचे। एयरपोर्ट से जामनगर के पायलट हाउस तक करीब 5 किमी लंबा रोड शो किया। इस दौरान उनका स्वागत करने के लिए भारी संख्या में लोग जमा रहे। इसके बाद पीएम ने जामनगर के पायलट हाउस में ही रात्रि विश्राम किया।

### पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र 'वनतारा' पहुंचे

रविवार सुबह करीब 11 बजे पीएम जामनगर में स्थित रिलायंस द्वारा संचालित पशु बचाव एवं पुनर्वास केंद्र 'वनतारा' पहुंचे। गौरतलब है कि जामनगर में जानवरों के पुनर्वास के लिए बनाया गया 'वनतारा' दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी का ड्रीम प्रोजेक्ट है।

### » 3000 एकड़ ग्रीनबेल्ट में फैला हुआ है 'वनतारा'

लायंस इंडस्ट्रीज और रिलायंस फाउंडेशन द्वारा वनतारा (स्टार ऑफ फॉरेस्ट) कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत, घायल जानवरों का बचाव, उपचार, देखभाल और उनका पुनर्वास शामिल है। वनतारा रिलायंस के जामनगर स्थित रिफाइनरी परिसर के 3000 एकड़ ग्रीनबेल्ट में फैला हुआ है। वनतारा प्रोजेक्ट जानवरों को समर्पित अपनी तरह का देश का पहला सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। इस पूरे इलाके को घने जंगल की तरह विकसित किया गया है।

### » 200 हाथियों की भी शरण स्थली 'एलिफेंट हॉस्पिटल'

इस प्रोजेक्ट में अब तक घायल और अकेले छोड़ दिए गए 200 हाथियों को लाया जा चुका है। हाथियों के लिए विशेष शेल्टर और जगह-जगह जलाशय भी बनाए गए हैं। इतना ही नहीं, हाथियों को उठाने के लिए क्रेन की भी व्यवस्था है। इन हाथियों का ख्याल रखने के लिए ही 500 से ज्यादा प्रशिक्षित कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं।

### » लुप्त हो रहे जानवरों का पुनर्वास केंद्र

वनतारा में सिर्फ जानवर ही नहीं, पक्षी और सरिसृप का पुनर्वास भी शामिल हैं। यहां गेंडे, चीते समेत कई तरह के लुप्त हो रहे जानवरों का पुनर्वास किया जा रहा है। भारत ही नहीं, यहां विदेशों से भी उपेक्षित जानवरों को लाया गया है और उनकी पूरी देखभाल की जा रही है। जानवरों के लिए हाईटेक हॉस्पिटल भी यहां जानवरों-पशु-पक्षियों के लिए हाईटेक हॉस्पिटल भी बनाया गया है। यह हॉस्पिटल करीब 25 हाजर वर्गफीट में फैला हुआ है। इसके अलावा 650 एकड़ में एक पुनर्वास सेंटर भी बनाया गया है। हॉस्पिटल में एक्स-रे मशीन, लेजर मशीन, हाइड्रोलिक सर्जिकल टेबल जैसी तमाम हाईटेक सुविधाएं मौजूद हैं।

मुख्यमंत्री का डूंगरपुर दौरा | मंदिरों से भारत की आध्यात्मिक कीर्ति दुनियाभर में फैली

# जनजातीय आस्था केंद्रों को जोड़कर बनाया जा रहा पर्यटन सर्किटः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## बजट 2025-26 में जनजातीय पर्यटन सर्किट विकसित करने का प्रावधान, त्रिपुरा सुंदरी- मानगढ़ धाम-बेणेश्वर धाम सहित अन्य स्थल होंगे शामिल





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**डूंगरपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मंदिर सनातन संस्कृति की आत्मा हैं। प्राचीन समय से ही भारत भव्य और दिव्य मंदिरों की भूमि रहा है और इन मंदिरों के जरिए हमारी आध्यात्मिक कीर्ति दुनियाभर में फैली है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से देश में सनातन संस्कृति को एक नई ऊर्जा मिल रही है तथा उन्हीं के कर कमलों से पिछले साल अयोध्या के भव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुईऔरअयोध्या नगरी फिर से अध्यात्म और सनातन संस्कृति का एक प्रमुख केंद्र बन गई है। उन्होंने कहा किप्रयागराज महाकुंभ में सनातन संस्कृति के भव्य संगम के माध्यम से हमारी आध्यात्मिक उन्नति का संदेश भी पूरी दुनिया में पहुंचा है। शर्मा रविवार को डूंगरपुर के खेरमाल में श्री जाम्बुखंड भैरवजी मंदिर जीर्णोद्वार महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डूंगरपुर की पूरी धरतीभक्ति और अध्यात्म की पावन धरा है। वागड़ के प्रमुख तीर्थों में से एक स्वयंभू श्री जाम्बुखंड भैरव जी मंदिर यहां के निवासियों के लिए सदियों से आस्था और श्रद्धा का केंद्र रहा है तथा आज का यह पावन अवसर भारत की सनातन संस्कृति के उत्थान का ही एक हिस्सा है। *शेष पृष्ठ 5 पर*

### » प्रधानमंत्री के 'विकास भी और विरासत भी' के मूलमंत्र को आगे बढ़ा रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काशी में बाबा विश्वनाथ धाम व उज्जैन के महाकाल के महालोक का निर्माण के साथ ही सोमनाथ और केदार घाटी का पुनर्निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री के 'विकास भी और विरासत भी' केइसी मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ा रही है तथा प्रदेश में हमारी सरकार भी आस्था धामों का कायाकल्प करने का काम कर रही है। इसी दिशा में राज्य सरकार ने बजट 2025-26 में जनजातीय आस्था के केंद्र त्रिपुरा सुंदरी, मानगढ़ धाम, बेणेश्वर धाम, सीतामाता अभयारण्य, ऋषभदेव, गौतमेश्वर मंदिर, मातृकुंडिया आदि को शामिल कर जनजातीय पर्यटन सर्किट विकसित करने घोषणा की है।

### » वरिष्ठजनों को हवाई मार्ग व एसी ट्रेन से तीर्थ यात्रा की मिलेगी सुविधा

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्रद्धालुओं को अयोध्या, काठमांडू में पशुपतिनाथ और अन्य तीर्थस्थलों की यात्रा करवा रही है। वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और सहूलियत को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष के बजट में इस योजना के अन्तर्गतआगामी वर्ष में 6 हजार वरिष्ठजनों को हवाई मार्ग से और 50 हजार वरिष्ठजनों को एसी ट्रेन से तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी। इसी तरह बजट में राज्य और राज्य के बाहर के देवस्थान विभाग के मंदिरों के स्वरूप को निखारने के लिए 161 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। राज्य सरकार ने मंदिरों में भोग की राशि को बढ़ाकर 3 हजार रुपये और पुजारियों के मानदेय को बढ़ाकर 7 हजार 500 रुपये प्रतिमाह किया है। साथ ही, हमारी सरकार खाटूश्याम जी मंदिर को भव्यता प्रदान करने के लिए 100 करोड़ रुपये के कार्य करवा रही है। इसी तरहलगभग 600 मंदिरों में विभिन्न अवसरों पर विशेष साज-सज्जा और आरती कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हमारी सरकार गौतमेश्वर मंदिर, अरनोद प्रतापगढ़, करणी माताजी मंदिर एवं नीमच माताजी मंदिर उदयपुर जैसे बहुत से मंदिरों में विकास कार्य करवा रही है। पुष्कर (अजमेर) में ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर और सरोवर परिक्रमा मार्ग एवं रणछोड़राय खेड तीर्थ (पचपदरा) जैसे अनेक तीर्थों का कायाकल्प कर रही है।

# सीएम भजनलाल शर्मा ने त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बांसवाड़ा/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को बांसवाड़ा के तलवाड़ा स्थित शक्ति पीठ त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने मंदिर में सपरिवार विधि-विधान से पूजा अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इससे पहले हेलीपैड पहुंचने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का विधायक श्रीचन्द कृपलानी, कैलाशचन्द्र मीणा, बांसवाड़ा जिला प्रमुख रेशम मालवीया, जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव, पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अगरवाला सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वागत किया।

चमोली ग्लेशियर हादसा

# अब तक आठ मजदूरों की मौत

## तीसरे दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिले में भारत-चीन सीमा के पास स्थित माणा पास क्षेत्र में शुक्रवार (28 फरवरी) को हुए भीषण हिमस्खलन के बाद बचाव कार्य खत्म हो चुका है. इस हादसे में कुल 54 मजदूर फंस गए थे, जिनमें से 46 मजदूरों को रेस्क्यू अभियान में सुरक्षित निकाल लिया है और आठ श्रमिकों की मौत की पुष्टि हो चुकी है. सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी और उत्तराखंड पुलिस के जवान एक मजदूर को बचाने के लिए लगातार जवान रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं। भारतीय सेना के जवानों ने सिर्फ चार घंटे में रेस्क्यू कर 54 मजदूरों में से 10 मजदूरों को बचा लिया था।



### मृतकों के नाम

मोहेंदर पाल (हिमाचल प्रदेश),हरमेश चंद्र (हिमाचल प्रदेश),जितेंद्र सिंह (यूपी),मंजीत यादव (यूपी),आलोक यादव (यूपी),अशोक पासवान (यूपी), अनिल कुमार (उत्तराखंड), अरविंद कुमार सिंह (उत्तराखंड)।

### सीएम पहुंचे आपदा परिचालन केंद्र

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार सुबह एक बार फिर आपदा परिचालन केंद्र पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लापता मजदूरों की जल्द से जल्द तलाश कर उनके परिजनों को सूचित किया जाए।

दिल्ली सरकार का ऐलान

## हर माह मिलेंगे 2500 रुपए, आठ से महिलाएं कराएं रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली।** भाजपा ने दिल्ली चुनाव से पहले महिला सम्मान योजना का ऐलान किया था और कहा था कि महिलाओं को 2,500 रुपए हर महीने देगी। इस वादे को निभाने के लिए महिला सम्मान योजना की रजिस्ट्रेशन की तारीख का रविवार को ऐलान हो चुका है। इस ऐलान के मुताबिक इस योजना के लिए आठ मार्च से रजिस्ट्रेशन शुरू हो जाएगा। भाजपा नेता मनोज तिवारी ने रविवार को ये घोषणा की है। दिल्ली में महिला सम्मान योजना की शुरुआत मार्च के पहले सप्ताह से हो सकती है। ये भी कहा जा रहा है कि इस योजना की शुरुआत दिल्ली सरकार जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में कर सकती है। वे महिलाएं जो सरकारी नौकरी करती हैं उन्हें इस स्कीम का लाभ नहीं मिलेगा। वे महिलाएं जो इनकम टैक्स का रिटर्न दाखिल करती हैं उन्हें भी इस स्कीम का लाभ नहीं दिया जाएगा।

# महिला हो सकती भाजपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष

## दग्गुबाती पुरंदेश्वरी और वनथी श्रीनिवासन रेस में



वनथी श्रीनिवासन



दग्गुबाती पुरंदेश्वरी

### जेपी नड्डा के बाद भाजपा को नया अध्यक्ष मिलेगा

**नई दिल्ली।** बीजेपी इसी महीने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा कर सकती है। अगर दक्षिण से किसी महिला को इस पद के लिए चुना जाता है, तो इस रेस में आंध्र प्रदेश भाजपा प्रमुख दग्गुबाती पुरंदेश्वरी या भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और कोयंबटूर विधायक वनथी श्रीनिवासन सबसे आगे नजर आ रही हैं। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर (71), जिन्हें संभावित उम्मीदवार के रूप में भी चर्चा में लाया जा रहा है। पार्टी अंतिम विकल्प तय करेगी।

### होली के बाद हो सकती घोषणा

भाजपा 13 से ज्यादा राज्यों में संगठनात्मक चुनाव संपन्न होने के बाद 15 या 16 मार्च के मध्य तक अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा करने वाली है। जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी पर फ़ैसला आंतरिक सहमति बनाकर किया जाएगा। भाजपा के एक सीनियर नेता ने संकेत दिया,'जैसा कि अनुमान लगाया जा रहा है, पार्टी इस शीर्ष पद पर किसी महिला को नियुक्त कर सकती है। जो संभवतः दक्षिण भारत से होगी, ताकि दक्षिणी राज्यों के लोगों को एक मजबूत संगठनात्मक संदेश भेजा जा सके।

ट्रंप-जेलेंस्की बहस में नया मोड़

# यूक्रेन युद्ध विराम का नया खाका तैयार

## अमेरिका के सामने ब्रिटेन, फ्रांस, यूक्रेन रखेंगे प्रस्ताव



**ब्रिटेन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के प्रेसिडेंट व्लादिमिर जेलेंस्की के बीच शुक्रवार को ह्वाइट हाउस के ओवल ऑफिस में जोरदार बहस के बाद यूक्रेन युद्ध विराम का खाका तैयार किया जाने लगा है। इस वक्त जेलेंस्की ब्रिटेन में हैं और उन्हें ब्रिटेन, फ्रांस समेत पूरे यूरोप का समर्थन मिल रहा है। ब्रिटेन ने आखिरी दम तक यूक्रेन के साथ खड़ा होने का वादा किया है। इससे जेलेंस्की का हौसला बढ़ा है। अब यूक्रेन युद्ध विराम योजना को लेकर ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन नया खाका तैयार कर रहे हैं। युद्ध विराम योजना पर काम करने को लेकर तीनों देशों के बीच सहमति बन गई है। प्रस्ताव तैयार होने के बाद इसे अमेरिका के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### ट्रंप से स्थाई शांति चाहते है जेलेंस्की

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने बताया कि उनका मानना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति यूक्रेन में स्थायी शांति चाहते हैं। उन्होंने अपना यह दावा दोहराया कि इसे कायम रखने के लिए अमेरिकी सुरक्षा गारंटी की आवश्यकता होगी। ये इसकी बड़ी शर्त है। स्टॉर्मर यूक्रेन पर चर्चा के लिए रविवार को लंदन में यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे हैं।

### » सम्मेलन में नाटो समेत कई देश शामिल

इस शिखर सम्मेलन में फ्रांस, जर्मनी, डेनमार्क, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, पोलैंड, स्पेन, कनाडा, फिनलैंड, स्वीडन, चेक गणराज्य और रोमानिया के नेता भी शामिल होंगे। तुर्की के विदेश मंत्री, नाटो महासचिव तथा यूरोपीय आयोग और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष भी इसमें भाग लेंगे।

### अमेरिका यूक्रेन से समर्थन खींचता है तो विकल्प तैयार

अगर अमेरिका यूक्रेन से समर्थन वापस ले लेता है तो यूरोपीय देश यूक्रेन और खुद की रक्षा कैसे कर सकते हैं। स्टॉर्मर ने युद्धग्रस्त देश के नेता से कहा कि और जैसा कि आपने बाहर सड़क पर नारो के जरिए सुना, आपको पूरे ब्रिटेन में समर्थन प्राप्त है। हम आपके साथ, यूक्रेन के साथ खड़े हैं, भले ही इसमें (युद्ध में) कितना भी समय लगे। जेलेंस्की ने उन्हें और ब्रिटेन के लोगों को उनके समर्थन और दोस्ती के लिए धन्यवाद दिया।

## झारखंड सीएम पर 'सीएजी की तलवार'

### राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं का खुलासा

**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान कैग की रिपोर्ट ने राज्य में बड़ा राजनीतिक भूचाल ला दिया है। विधानसभा के पटल पर स्वास्थ्य विभाग और भवन एवं सन्निर्माण कर्मकारों के कल्याण पर 2016-17 से 2021-22 तक की ऑडिट की रिपोर्ट को मीडिया के सामने साझा किया गया। इस रिपोर्ट में मुख्य रूप से दावा किया गया है कि कोरोना महामारी के दौरान केंद्र सरकार द्वारा झारखंड सरकार को भेजी गई राशि में से केवल 32 प्रतिशत ही खर्च हुई। शेष राशि का कोई ठोस लेखा-जोखा नहीं है, जिससे कई महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजनाएं अधूरी रह गईं। कैग रिपोर्ट आने के बाद झारखंड में बबाल मचा हुआ है। सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने सामने है। कैग रिपोर्ट पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप को बेबुनियाद करार देते हुए रिपोर्ट की सत्यता पर ही सवाल खड़े कर दिया उन्होंने कहा है कि रिपोर्ट असली है या नकली, इसकी जांच होगी।

# मणिपुर के पांच जिलों से हथियारों का सरेंडर

## पुलिस को सौंपी गईं गोला-बारूद और बंदूकें



**इंफाल।** मणिपुर के पांच जिलों में लोगों ने कई सारे हथियार पुलिस को सौंपे हैं। इनमें 42 हथियार और कारतूस शामिल हैं। पुलिस

### » राज्यपाल की अपील के बाद सरेंडर का सिलसिला जारी

अधिकारी के मुताबिक, इंफाल पश्चिम और पूर्व, चुराचांदपुर, बिष्णुपुर और तामेंगलोंग क्षेत्रों में बंदूक, राइफल सहित कई हथियारों को जमा किया गया है। बिष्णुपुर जिले में दो पिस्तौल, छह ग्रेनेड और 75 से ज्यादा कारतूस सहित पांच और हथियार जमा किए गए हैं।

तामेंगलोंग जिले के कैमाई पुलिस स्टेशन में 17 देशी बंदूकें, नौ 'पोम्पी' और कारतूस जमा किया गया। याइंगंगपोकपी, पोरोमपट, चुराचांदपुर और लामसांग पुलिस स्टेशनों में कम से कम 10 हथियार और कारतूस पुलिस के पास जमा किए गए। इंफाल पश्चिम जिले के सैरेमखुल में तलाशी अभियान के दौरान शनिवार को 20 राउंड गोला-बारूद से भरी एक मैगजीन के साथ एक इंसास एलएमजी, एक एके-56 राइफल, तीन एसएलआर राइफल, एक एसएमजी 9 एमएम कार्बाइन, एक ।303 राइफल, एक डीबीबीएल गन, बिना डेटोनेटर के चार ग्रेनेड, एक चीनी हैंड ग्रेनेड और कई दूसरे सामान भी जब्त किए गए।

### सरेंडर की समय सीमा छह तक

सुरक्षा बलों ने कांगपोकपी जिले में थिंगसैट के पास मार्क हिल में दो अवैध बंकरों को भी खत्म किया गया। कांगपोकपी और इंफाल पूर्वी जिलों के क्षेत्र में वाकन में तीन दूसरे अवैध बंकरों को ध्वस्त कर दिया गया। मणिपुर में अवैध हथियारों को सरेंडर के लिए दिए गए समय को छह मार्च शाम चार बजे तक बढ़ा दिया गया है।

# ट्राफिक व्यवस्था में सुधार को की थी लाइनिंग, लोगों ने धत्ता बता जमाया कब्जा

## बिगड़ी यातायात व्यवस्था से लोग परेशान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों पूर्ण रूप से प्रभावित हो रही है। नियम कायदों को ताक में रख वाहन चालक वाहनों को बीच रास्ते में खड़ा कर रहे हैं। जिससे अन्य वाहनों के गुजरने के लिए जगह नहीं मिलने से बार-बार यातायात जाम की स्थिति बन रही है। शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए कुछ समय पूर्व पुलिस व प्रशासन ने सड़क किनारे खड़ी रहने वाली थड़ियां हटवाई थी व वहीं लाइनिंग करवाई थी ताकि कोई दुकानदार लाइनिंग से बाहर दुकान का कोई सामान नहीं रखे। लाइनिंग के बाहर कोई वाहन भी खड़ा नहीं करें, लेकिन कुछ समय बाद बाजार की मुख्य सड़क पर दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखकर फिर से कब्जा जमा लिया गया। ऐसे में लाइनिंग को लांगने के साथ आवाजाही फिर से बाधित होने लगी है। अव्यवस्थित ट्राफिक के चलते शहर में घंटों जाम की स्थिति रहती है। इसके बावजूद ट्राफिक पुलिस खानापूर्ति के नाम पर औपचारिकता पूरी कर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रही है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।


### ट्रेफिक व्यवस्था में 6 पुलिसकर्मी तैनात, कई रहते नदारद

शहर में ट्रेफिक पुलिस द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को लेकर 14 पुलिसकर्मियों को विभागीय कागजों में दर्शाया गया है, जबकि ड्यूटी के लिए 6 कांस्टेबल शहर में तैनात करने का दावा किया जाता है। जबकि हकीकत यह है कि शहर में ट्रेफिक को संभालने के लिए बड़ी मुश्किल से दो या तीन कांस्टेबल ही दिखाई देते है। बाकी माखुपुरा व गरडाली हाइवे पर घूमते रहते है। ऐसे में शहर की ट्रेफिक पुलिस की भूमिका भी सवालों के घेरे में है।

### वाहन बढ़ने से आ रही दिक्कत

शहर में पार्किंग स्पेस नहीं है। जनसंख्या के साथ वाहनों की संख्या भी बढ जाने से समस्या को संभालने में दिक्कत आती है।

**आसूराम**
ट्रेफिक इंचार्ज सांचौर शहर



### जाम में अटकती अस्पताल जाने वाले मरीजों की सांसें

इस तरह बदहाल ट्राफिक व्यवस्था के दौरान आपातकाल में अस्पताल जाने वाले मरीजों की सांसे भी अटकी रहती है। जिसकी परवाह ना तो पुलिस प्रशासन को है और ना ही नगर परिषद इस ओर ध्यान दे रही है। शहर के रानीवाड़ा रोड चार रास्ता, बड़सम बाइपास, विवेकानंद सर्किल, हाड़ेचा रोड, चौधरी धर्मशाला व विश्नोई धर्मशाला सहित कई जगहों पर टैक्सी स्टैंड नहीं होने से दिनभर यहां टैक्सियां खड़ी रहती है। वहीं दुकानों पर खरीदारी के लिए आने वाले ग्राहक भी सड़क पर बेतरतीब वाहनों के खड़ा कर देते हैं। जिसे दिनभर यातायात जाम रहता है।

### लाइनिंग के बावजूद दुविधा

नगर परिषद व प्रशासन की ओर से बाजार की सड़कों पर लाइनिंग करने के बावजूद कुछ दुकानदारों द्वारा दुकान के आगे दस से पंद्रह फीट बाहर तक सामान रखकर कब्जा कर लेते है। थड़ी संचालक सड़क के बीचो-बीच ठेला खड़ा कर देते हैं, जिससे रास्ता संकरा हो जाता है, एसे में ट्राफिक जाम की स्थिति रहती है। पुलिस व नगर परिषद व प्रशासन भी दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर लाचार नजर आ रहा है।

## अधिकारी-कर्मचारी संगठन की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** अम्बेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन की बैठक जिलाध्यक्ष आसूलाल गोयल की अध्यक्षता में शिवनाथपुरा में आयोजित की गई। बैठक में सदस्यता अभियान पर चर्चा की गई। दलित साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा डॉ अम्बेडकर फेलोशिप प्रशस्ति पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया गया। इस दौरान संगठन के हितों को लेकर विस्तार से चर्चा कर रणनीति बनाई गई। सदस्यों ने संगठन की कार्ययोजना को लेकर विचार रखे। इस अवसर पर नेमीचंद खोरवाल महासचिव, बाबूलाल पारेगी जिलाध्यक्ष आल रेवेन्यू एम्पलाइज अम्बेडकर वेलफेयर सोसाइटी जालोर, कानाराम परिहार, जेताराम परमार, सावलाराम नरसाना, अंबालाल रानुआ, श्रवणकुमार गैलाना, जालाराम सोलंकी, रूपाराम परमार, अखाराम परमार, जितेन्द्रकुमार, प्रकाश मेघवाल मालवाड़ा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षा आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** विद्या भारती जोधपुर प्रांत द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षा का आयोजन स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक में किया गया। परीक्षा में बाल वर्ग व किशोर वर्ग के कुल दो सौ पचपन विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर हरीश सुथार, नरेंद्र आचार्य, ललिता सांखला, उर्मिला खंडेलवाल, रमाकांतदास, कपूरराम दर्जी, सेवाराम खत्री, भरतकुमार, चंद्रप्रकाश, अर्जुनकुमार, जितेश माली, भावेशकुमार, मनसुख प्रजापत व मनोजकुमार सहित जिले के सभी आदर्श विद्या मंदिर के प्रभारी अचार्यवृंद मौजूद थे।

## बिना रॉयल्टी वाले व ओवरलोड वाहनों को रोकने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** ट्रांसफॉर्म मोटर मालिक और ड्राइवर संघ ने रविवार को थानाधिकारी दीपसिंह चौहान को ज्ञापन सौंपकर रानीवाड़ा, गुजरात के डीसा, धानेरा, भीनमाल क्षेत्र के बिना रवन्ना-रॉयल्टी के चलने वाले डंपर व ओवरलोड वाहनों को रूकवाने की मांग की।

ज्ञापन में बताया कि ऐसे वाहनों की वजह से काफी ड्राइवर और मोटर मालिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब कानून की पालना करने वाले मोटर मालिक कहां जाएं। कानून के दायरे में चलें तो उसकी गाड़ी कोई खाली नहीं करवाता। क्योंकि बिना रॉयल्टी के आने वाली गाड़ी कम पैसों में खाली करके चली जाती है और जो कानून के दायरे में रहते हुए रॉयल्टी चुकाकर गाड़ी भरकर लाते है तो उसे भाड़े में एक पैसे का भी मुनाफा नहीं मिलता। इसलिए वे भी मजबूर हो जाते है। बिना रॉयल्टी और रवन्ना के चलने पर कानून व यातायात के नियम का भी उल्लंघन होता है। ऐसे में ओवरलोड भरी बजरी व बिना रॉयल्टी के आने वाले वाहन पर कानूनी कार्रवाई करवाई जाए। ओवरलोड बजरी भर के चलने वाली गाड़ियों से रास्ते चलने वाले लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान भगवानाराम, हड़मतसिंह, जयंतीराम, हीरसिंह, आसूराम, सुरेशकुमार, रतनाराम, फिरोजखां, ओखाराम देवासी, गंगाराम विश्नोई सहित कई लोग मौजूद थे।



## राजयोग केन्द्र पर किया शिव ध्वजारोहण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में प्रभु वरदान भवन में 89वीं शिव जयंती का समारोह मनाया गया। खांडादेवल के महंत तीर्थानंद ब्रह्मचारी, बीके ड गीताबेन, भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी मौजूद थे। अतिथियों का परंपरानुसार स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजपुरोहित ने दीप प्रज्वलन कर कार्य' म की शुरुआत की। राजपुरोहित ने शिवरात्रि की शुभकामनाएं दी। बीके गीताबेन ने कहा कि सबका कल्याण करना व ऐसी शुभ भावना रखना ही सच्ची शिवरात्रि मनाना है। जब बुद्धि का नाश होता है तो सर्वनाश होता है। दुर्गुणों का त्यागकर अपने जीवन को सदगुणों से सजाए। तीर्थानंद महाराज ने कहा कि शिव शक्ति के बिना मानव शव के समान है। उन्होंने कहा कि शक्ति स्वरुपा कन्या, देवी, मां और दुर्गा के रूप में विद्यमान है। भंडारी ने संस्थान के सेवा कार्यों की प्रशंसा की। नैनाराम चौहान ने आभार जताया। शिव ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर नरिंगाराम पटेल, भरतसिंह भोजाणी, बीके राजवीर, नारायण जीनगर, मुकेश प्रजापत, गणेश प्रजापत, लक्ष्मण भजवाड़, कालूभाई, पारसकुमार, सांवलाराम माली, मोहनलाल, अर्जुनराम, दलाराम, जोगाराम चौधरी, राजकंवर भंडारी, बीके सुनिता, बीके मालती, बीके अंजलि, बीके कीर्ति, शारदाबेन, कुमुददेवी, कुमारी दिया, कुमारी नैना भी मौजूद थे।

## विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर दी रंगारंग प्रस्तुतियां



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बागोड़ा।** कस्बे के जयभारती उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत विज्ञान व कला वर्ग के विधार्थियो का विदाई समारोह व विद्यालय का वार्षिकोत्सव उत्साह से मनाया गया। कार्य' म का आगाज मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती सुकीकंवर, विशिष्ट अतिथि जगतसिंह दादाल, पूर्व उप सरपंच पारसमल सोनी व संस्था प्रधान प्रभुदयाल स्वामी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विदाई लेने वाले कक्षा विद्यार्थियों को माल्यार्पण व तिलक कर गुड-धनिया खिलाकर विदाई दी। विजयानंद सरस्वती महाराज शिवानंद मठ दादाल ने छात्र छात्राओं को आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं की। समारोह में एक से बढ़कर एक गीतों पर रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। समाजसेवी मदनसिंह चौहान और संस्था प्रधान ने विद्यालय की प्रगति से अवगत करवाया व विदाई लेने वाले बच्चों को भविष्य में अनुशासन से कार्य करने और सफल होने की शुभ कामनाएं दी। आयोजन में भामाशाह अर्बुदा पैट्रोल पंप के मालिक जगतसिंह दादाल, मोहनसिंह राजपुरोहित, वागसिंह, मफाराम, रडमाराम माली, विजयराज सोनी आदि का सहयोग रहा। समारोह में श्रीमती विनोददेवी, सूरजपाल चारण, पुखराज, सुश्री दीपिका, श्रीमती पंखी सहित अभिभावक मौजूद रहे।

## बैठक में की 'ज्योति अब ज्वाला बनेगी' अभियान पर चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** गायत्री शक्तिपीठ में ज्योति अब ज्वाला बनेगी... अभियान के तहत ज्योति कलश यात्रा की व्यापक तैयारी और कार्ययोजना को मूर्त रूप देने हेतु बैठक का आयोजन हुआ। शांतिकुंज हरिद्वार के महेन्द्रमोहन पारीक ने बताया कि बसंत पंचमी की गायत्री साधना के सूत्रधार पं. श्रीराम आचार्य द्वारा प्रज्वलित अखण्ड दीप को अपने साधना कक्ष में हिमालय से लाकर स्थापित किया गया, यह शताब्दी वर्ष हैं। साथ ही भगवतीदेवी शर्मा का भी जन्म शताब्दी वर्ष हैं। उनकी साधना की दिव्य ऊर्जा के संचार व ज्ञानप्रकाश को देश के हर घर में पहुंचाने के उद्देश्य से जालौर जिले में शुभ आगमन हो रहा है। उसके मंगल प्रवेश पर हर गांव, गली, मोहल्ले में इस ज्योति कलश यात्रा का विचरण होगा। इस हेतु व्यापक जनसंपर्क अभियान भी चलाया जाएगा। बैठक में महेश व्यास ने विस्तृत कार्य योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साधु संतों और महापुरुषों के अनवरत दिव्य साधना के फलस्वरूप भारत वर्ष में आध्यात्मिक चेतना का संचार हो रहा हैं। यह युग परिवर्तन और सकारात्मक माहौल बनने का संकेत हैं।

### यह भी रहे बैठक में मौजूद

इस अवसर पर सज्जनसिंह दूठवा, करणसिंह सेवड़ी, राणमल शर्मा, जोगाराम पटेल, हरिकृष्ण द्विवेदी, मोतीलाल सोलंकी, जसराज सुथार, दिलीप सोनी, कोलचंद सोनी, जेठाराम माली, नरेन्द्र आचार्य, जयरूपाराम माली, चतुर्भुज राठी, कन्हैयालाल खंडेलवाल, नरपतसिंह आर्य, हीरालाल सोलंकी, रमेशचंद्र अग्रवाल, मफाराम माली, मनोहरसिंह, निरंजन बोहरा, मंछाराम, प्रताप पुरोहित सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के लोग मौजूद थे।

# सेवादल की कार्यशाला में कांग्रेस को मजबूत बनाने बनाई कार्ययोजना

### पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं में किया उर्जा का संचार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिला कांग्रेस सेवादल के जिला पदाधिकारियों, ब्लॉक एवं विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षों की आवश्यकता कार्यशाला रविवार को आयोजित की गई। जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में सेवादल के राष्ट्रीय महासचिव व राजस्थान प्रभारी गोविन्दभाई पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता बैनीवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जोन प्रभारी मोहन हटेला के आतिथ्य में राजीव गांधी स्मृति भवन में वंदे मातरम गान के साथ कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाल में मुख्य रूप सेवादल संगठन की भूमिका तैयार की गई। जिसमें तय किया गया कि जिला एवं ब्लॉक संगठन को प्रत्येक महीने में अपनी कार्यकारणी मीटिंग अवश्य बुलानी होगी। महीने के अंतिम रविवार को ध्वज वंदन कार्य' म करना होगा। प्रत्येक माह में रविवार को रवि मिलन कार्य' म सहित ग्राम एवं वार्ड इकाई का निर्माण करने सहित कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने जैसे अनेकों बिंदुओं पर कार्य योजना तैयार की गई।



### इन्होंने भी किया संबोधित

कार्यशाला को श्रीमती बैनीवाल, कांग्रेस अध्यक्ष अजीज दर्द, प्रदेश महासचिव शिशुपालसिंह राजपुरोहित, पीसीसी सदस्य महावीरसिंह राजपुरोहित, कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रवीण कोठारी, शहर ब्लॉक अध्यक्ष जीवराज बोराणा, सेवादल जिला प्रभारी खीमाराम चौधरी, नियामत रहमान, वरिष्ठ नेता जोगाराम सोलंकी, यंग ब्रिगेड जिलाध्यक्ष एडवोकेट गिरधारीलाल मीणा आदि ने संबोधित किया।

### यह भी रहे मौजूद

इस अवसर पर जसाराम परिहार, आमीन अली रंगरेज, रामसिंह इंदा, पुखराज परमार, डॉ ललित बामणिया, मोहनसिंह राजपुरोहित, दिलीपसिंह राजपुरोहित, चंद्रपाल पुरोहित, भैराराम गुर्जर, भैरूसिंह गुर्जर, चंपालाल राजपुरोहित, किशोरसिंह राजपुरोहित, भूराराम देवासी, श्यामलाल वागोरिया, गुलाब सोढ़ा, धनराज आर्य, लक्ष्मण मेघवाल, चेलाराम रारबड़ा, दिनेश दवे, जगदीश प्रजापत, घनश्याम भाटी, नंदेश्वर जोशी, नारायणलाल पुच्छल, असलमखान मेहर, सफी मोहम्मद गौरी, चुन्नीलाल सिरवी, ओटाराम हटेला, रजाक मोहम्मद, देवेन्द्र मीणा, असगर कुरैशी, भोपालखान, मूलाराम मीणा, मांगीलाल मेघवाल, नैनाराम मेघवाल, विनोद चावरिया, रमेश बावल, नैनाराम, मांगीलाल पवार, दुर्गादेवी परिहार, सूरजमल प्रजापत, हिम्मत गहलोत, फिरोजखान, शंकरलाल रागी, मोहनलाल विश्नोई, इकबाल शेख, खरताराम सालरिया, धन्नाराम सरगरा, खीमाराम मेघवाल, रामचंद्र गहलोत, राजेन्द्रकुमार सरपटा, शंकरलाल मीणा, अरविंदर त्रिपाठी, मोहम्मद इरशाद, हनुमान मीणा, कानाराम बमनिया, रजाकभाई, कानाराम भाटी, इब्राहिम शाह, सलीम शाह, मदनलाल पुच्छल सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## राजपुरा दरीबा वॉलीबाल टूर्नामेंट में जिंक सम्राट टीम बनी विजेता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** दरीबा में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा आयोजित राजपुरा दरीबा वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उत्साहपूर्ण आयोजन हुआ। टूर्नामेंट का आयोजन लोकेशन हेड बलवंत सिंह राठौड़ के निर्देशन में किया गया, जिसमें कर्मचारियों की 9 टीमों ने भाग लिया। पांच दिनों तक आयोजित इस टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबला 1 मार्च को जिंक सम्राट और राइनो रेंजर्स टीमों के बीच हुआ। जिसमें जिंक सम्राट ने विजय प्राप्त कर टूर्नामेंट की विजेता टीम बनी। टूर्नामेंट का शुभारंभ 25 फरवरी को हुआ था। आयोजन के अंतिम दिन बलवंत सिंह राठौड़ , दरीबा खान मजदूर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरहरीदेव सिंह राठौड़, साथ ही जिंक के अधिकारी एवं मजदूर संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। टूर्नामेंट के दौरान दर्शकों की भी भारी संख्या थी, जिन्होंने पांच दिनों तक इस आयोजन का भरपूर लुत्फ उठाया। यह टूर्नामेंट कर्मचारियों के बीच एकता, सामूहिकता और खेल भावना को बढ़ावा देने का एक बेहतरीन अवसर साबित हुआ।

# बकाया कर जमा करवाने पर मिलेगी छूट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** नगर परिषद में बकाया कर को जमा करवाने पर विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित छूट देकर राहत प्रदान की जाएगी। अधिशासी अधिकारी त्रिकमदान चारण ने बताया कि आयुक्त एवं शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग के आदेशानुसार 300 वर्गगज तक के क्षेत्र से अधिक आवासीय, औद्योगिक एवं संस्थानिक (भूमि/निर्मित क्षेत्र) भूमि एवं 100 वर्गगज से अधिक व्यावसायिक भूखण्डों व निर्मित क्षेत्र पर नगरीय विकास कर देय होगा। उक्त नगरीय विकास कर एवं गृहकर में 31 मार्च 2025 तक छूट का प्रावधान है। इससे पूर्व सम्पूर्ण बकाया गृहकर आवासीय / व्यावसायिक भूखण्ड/भवनों का एक मुश्त जमा कराने पर मूल गृहकर की राशि में 50 प्रतिशत राशि की छूट एवं शास्ति पर शत-प्रतिशत छूट, नगरीय विकास कर वर्ष 2024-2025 तक का एक मुश्त नगरीय विकास कर की राशि जमा कराने पर ब्याज एवं शास्ति पर शत प्रतिशत छूट होगी। जिन प्रकरणों में वर्ष 2011-12 से पूर्व का नगरीय विकास कर बकाया है, उन प्रकरणों में एक मुश्त जमा कराने पर उस अवधि के नगरीय विकास कर में शास्ति की छूट के साथ मूल बकाया में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। उन्होंने बताया कि 3 मार्च 2025 से लगातार शहर की मुख्य सड़कों पर रखी दुकान की सामग्री, टेबल/पाट, केबीन, पट्टियां, पुराने नकारे वाहन, भंगार सामग्री इत्यादि को अतिशीघ्र हटा दें। अन्यथा नगर परिषद् सांचौर व पुलिस प्रशासन द्वारा अस्थाई अति' मण हटाकर सामग्री जब्त की जाएगी।

## कार्यशाला का समापन, योग के महत्व की दी जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** तहसील के नोवी ग्राम पंचायत में महिला नरेगा श्रमिकों के लिए योग प्रशिक्षक एवं आयुष नर्सेज महासंघ के बेनर तले दो दिवसीय योगाभ्यास कार्यशाला का समापन रविवार को किया गया। ग्राम विकास अधिकारी भरतसिंह ने बताया कि योग शिक्षक आयुष नर्सेज महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष ललित मेघवाल सुमेरपुर ने योग के महत्व एवं स्वास्थ्य लाभ के बारे मे जानकारी दी। साथ ही मौसम परिवर्तन में ऋतुचर्या अपनाने पर जोर दिया। योग से स्वास्थ्य लाभ की जानकारी दी। दूसरे दिन प्रातः काल योग प्रशिक्षक कल्पेश आर्य शिवगंज एवं महिला योग प्रशिक्षक संगीता कुमारी सुमेरपुर ने समस्त मनरेगा श्रमिकों को ग्रीवा चालान, स्कंद संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शशकआसान, भुजंगासन, प्राणायाम कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी व ध्यान का योगाभ्यास करवाया। साथ ही सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया एवं शरीर को स्वस्थ रखने के लिए इनको जीवन में अपनाने पर जोर दिया। आयुष नर्सेज महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ललित मेघवाल ने बताया कि संस्था योग एवं आर्युवेद का निस्वार्थ भाव से सिरोही व पाली जिले में कार्य कर रही हैं। कार्यशाला में कार्यालय सहायक रूपाराम गहलोत, समाजसेवी विनोद राठौड़, नीलेश बामणिया, हर्षवर्धनसिंह राठौड़, पुष्करराज मीणा तथा आयुष नर्सेज महासंघ के सदस्यों व ग्राम पंचायत कार्मिकों का सहयोग रहा।



# जिले के लिए भाजपा सरकार ने दी बजट में ऐतिहासिक सौगातें: देवासी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** ग्रामीण विकास व पंचायती राज राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने बजट 2025-26 में सिरोही जिले को मिली ऐतिहासिक सौगातों को लेकर राज्य सरकार का आभार जताया। उन्होंने प्रेसमीट के दौरान बताया कि जिले के लिए भाजपा सरकार ने बजट में शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, सड़क, धार्मिक स्थल, पर्यटन, उन्नयन के साथ सिरोही को समृद्ध व विकसित करने के लिए कई सौगातें दी है। जिसमे सिरोही में कृषि महाविद्यालय खोलने की मांग सिरोही जिले के लोग काफी लंबे समय से कर रहे थे जिसको भाजपा सरकार ने इस बजट में मांग को पूरा कर सिरोही जिले के लोगों के लिए ऐतिहासिक सौगात दी है। जिससे सिरोही के युवाओं को अब कृषि क्षेत्र में उच्च अध्ययन के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि भजनलाल सरकार ने इस बार बजट में सिरोही जिले के लिए सड़कों के मरम्मत, चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए भी घोषणाएं हुई है। जिसमे 21 करोड़ रुपए की लागत से कृष्णागंज - सियाकरा - सानपुर सड़क मय पुलिया का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण (16 किमी.)का कार्य करवाया जाएगा। 18 करोड़ रुपए की लागत से बागसीन-वान-कैलाशनगर सड़क का चौडाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण (18 किमी) का कार्य करवाया जाएगा। 18 करोड़ 68 लाख रुपए शहरी जल योजना भावरी तहसील पिण्डवाड़ा के पुनर्गठन का कार्य (पिण्डवाड़ा आबू)-सिरोही हाथ में लिए जाएंगे। 1 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से सांचौर (एनएच 15) रानीवाड़ा-मंडार-आबूरोड (एसएच 11) (107 किमी) की डीपीआर बनवाई जाएगी। बस स्टैंड पर जिर्णोद्धार की श्रंखला में राज्यमंत्री देवासी ने वार्ता में बताया कि पिण्डवाड़ा के मार्कुडेश्वर महादेव मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की भी भाजपा सरकार ने सौगात दी है। यह मंदिर अतिप्राचीन है। यहां दूर-दूर से लोग आते हैं। इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने से क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने बताया कि आबूरोड, शिवगंज - सिरोही रोडवेज बस स्टैंड में मरम्मत जीर्णोद्धार संबंधी कार्य करवाए जाएंगे।



## धार्मिक स्थल व हवाई पट्टी की भी सुध ली

उन्होंने बताया कि धार्मिक स्थलों में सारणेश्वर महादेव मंदिर, चामुण्डा माता मंदिर मुंडारा के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य करवाएं जाएंगे।राज्यमंत्री देवासी ने बताया कि सिरोही में हवाई पट्टीयों की मरम्मत, रखरखाव एवं उन्नयन कर चरणबद्ध रूप से बड़े हवाई जहाज उतरने के योग्य बनाया जाएगा। माउंट आबू में एयरो स्पोर्ट्स एक्टिविटीज शुरू की जाएगी।

## शिक्षा के क्षेत्र में नया अध्याय होगा

पॉलिटेक्निक महाविद्यालय सिरोही में सिविल की नई ब्रांच प्रारम्भ की जाएगी। आबूरोड-सिरोही में कन्या महाविद्यालय खोला जाएगा। रेवदर-सिरोही में महाविद्यालय में नवीन विषय प्रारम्भ किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि माउंट आबू गोल्फ कोर्स व पोलोग्राउंड के रिवाइवल संबंधित कार्य करवाएं जाएंगे। स्वास्थ्य शिविर लगाकर ई हेल्थ रिकॉर्ड बनाने के कार्य के प्रथम चरण को माह जून 2025 तक पूर्ण कर आगामी वर्ष में राज्य में टाइप वन डायबीटिज से पीड़ित मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने की दृष्टि से समस्त जिला चिकित्सालयों में डायबीटिक क्लीनिक्स स्थापित किए जाने प्रस्तावित है। प्रदेश में हीमो डायलिसिस सुविधा का विस्तार करते हुए सभी जिला चिकित्सालयों में 10 बेड इसके लिए उपलब्ध करवाएं जाने की घोषणा की गई है साथ ही विभिन्न गंभीर / असाध्य रोगों के उपचार के लिए डे केयर सेंटर भी सभी जिला चिकित्सालयों में प्रस्तावित है।

## जांच के लिए प्रयोगशाला भी होगी

राज्यमंत्री देवासी ने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम एवं प्रभावी नियंत्रण के लिए सिरोही में खाद्य प्रयोगशाला स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। सिरोही जिले में विद्यालय स्तरीय सावित्री बाई फुले छात्रावास खोला जाएगा। भाजपा जिला प्रवक्ता रोहित खत्री ने बताया कि पत्रकार वार्ता में पिंडवाड़ा विधायक समाराम गरासिया, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विरेन्द्रसिंह चौहान, जिला महामंत्री नरपतसिंह राणावत, प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष गणपतसिंह राठौड़, नारायण देवासी सहित वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

## मार्कुंडेश्वर धाम पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** प्राचीन मार्कंडेश्वर महादेव मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया। स्थानीय विधायक समाराम गरासिया के प्रयासों से यह घोषणाएं संभव हो पाई हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने इन प्रस्तावों को मंजूरी दी है। जिला परिषद सदस्य किरण राजपुरोहित ने बताया की पिंडवाड़ा से निकट अजारी ग्राम पंचायत क्षेत्र मे अति प्राचीन मार कुंडेश्वर महादेव मंदिर है। मां सरस्वती और महादेव के दर्शन का केंद्र बना हुआ है। वर्षो से प्रयास से आखिर विधायक के सहयोग रंग लाया। इस विषय में विधायक से लेकर राज्य सरकार को लिखित मे अवगत करवाया था जो राज्य सरकार ने बजट सत्र 2025-26 में पिण्डवाड़ा के प्राचीन मार्कंडेश्वर महादेव मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की। समस्त क्षेत्र वासियों ने विधायक समाराम गरासिया सहित भाजपा सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया।



## आंगनवाड़ी नवीनीकरण कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** सृष्टि सेवा समिति उदयपुर की ओर से पिंडवाड़ा के उन्दरा ग्राम पंचायत की मुरी गांव में आंगनवाड़ी नवीनीकरण कार्यक्रम का उदघाटन समारोह आयोजित किया गया। पिंडवाड़ा की कुल 10 आंगनवाड़ियों में आंगनवाड़ी के नवीनीकरण कार्य किए गए हैं। जिसमें आंगनवाड़ी का कंस्ट्रक्शन तथा रंगरोगन का कार्य किया गया है। मुरी आंगनवाड़ी उदघाटन में सृष्टि सेवा समिति के संरक्षक नरेश मादावत, निदेशक सीमा मादावत, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि सिंह बघेल एवं सचिव सोहनलाल जन्नावत मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच महेंद्र मेघवाल के द्वारा की गई और कार्यं म के मुख्य अतिथि सन्नी जैन रहे। स्थानीय सरपंच महेंद्र मेघवाल द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा कई योजना चलाई जा रही है जिससे गांव के लोग लाभान्वित होते हैं परंतु गांव के लोग जागरूकता के अभाव से लाभ नहीं ले पाते सृष्टि जैसी संस्था गांव के लोगों को इस प्रकार की योजना से अवगत करवाती है जागरूक करती है जो एक नेक कार्य है।



## स्नेह मिलन व सम्मान समारोह आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सरगरा समाज की बैठक समाज की धर्मशाल में आयोजित की गई। आगामी 9 मार्च को आबू पटटे पांच गांव का स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन पर चर्चा की गई। बैठक में 10वी, 12वी में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं, 75 वर्ष से अधिक उम्र की प्रतिष्ठित महिलाओं, नवनियुक्त सरकारी कर्मचारियों का सम्मान करने का निर्णय किया गया। इसके लिए अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर आबू पटटे के अध्यक्ष शंकर लाल मारु उपाध्यक्ष देवाराम परिहार, कोषाध्यक्ष नारायण परिहार, प्रभुराम पडियार, हरीओम परिहार, प्रेम चंद चौहान, किशनलाल भन्दरा, हिरालाल परमार, जयंतीलाल मारु, अभिषेक मेरू, छतरा धवल, सोहनलाल मारु, मोहनलाल भाटी, गजेन्द्र काग, महेन्द्र मारु, पिन्टु भाई मौजूद थे।

## अमृता हाट के चौथे दिन भी रही चहल-पहल




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**शिवगंज।** महिला उद्यमियों एवं महिला स्वयम सहायता समूहों के हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए महिला अधिकारिता विभाग सिरोही की ओर से आयोजित अमृता हाट के चौथे दिन भी शहरवासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । उल्लेखनीय है कि महाराजा मैदान शिवगंज में पिछले तीन दिन से अमृता हाट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राज्य के लगभग सभी जिलों से महिला उद्यमी एवं महिला स्वयं सहायता समूह भाग ले रहे हैं। सहायक निदेशक महिला अधिकारिता श्रीमती अंकिता राजपुरोहित ने बताया कि अमृता हाट के तीसरे दिन 98860 रुपए की बिक्री हुई । अमृता हाट में रविवार एवं सोमवार के लिए खरीदारों द्वारा 1100 रुपए की खरीदारी पर विभाग द्वारा निश्चित उपहार एवं कूपन जीतने पर पांच सौ रुपए की निःशुल्क ख़रीदारी करवाई जा रही है। शनिवार को शिवगंज निवासी श्रीमती लता देवी कूपन विजेता रही है। जिन्हें विभाग की ओर से निः शुल्क 500 रुपए की ख़रीदारी करवाई गई। अमृता हाट के चौथे दिन आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में नीतू कुंवर प्रथम रही अंबा देवी द्वितीय एवं निर्मला देवी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिन्हें विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया । सहायक निदेशक ने जिले के निवासियों से अमृता हाट को सफल बनाने के लिए अधिकाधिक भागीदारी के लिए आग्रह किया । अमृता हाट में विभाग से संरक्षण अधिकारी योगेन्द्र देथा, पन्नाधाय सुरक्षा केन्द्र के कार्मिक कुलसुम बानो, अंशु राठौड़, हेमलता भाटी, रुचिका रावल, कल्पेश खण्डेलवाल, विक्रम मीना, योगेश, रवींद्र, सहयोग कर रहे हैं।




## धारदार हथियार से गोवंश पर हमला, गोशाला पहुंचाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया।** समीपवर्ती अन्दौर गांव में शनिवार करीब 11 बजे गोल रोड स्थित सादुल सिंह मंदिर के पास अज्ञात लोगों गोवंश पर धारदार हथियार से हमला कर जख्मी कर दिया। गजानंद सेवा समिति अध्यक्ष मंगल कुमार मीणा ने बताया अंदौर गो माता प्राणी सेवा समिति अध्यक्ष भरत कुमार प्रजापति द्वारा जानकारी मिलने पर पशु एंबुलेंस के अभाव में किराए के वाहन के माध्यम से घटनास्थल पर पहुंचे। वहां कार्यकर्ता एवं ग्रामीण एकत्रित हुए गोवंश का रेस्क्यू कर उपचार के लिए पांजरा पोल गोशाला पहुंचाया। इस दौरान भरत प्रजापति, हितेश नया खेड़ा, जगदीश माली, दीपक कुमार,पप्पू लोहार गोल, छगन रावल, मोहन लाल आदि मौजूद थे।



## निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पोसालिया/सिरोही।** निकटवर्ती पालड़ी एम में लब्धि सेवा संस्थान, क्षमानंदी सेवा समिति खिवांदी की प्रेरणा से संघवी पंकुबेन चंपालाल नरसिंगमल खिंचावत परिवार खिवांदी जिला पाली द्वारा रविवार को निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे तीन हजार से अधिक पशुओं का उपचार किया गया। लब्धि सेवा संस्थान की मनीषा देओल ने बताया की रविवार को मोरली रोड पालड़ी में भामाशाह के सहयोग से निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया। उन्होंने बताया की पशु चिकित्सालय के पशु चिकित्सक डॉक्टर आवेश खान व नर्सिंग कर्मियों ने शिविर में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित पशुओं की चिकित्सा की। देओल ने बताया की इस शिविर में सिरोही व शिवगंज तहसील के कई गांवों के पशुपालक अपने पशुओं को लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया की इस निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर में 2478 भेड़ व बकरी,100 ऊंट, 450 गाये व भैंस, 12 घोड़े व 20 से अधिक श्वान की चिकित्सा की गई। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र सिंघी, शांतिलाल सहित कई कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया।



## नहीं थम रहा है चोरियों का सिलसिला, लोग परेशान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पिण्डवाड़ा।** समूचे क्षेत्र में इन दिनों चोरियों की वारदातें बढ़ रही है और लोगों में इसके लिए भय भी सता रहा है। हाल मे नगर के सेजारों वास मे बंद मकान के ताले तोड़कर जेवर चोरी किए। जवारिया अरठ पार ट्रैक्टर की बैटरी चोरी, गुदरिया कॉलोनी में अरविन्द वैष्णव के प्लाट से बोरवेल में से मोटर और केबल निकाल कर लेकर गए जिसकी रिपोर्ट दी मगर अब तक चोर हाथ नहीं लगे। विवेकानंद स्कूल के बाहर दिनदहाड़े स्कूल के बच्चों की साइकिलें चोरी हो गईं। रीको एरिया में सुबह 6 बजे विजय मालवीय के फैक्ट्री चोरी की वारदात हुई जिसमे केबल, पानी की मोटर और कीमती सामान गायब हो गया। इधर पुलिस अधिकारी भंवरलाल चौधरी बताते है कि उन्हें सूचना मिली है और रात्रि गश्त बढाने के साथ ही इन घटनाओं का राजफाश किया जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### शाला में विदाई और आशीर्वाद समारोह आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कालंद्री।** प्रयागराज सीनियर सैकेंडरी स्कूल में कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों का विदाई और आशीर्वाद समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया।संस्था सह निदेशक मेहुलराज सिंह परमार ने बताया कि कार्यं म का आयोजन ब्लॉक वेटनरी हेल्थ अधिकारी डॉ सुंदर जगताप के मुख्य आतिथ्य, संस्था निदेशक विजय सिंह परमार की अध्यक्षता और विद्यालय परिवार की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भगवती व राम परिवार को माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित कर और स्वागत नृत्य से किया। विदाई लेने वाले विद्यार्थियों को जूनियर छात्राओं की ओर से श्रीफल मौली तिलक लगाया। डॉ जगताप ने विद्यार्थियों को सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए अनेक टिप्स द्वारा मार्गदर्शन और शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने अपने आप को भाग्यशाली मानते हुए बताया कि हमें ऐसे अनुशासित विद्यालय में शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी प्राप्त हुए। संस्था निदेशक परमार ने विद्यार्थियों को बिना तनाव और टाइम मैनेजमेंट का ध्यान रखते हुए श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम प्राप्ति के लिए विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में शिक्षा समिति अध्यक्ष धोक सिंह परमार, संस्था प्रभारी हरजीराम देवासी, शिक्षक विनोद रावल, कुमारपाल सिंह सहित अन्य स्टाफ व सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

### पेंशनर्स समाज का वार्षिक अधिवेशन आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रेवदर।** राजस्थान पेंशनर्स समाज उप शाखा रेवदर का वार्षिक अधिवेशन एवं स्नेह मिलन समारोह कंकूतारा पेंशनर्स भवन (तहसील परिसर) रेवदर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के शुरुआत मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। तत्पश्चात मंच पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। कार्यं म में चिकित्सा विभाग से आए डॉ नरेश कुमार ने पेंशनर्स को संबोधित करते हुए वृद्धावस्था में दिनचर्या, स्वास्थ्य पोषण सहित सेहत से जुड़ी हुई महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत करवाया। तत्पश्चात एसबीआई बैंक के मैनेजर ललित कुमार माली द्वारा बैंक में चल रही पेंशनर्स के लिए योजनाओं को विस्तार से बताया गया। सहायक लेखाधिकारी उपकोष कार्यालय रेवदर से चेतन प्रकाश द्वारा पेंशन से जुड़ी हुई बातों को विस्तार से बताया और पेंशनर्स को आने वाली समस्याओं के समाधान से अवगत करवाया। कार्यं म में वरिष्ठ पेंशनर्स जिनकी आयु 75 वर्ष पूर्ण हो गई है, उनका सम्मान किया गया। साथ ही नये पेंशनर्स का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम से उपस्थित सभी पेंशनर्स का निः शुल्क स्वास्थ्य जांच श्याम एक्सरे एण्ड लेबोरेटरी रेवदर द्वारा किया गया। वही राजस्थान पेशनर्स भवन के प्रथम तल पर बने कमरे का लोकार्पण कार्यं म में आए अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी उपस्थित लोगों के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। इस दौरान मूलाराम पुरोहित, हंसाराम पुरोहित अध्यक्ष, बाबूलाल जोशी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जयंतीलाल जोशी कोषाध्यक्ष, नारायण सिंह भाटी सचिव, प्रवीण कुमार सयुक्त सचिव, घेवर चंद सह सचिव, शैतान सिंह देवड़ा, गंगा सिंह देवड़ा, गेनाराम मेघवाल, गंगा सिंह बालोत, अचलाराम करोटी, गिरिधारी लाल जोशी, छगल लाल सुथार, चुन्नीलाल जीनगर, भंवर सिंह सोलंकी, गोपाल राम हिरागर लगभग 300 पेंशनर्स मौजूद रहे।

### हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के बारे में दी जानकारी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** देलदर पीएचसी में एचजी इंफ्रा की आरोग्य शाला परियोजना के तहत गैर आवासीय प्रशिक्षण हुआ। सभी सबसेंटर की एएनएम व आशा सहयोगिनी शामिल हुई। प्रशिक्षण में एनीमिया, पोषण, समुदायक में जागरूकता, गृह संपर्क में जोर देने, बच्चों में कुपोषण, कंगारू मदर, हाई रिस्क प्रेगनेंसी के खतरों, गर्भवती महिलाओ की देखभाल, वजन प्रबंधन व गर्भपात के दौरान खतरे के लक्षणों पर जानकारी दी गई। सामूहिक परामर्श व पारिवारिक काउंसलिंग के साथ हीमोग्लोबिन जांच, प्रसव पूर्व देखभाल, नवजात शिशु की देखभाल के तारीख पर चर्चा की गई। मातृ शिशु मृत्यु दर कम करने के उपायों पर भी जानकारी दी गई। डॉ. सलीम खान ने एनीमिया, डॉ. शुभम गोयल ने हाई रिस्क प्रेगनेंसी के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में 7 एएनएम व 16 आशा सहयोगिनी ने भाग लिया।

### चामुंडा माता मंदिर में चोरी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** समीपवर्ती चंद्रावती गांव में नवनिर्मित चामुंडा माता मंदिर मंदिर में चोरों ने सैंधमारी कर मंदिर में रखी तलवार, चांदी के छत्र, आर्टिफिशयल आभूषण लेकर फरार हो गए। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहीं सूचना मिलने पर रीको पुलिस मौके पर पहुंची। आवश्यक कार्रवाई को अंजाम दिया। चंद्रावती गांव में शनिवार रात अज्ञात चोर मंदिर में रख दो तलवार, आर्टिफिशियल आभूषण, चांदी के छत्र,पूजा का सामान लेकर फरार हो गए.चोरी की पूरी घटना समीप लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर रीको पुलिस मौके पर पहुंची। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।



### फडणवीस, शिंदे और पवार ने की कैबिनेट बैठक

# महाराष्ट्र विधानमंडल का सत्र आज से

## कैबिनेट मीटिंग के बीच लगे ठहाके, तीनों ने की एक दूसरे की खिंचाई

**अजीत पवार की कुर्सी फिक्स : एकनाथ शिंदे**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानमंडल का बजट सत्र आज यानी सोमवार से शुरू हो रहा है। बजट सत्र शुरू होने से पहले रविवार को सीएम देवेंद्र फडणवीस और दोनों डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे अजीत पवार ने कैबिनेट बैठक की। सरकार की तरफ से टी पार्टी रखी गई थी जिसका विपक्ष ने बहिष्कार किया। टी पार्टी ने बाद सीएम और दोनों डिप्टी सीएम ने प्रेस को संबोधित किया। इस दौरान डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने मज़ाक़ में कहा कि फडणवीस और मैंने कुर्सी (सीएम और डीसीएम पद) की अदलबदली की है पर अजीत पवार की कुर्सी (उपमुख्यमंत्री पद) फ़िक्स है। उनके इस बयान पर जमकर ठहाके लगे।



### 'टी पार्टी' का विपक्ष ने किया बहिष्कार



प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस की ओर से भाई जगताप और अमन पटेलस राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी-एसपी) से जितेंद्र आव्हाड और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) से आदित्य ठाकरे तथा अम्बादास दानवे शामिल हुए विपक्षी पार्टियों ने रविवार की शाम मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की ओर से दी गई 'टी पार्टी' का बहिष्कार किया है। कोई विपक्षी नेता सीएम की 'टी पार्टी' में शामिल नहीं होगा।

### अजीत पवार का शिंदे को जवाब

शिंदे के बयान पर फिर अजीत पवार ने कहा कि आप तो अपनी कुर्सी (सीएम पद) फ़िक्स नहीं रख पाये फिर शिंदे ने कहा कि हमने सहमति से कुर्सी बदली है।

### लाडली बहन योजना नहीं होगी बंद

सीएम ने कहा लाडली बहन योजना बंद नहीं होगी। विपक्ष की स्थिति हम साथ साथ हैं जैसी नहीं बल्कि हम आपके हैं कौन, ऐसी है। विपक्ष में ही आपस में खींचतान और नाराज़गी है। हमारी सरकार में सब ठीक है, कहीं कोई मतभेद नहीं है। देख रहा हूं कि आज कल रोज़ खबरें दी जा रही हैं कि मैंने आज इसको स्थगित कर दिया, कल उसको स्थगित कर दिया लेकिन इन सब ख़बरों में कोई सच्चाई नहीं है।

### कोई कोल्ड वॉर नहीं

शिंदे ने कहा सीएम फडणवीस और मेरे बीच कोई कोल्ड वॉर नहीं है, इतनी गर्मी में सब कूल कूल है। आप मीडिया वाले कितनी भी ब्रेकिंग बना लो हम दोनों में कोई ब्रेक नहीं होगा।

### संजय राउत का शिंदे पर पलटवार

# हिम्मत है तो मोहन भागवत से पूछो

**मुंबई।** पिछले दिनों महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे के महाकुंभ न जाने पर सवाल किए थे, तो अब संजय राउत ने पलटवार किया है। शिवसेना यूबीटी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधा है। उन्होंने शिंदे पर तंज कसते हुए कहा, 'हिन्दूवादी नेता शिंदे जो सवाल उद्धव ठाकरे से पूछे रहे हैं, क्या उनमें वही सवाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत से पूछने की हिम्मत है?' सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर संजय राउत ने लिखा, 'एकनाथ शिंदे कमाल की चीज हैं। खुद को हिन्दूवादी कहने वाले उद्धव ठाकरे कुंभ क्यों नहीं गए, ये शिंदे का सवाल है। सवाल बहुत अच्छा है, लेकिन ये सवाल उन्हें आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से करने की हिम्मत दिखानी चाहिए। क्या बीजेपी के बॉस हिन्दू नहीं हैं?' महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने प्रयागराज में कुंभ स्नान न करने पर शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे पर 27 फरवरी को निशाना साधा था। उन्होंने कहा



**उद्धव के महाकुंभ न जाने का मामला**

था, 'कुछ लोग खुद को हिन्दूवादी नेता कहते हैं, लेकिन कुंभ स्नान करने नहीं गए। ऐसे लोगों की कथनी और करनी में फर्क है। 65 करोड़ लोगों ने कुंभ स्नान किया, लेकिन कुछ हिन्दूवादी नेता वहीं नहीं गए।' एकनाथ शिंदे से पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और उद्धव ठाकरे पर कुंभ स्नान न करने को लेकर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि उद्धव ठाकरे अब वीर सावरकर के विरोधियों के साथ हैं।

## ठाणे में लड़की का रेप के बाद कराया गर्भपात

**ठाणे।** ठाणे जिले के उल्हासनगर शहर में 17 वर्षीय लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उसे गर्भपात कराने के लिए मजबूर करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के लिए उल्हासनगर के एक श्मशान में दफनाए गए मृत भ्रूण को कब्र से बाहर निकाला गया है। नाबालिग की गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए दवाएं मुहैया कराने वाले डाक्टर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता और 29 वर्षीय आरोपी व्यक्ति यहां उल्हासनगर टाउनशिप के एक इलाके में पड़ोसी थे। उल्हासनगर सेंट्रल पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक शंकर अवताडे ने कहा कि पिछले साल जुलाई में आरोपी ने रात के खाने के बहाने पीड़ित को अपने घर बुलाया था।

## पिता ने की मासूम की हत्या

**मुंबई।** मुंबई से सटे घाटकोपर इलाके में एक बाप ने अपने चार माह की मासूम की उस समय हत्या कर दी, जब वह पालने में झूल रही थी।

**चार माह की बेटी के जन्म से था नाखुश**

पत्नी की शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने आरोपी को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। बताया जा रहा है कि यह शख्स बेटी नहीं चाहता था इसलिए उसने यह कृत्य किया। जन्म से ही वह अपनी बच्ची से नफरत करता था।

घटना घाटकोपर के कामराज नगर में हुई है। पंतनगर पुलिस ने हत्या के आरोपी संजय बाबू कोकरे को गिरफ्तार कर लिया। जिसकी उम्र 40 वर्ष है। शनिवार को जब मृतक बच्ची की मां काम के लिए घर से बाहर गई थी, तो इस क्रूर पिता ने बच्ची की पालने की रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी के तीन बच्चे थे।

# मीरा भायंदर को इको फ्रेंडली गणपति के लिए जाना जाए : गहलोत

राकेश विश्वकर्मा/ जागरूक टाइम्स

**भायंदर।** मीरा भायंदर शहर इको फ्रेंडली गणपति के लिए पूरे राज्य में जाना जाए। इसके लिए सभी को इको फ्रेंडली गणपति अपने घर और पंडाल में लाना चाहिए यह कहना है भाजपा नेता पूर्व उपमहापौर हसमुख गहलोत का । हसमुख गहलोत पिछले वर्ष से ही इको फ्रेंडली गणपति लाने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे है।

गहलोत ने बताया कि पिछले वर्ष 2500 इको फ्रेंडली गणपति लोगों के घरों में पधारे थे जिसका सभी ने स्वागत किया। इस वर्ष मीरा भायंदर में इको फ्रेंडली गणपति की संख्या में भारी इजाफा होगा। गहलोत ने कहा कि इको फ्रेंडली गणपति से पर्यावरण की रक्षा तो होती ही है, साथ ही आस्था बनी रहती है।






बता दें कि प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां विसर्जन के बाद गलती नहीं है जिसके चलते उन मूर्तियों की दुर्दशा होती है जो कि आस्था के अनुरूप नहीं है।

### नरेंद्र मेहता ने की गहलोत की सराहना

■ भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता ने हसमुख गहलोत के प्रयास की सराहना की और कहा कि इको फ्रेंडली गणपति पर्यावरण को बचाने के लिए जरूरी है सभी भक्त इको फ्रेंडली गणपति लाए और पर्यावरण की रक्षा करें। भाजपा के पूर्व नगरसेवक दिनेश जैन ने कहा कि इको फ्रेंडली गणपति के प्रति गहलोत का जनजागरण अभियान सफल रहा है लोगों में मूर्ति को लेकर जागरूकता है । भाजपा नेता संतोष दीक्षित ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हमारा कर्तव्य है साथ ही मूर्तियों का अनादर ना हो यह भी हमारी ही जिम्मेदारी है।

## नासिक में विधायक के कैफे पर छापा

**नासिक।** नासिक में एक कैफे में गलत काम हो रहे थे, जिसकी कई दिनों से शहर में चर्चा थी, लेकिन पुलिस ने इसे नजरअंदाज किया। इसके बाद जब कैफे की जानकारी बीजेपी विधायक देवयानी फरांडे को हुई तो वह कैफे पर छापा मारने पहुंचीं। उनके पीछे-पीछे पुलिस भी पहुंची। वहां कई लड़के-लड़कियां आपत्तिजनक हालत में मिले, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

**■ कई लड़के-लड़कियां हिरासत में**

देवयानी फरांडे को कैफे पहुंचने पर पता चला कि वहां युवा लड़के-लड़कियों को 100 से 200 रुपए में कमरे दिए जा रहे हैं। पुलिस ने एक कैफे में अश्लील हरकतें करने के आरोप में कई लड़के-लड़कियों को हिरासत में लिया। ज्यादातर कैफे में हर घंटे के हिसाब से चार्ज लेकर लड़के-लड़कियों को कमरे दिए जा रहे हैं।

# सात साल बाद मिली मां-बेटी

## एनजीओ ने निभाई अहम भूमिका

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के पाली में कस्तूरी पाटिल नाम की एक महिला दर-बदर भटक रही थी। वह अपनी याददाश्त बदल भूल गई थी। वह भीख मांगकर और कूड़े से उठाकर खाना खा रही थी। महिला की दयनीय स्थिति को देखते हुए कुछ स्थानीय लोगों ने सोशल एंड इवेंजेलिकल एसोसिएशन फॉर लव (एसईएएल) को महिला की जानकारी दी गई। सील एक सामाजिक संगठन है, जो बेघर लोगों की मदद करता है।



### घर छोड़ने का कारण

सात साल पहले लापता हुई मां के मिलने की उम्मीद बेटी ने खो दी थी। बेटी ने बताया कि पति ने दूसरी शादी कर ली थी। जिससे उन पर दुखों का पहाड़ टूट गया था। मां अपनी बहन के यहां रहने लगी थी, लेकिन बाद में वह वहां से बिना बताए चली गई थी।

### 'बदामी' शब्द से बदली जिंदगी

संगठन के लोग महिला को अपने साथ ले गया था, जहां दिन-प्रतिदन उसकी हालत सुधर रही थी। इसी बीच एक दिन महिला ने 'बदामी' शब्द कहा। इस शब्द को सुनते ही एसईएएल के सदस्य ने शब्द पर ध्यान दिया। उनको पता था कि बादामी कर्नाटक के बागलकोट जिले का एक शहर है। बदामी शब्द सुनते ही उन्होंने तुरंत बदामी पुलिस से संपर्क साधा और उनको महिला की तस्वीर भेजी। साथ ही लापता होने की जानकारी दी।

### वापस आई याददाश्त

बादामी पुलिस ने फोटो मिलते ही महिला के परिवार की तलाश शुरू कर दी। पुलिस को पता चला कि सात साल पहले कस्तूरी की बेटी देवम्मा भिंगारी ने अपनी मां के गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने यह जानकारी सील संस्था के सदस्यों को दी। मां के मिलने के जानकारी होते ही बेटी देवम्मा बहुत खुश हो गई। इसके बाद तुरंत मां से मिलने के लिए निकल गई। बेटी के लिए यह पल किसी चमत्कार से कम नहीं था। बेटी को देखते ही महिला की याददश्त वापस आ गई।

## सैकड़ों दिव्यांगों ने देखी 'छावा'



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** बोरीवली स्थित सिनेमा हॉल जय भवानी जय शिवाजी, भारत माता की जय के नारों से रविवार को गूंज उठा जब सैकड़ों दिव्यांगों ने संभाजी महाराज की जीवनी पर बनी फ़िल्म छावा देखी। फिल्म का आयोजन समाजसेवी राजीव सिंगल व मोनिश बच्चू की टीम ने स्नेह ज्योत दिव्यांग प्रतिष्ठान की सुधा वाघ, बृजमोहन लाड़ीवाल, नीता चौहान, अनिल वाघ व अन्य के साथ मिलकर किया। इस अवसर स्थानीय पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर प्रदीप काले, विजय अढ़ाव ने उपस्थित रह कर दिव्यांगों का हौसला बढ़ाया। खचाखच भरे हॉल में बीच-बीच में काफ़ी दर्शक भावुक हो गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय सिंघानिया, निलेश वैश्य ने भी विशेष योगदान दिया।

## मुंबई एयरपोर्ट पर दस करोड़ की कोकीन बरामद

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर ब्राजील की एक महिला 10 करोड़ की कोकीन तस्करी कर मुंबई ला रही थी, लेकिन राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने उस महिला को गिरफ्तार किया है। महिला ब्राजील की निवासी है, जो भारत में कोकीन की तस्करी करने की कोशिश कर रही थी। चेकिंग के दौरान महिला ने खुद भी स्वीकार किया कि उसने कोकीन से भरे कैप्सूल्स निगले थे। इसके बाद उसे तुरंत एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने सौ कैप्सूल्स बाहर निकाले। इनमें कुल 1,096 ग्राम कोकीन थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कीमत लगभग 10 करोड़ आंकी गई है। इस मामले में जांच जारी है। ताकि इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके।

# संत बालकदास एक महान और तपस्वी थे : लूंबाराम चौधरी




- **बोरीवली में सांसद चौधरी का अंबेधाम मंदिर में स्वागत**
- **बालकदास महाराज का 15 फरवरी को हो गया था साकेतवास**

सुरेश पाड़ीव /जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** परम पूज्य ब्रह्मलीन दयालु संत श्री श्री 1008 श्री बालकदास जी महाराज का साकेतवास 15 फरवरी को हो गया था। समस्त राजपुरोहित समाज मुंबई के द्वारा उनको पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए श्रद्धांजलि सभा दो मार्च को श्री अंबाजी धाम, बोरीवली मुंबई में रखी गई। समस्त राजपुरोहित समाज के बंधुओं,धर्म प्रेमी एवं भक्तगणों ने गुरुदेव को पुष्पांजलि अर्पित कर गुरुदेव का पावन स्मरण किया। जालोर सिरोही लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद लूंबाराम चौधरी ने कहा कि संत बालकदास एक महान और तपस्वी संत थे व उनको कई कार्यों का पूर्वाभास हो जाता था और उनके दर्शन करने का हमें लाभ मिला। महाराष्ट्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री राज के. पुरोहित ने कहा कि गुरुदेव बालकदास समाज के सभी बंधुओं से सरलता से मिलते थे। पुणे स्थित खेतारामजी का मंदिर इसका जीवंत उदाहरण हैं। अंबाजी धाम के महंत बाबूजी महाराज ने सभी समाज बंधुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप उनके बताए मार्गदर्शन पर चलकर जीवदया व मानवसेवा करें जिससे आपका जीवन का कल्याण होगा। समाजसेवी अजयराज पुरोहित ने कहा कि बालकदास महाराज के



अधूरे कार्यों को पुरा कर ही उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कि जा सकेंगी। डा. महेश पुरोहित ने कहा कि बावजी दयालु संत थे, मुंबई में चातुर्मास बहुत ही शांति पुर्वक हुआ वो बावजी कि कृपा थी। श्रद्धांजलि सभा मे डा. महेश पुरोहित,पूर्व नगरसेवक आकाश पुरोहित, समाजसेवी अजयराज पुरोहित, राजुभाई सामरानी,नटवरलाल पुरोहित, प्रमोद पुरोहित, पुखराज पुरोहित, मिठालाल पुरोहित, दलाराम चौधरी, विजयराज पुरोहित, हितेश पुरोहित, सुरेश नारादरा,जसवंत सिंह राठौड़,अनराज नोरवा, रवि वाली, कैलाश सिलदर, विजय सिंह, कुंभाराम पुरोहित सहित सभी समाज बंधुओं ने मनपूर्वक गुरू महाराज को याद किया।

## धनंजय मुंडे दे सकते इस्तीफा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे को लेकर उनकी पत्नी करुणा शर्मा ने दावा किया है। धनंजय मुंडे से अलग रह रहीं उनकी पहली पत्नी करुणा शर्मा-मुंडे ने दावा किया कि वरिष्ठ नेताओं ने धनंजय मुंडे का इस्तीफा मांगा है और राज्य विधानमंडल के बजट सत्र से पहले इसकी घोषणा की जाएगी। राज्य विधानमंडल का 13 दिवसीय बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा। पिछले साल दिसंबर में मस्साजोग के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में अपने सहयोगी वाल्मिक कराड की गिरफ्तारी के बाद से मुंडे विपक्ष के निशाने पर हैं। 'मेरे सूत्रों के अनुसार, मुंडे से दो दिन पहले इस्तीफा मांगा गया था और उन्हें अपने पद से हटना होगा। सत्र से पहले इसका एलान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुंडे ने पहले कहा था कि कराड उनके करीबी सहयोगी हैं और अगर कराड दोषी पाए जाते हैं तो वे इस्तीफा दे देंगे। संतोष देशमुख हत्याकांड में दाखिल आरोपपत्र में सामने आई रिपोर्ट के अनुसार, कराड ने कथित तौर पर अन्य आरोपियों से कहा था कि वे पवन ऊर्जा कंपनी से पैसे ऐंठने के उनके प्रयास में जो भी बाधा आए, उसे खत्म कर दें। शर्मा ने कहा, 'अब कुछ नहीं बचा है (क्योंकि कराड का नाम आरोपपत्र में है)।

# 'सुधियाँ तुम्हारी पास हैं' लोकार्पित



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मीरा रोड।** कवयित्री डॉ. रोशनी किरण की चौथी साहित्यिक कृति 'सुधियाँ तुम्हारी पास हैं' का लोकार्पण विरुंगला केंद्र में संपन्न हुआ। विश्व हिंदी शोध, संवर्धन अकादमी एवं स्वर संगम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित लोकार्पण एवं परिचर्चा का कार्यक्रम, अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और रोशनी की सरस्वती वंदना से आरंभ हुआ। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुधाकर मिश्र ने किया। पुस्तक की सराहना करते हुए उन्होंने डॉ. रोशनी किरण को हिंदी की विविध रंगी कवयित्री बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के पूर्व राज्य मंत्री अमरजीत मिश्र ने इस कृति के लिए रोशनी को बधाई दी और कहा कि इनकी ये विशेषता है कि ये आम बातचीत भी कविताओं में करती हैं। विशेष अतिथि महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष डॉ. शीतला प्रसाद दुबे ने नवासी गीतों से सजी इस पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि नवांकुर कवियों को इससे प्रेरणा लेते हुए छांदस कविताओं की ओर ही बढ़ना चाहिए क्योंकि छंदबद्ध कविता लोगों की जुबान पर जल्दी बैठ जाती है। विशेष अतिथि डॉ. दयानंद तिवारी ने बधाई देते हुए कहा कि इस पुस्तक में समाज, दर्शन, अध्यात्म, प्रेम सारे ही रंग हैं, जिससे हम अपने बेरंग जीवन में कुछ रंग अवश्य भर सकते हैं। विशेष अतिथि डॉ. जितेंद्र पांडेय ने भी पुस्तक चर्चा में अपनी बात रखते हुए बताया कि इसमें नारी के हर रूप, संयोग-वियोग, श्रृंगार, अध्यात्म की झलक दिखाई देती है। देवमणि पांडेय ने अपने वक्तव्य में बधाई देते हुए कहा कि कथ्य, भाषा और अभिव्यक्ति तीनों ही दृष्टि से गीत अत्यंत सफल और सुंदर हैं। इस अवसर पर प्रमोद कुश तन्हा ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं। उद्योगपति दीनदयाल मुरारका ने कवयित्री को बधाई देते हुए उनके हौसलों की सराहना की। गीत प्रस्तुति से पहले कवयित्री ने अपनी गीत संग्रह के संदर्भ में बताते हुए कहा कि इसमें भक्ति गीत, प्रेम गीत, लोकगीत, साहित्यिक गीत हर रंग हैं ताकि सभी रंग के श्रोताओं को उनकी, अपनी पसंद मिल सके। इस अवसर पर शिवपूजन पांडेय, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, डॉ. दिनकर दुबे, मारकंडे त्रिपाठी, कवि निडर जौनपुरी, प्रेम जौनपुरी, अरुण दुबे, सायरा जीनत एहसान कुरेशी, अर्चना उर्वशी, आभा दवे, किरण मिश्रा, अंबिका झा आदि गणमान्य उपस्थित रहे। वरिष्ठ साहित्यकार हृदयेश मयंक के मार्गदर्शन में संचालन सिद्धार्थ द्विवेदी ने तथा संयोजक डॉ. हरिप्रसाद राय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## पालघर : मंदिर से गहने और मूर्ति चोरी

**पालघर।** पालघर जिले में अज्ञात लोगों ने मंदिर में घुसकर 2.35 लाख रुपए का कीमती सामान चुरा लिया।

**■ दान पात्र तोड़कर लाखों की नगदी भी साफ**

पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि चोरी की यह घटना गुरुवार देर रात चिंचनी इलाके के पिंपल नाला में हुई। वनगांव थाने के अधिकारी ने बताया कि अज्ञात बदमाशों ने समुद्री माता मंदिर में घुसकर एक मूर्ति, आभूषण और दान पेटियों से नकदी समेत 2.35 लाख रुपए का कीमती सामान चुरा लिया। अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305(ए) (आवासीय घर, परिवहन के साधन या पूजा स्थल में चोरी) और 331(4) (सूर्यास्त के बाद और सूर्योदय से पहले घर में घुसना या सेंध लगाना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच चल रही है।

# पत्नी ने बेटे संग मिलकर की पति की हत्या

## पति-पत्नी में आए दिन होता था झगड़ा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई के उल्वे में एक महिला ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी। महिला का अपने पति के साथ अक्सर झगड़ा होता था। रोज-रोज के झगड़े और बहस से परेशान होकर उसने अपने पति से तलाक मांगा, लेकिन पति ने महिला को तलाक देने से मना कर दिया। जब पति ने तलाक देने से इनकार कर दिया तो महिला ने अपने ही पति को मौत के घाट उतार डाला। आरोपी महिला ने अपने नाबालिग बेटे और अन्य दो लोगों के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की साजिश रची। महिला ने अपने बेटे की मदद से करेले के जूस में नींद की गोलियां मिलाकर पति को दे दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पत्नी के साथ दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा हत्या की साजिश में शामिल नाबालिग बेटे को किशोर न्यायालय में पेश किया गया। मृतक का नाम सचिन मोरे था। जब पुलिस ने महिला से सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपने पति की हत्या की बात कबूल कर ली।



### पोस्टमार्टम में सामने आया हत्या का मामला

मामले का खुलासा तब हुआ जब एक व्यक्ति का शव मिला। शिनाख्त करने पर पता चला कि उसका नाम सचिन मोरे था। जांच आगे बढ़ी। मृतक की पत्नी रेशमा मोरे ने हत्या करने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जब उल्वे पुलिस ने उन्हें शव की तस्वीर दिखाई तो रेशमा ने बताया कि यह उसके पति का शव है। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो तोड़-मरोड़कर जवाब देने लगी। उसके व्यवहार से पुलिस को उस पर शक हुआ। इसके बाद पुलिस ने उस बिल्डिंग के सीसीटीवी फुटेज और सीडीआर रिकॉर्ड भी निकाले, जहां रेशमा रहती थी। पोस्टमार्टम में सामने आया कि सचिन की हत्या की गई थी।

## शनि शिंगणापुर में चढ़ाया जा रहा ब्रांडेड तेल

**अहमदनगर।** महाराष्ट्र के शनि शिंगणापुर में शनिवार से भगवान शनि की शिला पर ब्रांडेड तेल चढ़ाया जा रहा है। भगवान शनि की शिला को सुरक्षित रखने के मद्देनजर मंदिर ट्रस्ट की तरफ से ब्रांडेड तेल चढ़ाने का फैसला लिया गया है। ब्रांडेड तेल यानी वह तेल जो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त खाने योग्य तेल हो और तेल में मौजूद सभी तत्वों की जानकारी तेल की बोतल पर लिखी हो। हाल के वर्षों से श्रद्धालुओं की तादाद बढ़ने के बाद शनि शिंगणापुर में नॉन ब्रांडेड तेल का वितरण कर बढ़ गया था। नॉन ब्रांडेड तेल में मौजूद केमिकल की मात्रा की वजह से भगवान शनि की शिला को हानि पहुंचने की आशंका जताई गई थी। इसी वजह से मंदिर ट्रस्ट और ग्राम सभा ने संयुक्त रूप से यह फैसला लिया कि भगवान की शिला पर सिर्फ ब्रांडेड तेल ही चढ़ाया जाए। शनि शिंगणापुर में शनि देव की शिला पर तेल से अभिषेक करने की परंपरा लगभग 400 वर्षों से चली आ रही है।

## जल जीवन मिशन और अटल भू जल योजना को लेकर बैठक

**जैसलमेर।** जिला कलक्टर प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शु वार को जल जीवन मिशन और अटल भू जल की मासिक प्रगति बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने जल जीवन मिशन में जिले में डिविजनवार स्वीकृत कार्यों, चल रहे कार्यों एवं पूर्ण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे वर्तमान में मिशन में संचालित हो रहे कार्यों को गति प्रदान कर समय पर पूर्ण करावें ताकि लोगों को घर-घर जल कनेक्शन का लाभ मिले।

## न्यूज ब्रीफ

### नवनिर्मित राजपूत सभा भवन का लोकार्पण 9 मार्च को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** राजपूत सभा अलवर की बैठक राजपूत सभा भवन अम्बेडकर नगर अलवर में अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें नवनिर्मित राजपूत समा भवन ए-5 अम्बेडकर नगर का लोकार्पण दिनांक 9 मार्च 2025 रविवार प्रात: 10 बजे किये जाने का निर्णय लिया। राजपूत सभा के महामंत्री राजेश सिंह बहाली ने बताया की नवनिर्मित भवन लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि भँवर जितेन्द्र सिंह पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, पूर्व चेयरमैन आईआईडीएल धर्मेन्द्र राठौड होंगे। समारोह की अध्यक्षता बिजेन्द्र सिंह चौहान अध्यक्ष राजपूत सभा अलवर करेंगे। समारोह में सभी भामाशाह व जिले के प्रधान, जिला पार्षद, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, पंच सभी को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जावेगा। आज बैठक में भुपेन्द्र सिंह शेखावत, राकेश सिंह बहाली, प्रकाश सिंह बडेर, बहादुर सिंह चौहान, शिओम सिंह तंवर, दशरथ सिंह शेखावत, बजरंग सिंह राजावत, धर्मेन्द्र नरूका, मानसिंह नरुका, मनोज शेखावत, कल्याण सिंह, दीप सिंह दीपक तंवर सहित अन्य सामाजिक बन्धु शामिल रहे।

### ऊषा मित्तल बनीं अपना घर महिला इकाई की अध्यक्ष

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी उपखंड पर शहर के बसेड़ी रोड़ स्थित अपना घर महिला इकाई का निर्विरोध निर्वाचन किया गया है। जिसमें ऊषा मित्तल को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सचिव पद की जिम्मेदारी नीलम मंगल को सौंपी है। दो वर्षों तक ऊषा मित्तल और उनकी टीम संगठन की जिम्मेदारी संभालेगी। अपना घर में भर्ती मरीजों की सेवा में अपना घर सेवा समिति महिला इकाई की नवीन कार्यकारिणी का चुनाव आर्य समाज मंदिर बाड़ी में सम्पन्न हुआ। सर्वसम्मति से ऊषा मित्तल को अध्यक्ष चुना गया,सचिव नीलम मंगल, कोषाध्यक्ष लता मंगल को बनाया गया। अध्यक्ष और कार्यकारिणी के निर्वाचन की यह प्रक्रिया धौलपुर से पधारे चुनाव अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल और सीताराम अग्रवाल के साथ अपना घर आश्रम की अध्यक्ष कमलेश गर्ग के सानिध्य में सम्पन्न हुई। चुनाव के दौरान अपना घर महिला इकाई की मीडिया प्रभारी रोशनी शिवहरे को बनाया गया। इस दौरान अन्य महिलाएं और समिति सदस्य मौजूद रही।

### पुरानी रंजिश में हमला, आधा दर्जन लोगों ने घर में घुसकर की मारपीट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी कोतवाली थाना क्षेत्र में शहर के चंगवारिया पाड़ा कोली बस्ती में पुरानी रंजिश को लेकर आधा दर्जन से अधिक आरोपियों ने शनिवार की रात घर में घुसकर हमला कर दिया। लाठी-डंडों के हमले में एक युवक बुरी तरह लहूलुहान हुआ है। जिसे परिजनों द्वारा बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय पहुंचाया,जहां ड्यूटी चिकित्सकों ने घायल युवक की गंभीर हालत को देख प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय धौलपुर के लिए रेफर किया है। घटना को लेकर पीड़ित द्वारा कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस ने युवक को चिकित्सालय में उपचार कराने के साथ मामले की निष्पक्ष जांच करने की बात कही है। जानकारी के अनुसार चंगवारिया पाड़ा कोली बस्ती निवासी 28 वर्षीय घायल युवक जॉनी पुत्र रोशनलाल कोली को घायल अवस्था में शहर के चिकित्सालय पहुंचाया,जहां पीड़ित के पिता रोशन लाल ने बताया कि उनका मोहल्ले के लोगों से पुराना झगड़ा चल रहा है। जिसमें आरोपियों ने शनिवार की रात करीब 9 बजे घर में घुसकर हमला किया है। लाठी-डंडों से लेंस होकर आये आधा दर्जन से अधिक आरोपियों ने यह वारदात की है। आरोपियों ने उनके पुत्र जॉनी को घर में घुसकर बुरी तरह मारा पीटा है। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया है। जिसे वह बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय लेकर आए हैं,लेकिन बेटे की गंभीर स्थिति को देख डॉक्टरों ने उपचार देकर धौलपुर रेफर किया है। उन्होंने बताया कि घटना को लेकर पुलिस में रिपोर्ट दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पेज एक का शेष...

### जनजातीय आस्था केंद्रों को जोड़कर बनाया ...

**आदिवासी कल्याण के लिए समर्पित राज्य सरकार:-** शर्मा ने कहा कि राज्य सरकारद्वारा आदिवासी संस्कृति के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जनजाति के नायकों की पहचान स्थापित करने के लिए उदयपुर में कालीबाई भील, बांसवाड़ा में बांसिया चरपोटा और डूंगरपुर में डूंगर-बरंडा स्मारक का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनजाति के बच्चों हेतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षा के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को बेहतर किया जा रहा है। इसी दिशा में राज्य सरकार ने छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों का मैस भत्ता 2 हजार 500 से बढ़ाकर 3 हजार रुपये प्रतिमाह, खेल अकादमियों में रह रहे खिलाड़ियों का भत्ता 2 हजार 600 से बढ़ाकर 4 हजार रुपये किया है। इसी तरह आदिवासी क्षेत्रों में 7 नए आश्रम छात्रावासों और 3 नए आवासीय विद्यालयों के निर्माण करवाये जा रहे हैं। हमारी सरकार ने मां-बाड़ी केंद्रों में कार्यरत रसोइयों और शिक्षकों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि की है और 250 नए मां-बाड़ी केंद्र स्वीकृत किए हैं।

**राज्य सरकार ने वागड़ के विकास को दी प्राथमिकता:-** मुख्यमंत्री ने कहा कि डूंगरपुर सहित प्रदेश के 15 शहरों में रिंग रोड का निर्माण करवाया जाएगा, जिससे लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिलेगी और आसपास के इलाके का भी विकास होगा। इसी तरह डूंगरपुर के लोगोंकी मांग के अनुरूप जिला मुख्यालय स्थित महाविद्यालय के निर्माण के लिए स्वीकृति दी जा चुकी है तथा इसके साथ ही बालिकाओं के लिए महाविद्यालय स्तरीय बालिका छात्रावास का निर्माण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोम-कमला-अंबा बांध से मानसून के सरप्लस पानी को मोरेन नदी बेसिन सहित अन्य बांधों तक पहुंचाने के लिए उच्च स्तरीय रिचार्ज नहर का निर्माण करवाया जाएगा। साथ ही, मोरन नदी को पुनर्जीवित कर खड़गदा गांव के विकास और गौरेश्वर महादेव एवं नीलकंठ महादेव मंदिरों का स्वरूप निखारने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को नजदीक ही मंडी में उचित दाम पर उपज बेचने की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिएसीमलवाड़ा में कृषि उपज मंडी खोली जाएगी।

**युवाओं के सपनों को पूरा कर रही राज्य सरकार:-** शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा, किसान, महिला एवं गरीब के रूप में देश की चार जातियों को उल्लेख किया है। हमारी सरकार इन चार जातियों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने युवाओं के लिए एक वर्ष में एक लाख सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य रखा है और अब तक लगभग 60 हजार युवाओं को नियुक्तियां प्रदान की जा चुकी है। साथ ही, आगामी भर्तियों के लिए परीक्षा कलेण्डर भी निर्धारित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समयबद्ध एवं पारदर्शी माध्यम से भर्ती परीक्षाओं के आयोजन सुनिश्चित करते हुए युवाओं के सपनों को पूरा कर रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पहाड़ी पर स्थित भैरव जी मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

इस अवसर परपीठाधीश्वर बेणेश्वर धाम साबला हरि मंदिर महंत अच्युतानंद महाराज, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत, विधायक शंकर डेचा, श्रीचंद कृपलानी, उदय लाल डांगी, शांता मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# 106 छात्राओं को विवेकानंद कैलेंडर वितरित

## डॉ. जुल्फिकार एक लाख युवाओं को बांटेंगे कैलेंडर



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय टमकोर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झुंझुनूं एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इस्माईल खान, अध्यक्षता धंधूरी गांव के पूर्व सरपंच हाफिज खान और विशिष्ट अतिथि भीमसर निवासी डॉ. जुल्फिकार थे। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय टमकोर के प्राचार्य मोहम्मद फारुख खान और उनके स्टाफ एवं ग्रामवासियों द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण और शॉल भेंट कर स्वागत किया गया। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के कैलेंडर निशुल्क वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. जुल्फिकार ने छात्राओं को स्वामी विवेकानंद और खेतड़ी राजा अजीत सिंह के रिश्तों की जानकारी देते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद अपने जीवन काल में तीन बार खेतड़ी आए थे। उनका नाम, पोशाक, पगड़ी, शिकागो विश्वधर्म सम्मेलन सहित उनके जीवन की दर्जनों घटनाएं हैं जो खेतड़ी से जुड़ी हुई है। खेतड़ी में देश का पांचवा और राजस्थान का पहला अजीत विवेक संग्रहालय बना है। जिसमें स्वामी विवेकानंद और राजा अजीत सिंह के 109 दिन की विशिष्ट घटनाओं को दर्शाया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के 106 छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के कैलेंडर वितरित किए। डॉ. जुल्फिकार ने बताया कि पिछले कई सालो से प्रदेशभर में स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं और उनके संदेश को व्यापक बनाने के लिए प्रदेशभर में स्वामी विवेकानंद की पुस्तकें व कैलेंडर निशुल्क वितरण करने का महाअभियान चला रखा है। इस महाअभियान के तहत प्रदेश की स्कूलों, कॉलेजों, शहरों व गावों-ढाणियों में जाकर स्वामी विवेकानंद कैलेंडर और उनके विचारों के बारे में जानकारी दे रहे हैं। अब तक पिछले पांच सालों में इस अल्पसंख्यक युवा ने दिल्ली, अलवर, जयपुर, सीकर, चूरू, बीकानेर, हनुमानगढ़ सहित झुंझुनूं जिले के राजकीय-गैर राजकीय विद्यालयों, वेद विद्यालयों, मदरसों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं को देने के साथ ही झुंझुनूं जिले के आस-पास के खेतड़ी, खेतड़ी नगर, कोलिहान नगर, राजोता, सिंघाना, जसरापुर, भीमसर, नूआं, सिरियासर, आबूसर, अणगासर, चुड़ैला, कोलिंडा, चैनपुरा, धंधूरी, क्यामसर, अलसीसर, मलसीसर, जाबासर, टमकोर सहित करीब 35 गांवों में अब तक 58 हजार 936 कैलेंडर निशुल्क वितरित कर चुके हैं और आगे भी एक लाख युवाओं तक स्वामीजी के संदेश को पंहुचाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने विद्यालय की छात्राओं को इस बात से भी अवगत करवाया कि मैंने खेतड़ी में पढ़ाई के दौरान और रामकृष्ण मिशन से जुड़े होने की वजह से स्वामी विवेकानंद पर कुछ अलग करने की सोची। इसी को लक्ष्य बनाते हुए स्वामी विवेकानंद पर पीएचडी की है और देश-विदेश में 50 से अधिक रामकृष्ण मठ व मिशन संस्थाओं का भ्रमण कर विवेकानंद के बारे में जाना और अब तक स्वामी विवेकानंद पर पांच पुस्तकें सृजित हो चुकी हैं। जिनमें रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन, स्वामी विवेकानंद चिन्तन एवं रामकृष्ण मिशन खेतड़ी, राजस्थान में स्वामी विवेकानंद, बांग्लादेश (ढाका) का अध्ययन और स्वामी विवेकानंद की प्रेरक घटनाएं।

# केंद्रीय बजट को लेकर प्रबुद्धजन सम्मेलन संपन्न




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** केंद्रीय बजट पर परिचर्चा को लेकर भाजपा द्वारा प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य वक्ता जयपुर सांसद मंजू शर्मा थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री पूर्व सांसद संतोष अहलावत, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनियां, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास शर्मा, पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह, जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, योगेन्द्र मिश्रा थे। कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों में सेवानिवृत्त वरिष्ठ बैंक प्रबंधक रामगोपाल महमिया, एडवोकेट अशोक शर्मा, सीए लोकेश अग्रवाल, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सेवाराम गुप्ता, सूबेदार अमरसिंह खीचड़ ने भी अपने विचार रखे। परिचर्चा का शुभारंभ वंदे मातरम से व समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, सुनिल लांबा, राकेश शर्मा, सुशीला सिगड़ा, जिला मंत्री महेंद्र चंदवा, महावीर ढाका, सोशल मीडिया जिला संयोजक चंद्रप्रकाश शुक्ला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोज श्योराण, कार्यक्रम जिला सह संयोजक शेरसिंह निर्बाण, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जयसिंह मांठ, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शौकत अली चौहान, विमला चौधरी, अरुणा सिहाग, सावित्री सैनी, सुधा पंवार, सरोज शर्मा, फूलचंद सैनी, महेश जीनगर, संजय मोरवाल, पार्षद विजय कुमार सैनी, संजय पारीक, लीलाधर पुरोहित, नरेंद्र शर्मा, सौरभ पुरोहित, पूर्व सभापति खालिद हुसैन, रियाज फारूकी,भीखा भाई, सुरेंद्र शर्मा, जगदीश गोस्वामी, ताराचंद सैनी, रामनिवास सैनी, जेपी चौधरी, हनुमान सिंह महला सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# सांडों के हमले में बाइक सवार युवक घायल

## शादी समारोह से लौटते समय हुआ हादसा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी कोतवाली थाना क्षेत्र में शहर की कायस्थ पाड़ा पुलिया पर आपस में भिड़ रहे दो सांडो ने एक बाइक सवार को घायल कर दिया। अचानक से भिड़न्त कर रहे सांड बाइक सवार से जा टकराए। जिसमें युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। दुर्घटना में घायल बाइक सवार को लोगों के सहयोग से बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है,जहां उसका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार शहर की कृष्णा कॉलोनी संतनगर रोड़ निवासी 21 वर्षीय अंकित पुत्र ईश्वरी प्रसाद जाटव शनिवार को किसी शादी समारोह में शामिल होने धौलपुर गया था, जहां से रविवार को दिन में वापस लौट रहा था। इस दौरान जैसे ही वह शहर की कायस्थ पाड़ा पुलिया के पास पहुंचा,जहां दो सांड आपस में भिड़ते हुए सीधे अंकित से टकरा गए। जिससे अंकित बाइक सहित सड़क पर गिर गया और घायल हो गया। घटना के बाद लोगों ने जैसे-तैसे सांडो को भगाया और घायल अंकित को निजी साधन से शहर के राजकीय सामान्य चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। शहर के नागरिक दामोदर शर्मा, दीपक शर्मा, अंकित सिंह, लज्जाराम आदि का कहना है कि सांड शहर के मुख्य चौराहों के साथ सड़कों पर भी अब आवारा घूम रहे हैं, जो जब आपस में भिड़ते हैं, तो ना केवल आर्थिक नुकसान करते है,बल्कि कई बार हमले पर उतारू हो जाते हैं। जिसको लेकर नगर पालिका सहित स्थानीय प्रशासन से कई बार शिकायत की है, लेकिन प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है।

# बालाजी दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की इनोवा गाड़ी को ट्रक ने मारी टक्कर

## एक की हालत गंभीर, दो महिला सहित बच्चों को आईं चोटें



**बाड़ी।** धौलपुर जिले में बाड़ी सदर थाना क्षेत्र से गुजर रहे करौली-धौलपुर एनएच 11बीं सरमथुरा रोड़ पर बामनी नदी पुल के पास सड़क हादसा हुआ है। इनोवा गाड़ी में सवार श्रद्धालुओं की गाड़ी को अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मारी है। इनोवा गाड़ी में सवार श्रद्धालु मेहंदीपुर बालाजी से ग्वालियर लौट रहे थे। दुर्घटना में इनोवा सवार एक युवक गम्भीर रूप से घायल हुआ है। वही दो महिलाओं सहित छोटे बच्चों को चोटे आई हैं। घटना को लेकर बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय में मौजूद चोटिल महिला मीरा पत्नी सुनवानी जाटव ने बताया कि वह अपने परिवारजनों के साथ रविवार की सुबह ग्वालियर से मेहंदीपुर बालाजी दर्शन करने आई थी। वहां से वापसी में लौटते समय शाम करीब चार बजे सरमथुरा रोड़ पर बामनी नदी पुल के पास अनियंत्रित ट्रक ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी,जो सामने से आते समय कभी इस साइड तो कभी उस साइड हो रहा था। उससे बचने का इनोवा चालक ने काफी प्रयास किया,लेकिन बाद में भिड़न्त हो गई। दुर्घटना में उनके जीजा लोकेंद्र पुत्र रामहेत जाटव जो आगे बैठे हुए थे गम्भीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं उनके सहित दो महिलाओं और छोटे बच्चों को चोटे आई हैं। दुर्घटना की सूचना पर हाईवे की एंबुलेंस 1033 से उन्हें बाड़ी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। वहीं गंभीर घायल लोकेंद्र जाटव को ग्वालियर रेफर किया है। और वही हाईवे प्रशासन द्वारा क्रेन से इनोवा गाड़ी को साइड कराया गया है। घटना को लेकर बाड़ी सदर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# नवजात शिशुओं को 65 हाई-जेनिक बेबी किट का वितरण




**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वात्सल्य अंतरराष्ट्रीय स्तनपान जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वर्गीय निरंजनलाल केडिया परिवार के सौजन्य से भगवानदास खेतान अस्पताल परिसर झुंझुनूं की जनाना विंग में नवजात शिशुओं को आठ कपड़ों वाले 65 हाइजेनिक बेबी किट, संक्रमण की रोकथाम हेतु वितरण किए गए। कार्यक्रम में संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एमआईएफ श्यामसुंदर जालान, रीजन सेकेटरी एमआईएफ महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन एमआईएफ नागरमल जांगिड़, रीजन ट्रेजरार देवेंद्र कुमार गौड़, एमआईएफ प्रदीप कुमार शुक्ला, एमआईएफ ओमप्रकाश ककरानिया, रमेशचंद्र शर्मा, शिवप्रसाद महर्षि एवं काफी संख्या में अस्पताल स्टाफ वीर एवं वीराएं मौजूद रहे।

# वन मंत्री ने सरिस्का अभयारण से विस्थान के संबंध में ग्राम देवरी एवं माधोगढ़ के ग्रामवासियों के साथ की बैठक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को सरिस्का रेस्ट हाउस में देवरी एवं माधोगढ़ के ग्रामवासियों के साथ बैठक कर वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामवासियों की सहमति के आधार पर विस्थापन कार्य को गति देवे। इस दौरान थानागाजी विधायक श्कान्ती प्रसाद मौजूद रहे। मंत्री शर्मा ने देवरी एवं माधोगढ के ग्रामवासियों से विस्थापन के संबंध में विस्तृत चर्चा की जिस पर दोनों गांवों के ग्रामीणों ने स्वेच्छा से विस्थापन के संबंध में सहमति जताई। ग्रामीणों ने मंत्री शर्मा से राजगढ़ क्षेत्र के समीप जगह उपलब्ध कराने एवं आज से सर्वे कार्य कराने की मांग रखी। मंत्री शर्मा ने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि उनकी सभी न्यायोचित मांगों का उचित निराकरण राज्य सरकार स्तर से कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सहमति के आधार पर ही विस्थापन का कार्य होगा। उन्होंने वन अधिकारियों से कहा कहा कि ग्रामीणों की मांग के अनुरूप राजगढ़ क्षेत्र के आसपास भूमि चिन्हित करने के कार्य को प्राथमिता दें।

ग्रामीण जमीन की स्थिति तथा पानी की उपलब्धता आदि की स्थिति देखें।उन्होंने डीएफओ अलवर को माधोगढ़ ग्राम में वन विभाग से संबंधित कार्यों एवं समस्याओं पर जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने डीएफओ सरिस्का को निर्देश दिये कि प्रतापगढ़ के माधोपुर गांव में कुएं में भरी मिट्टी को निकाल कर उसे चालू कराएं। उन्होंने निर्देश दिये कि बजट घोषणा में भर्तृहरि धाम के विकास में वन विभाग अन्य विभागों से समन्वय रखते हुए गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि बजट में की गई घोषणा में ढाईपेढी से नटनी का बारा सडक का निमार्ण कार्य शुरू किया जा चुका है जिससे आमजन की सुविधाओं में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सरिस्का में पर्यटन की अपार संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए बजट घोषणा के तहत भर्तृहरि धाम को प्रकृति के अनुकूल विकसित कराया जावेगा तथा भर्तृहरि पुलिया का मरम्मत कार्य भी कराया जाएगा।

**राजमाता टाइगर स्टेचू का किया निरीक्षण :** मंत्री शर्मा ने सरिस्का रेस्ट हाउस में बनने वाले राजमाता टाइगर स्टेचू का निरीक्षण कर डीएफओ सरिस्का को निर्देश दिये कि राजमाता टाइगर की प्रतिमा को भव्य व शानदार बनवाए तथा सरिस्का को आबाद करने में राजमाता टाइगर के योगदान का उल्लेख करावे जिससे यहां आने वाले पर्यटक राजमाता टाइगर के बारे में जान सकें। इस दौरान वन मंत्री शर्मा ने अपने प्रतिदिन पौधारोपण के संकल्प के अनुसार सरिस्का रेस्ट हाउस में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## झुंझुनूं में सीएलसी की शुरूआत, शिक्षा के नए युग का आगाज

# झुंझुनूं में भी मिलेगा 'सीकरवाले सीएलसी' जैसा अनुभव : भदौरिया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** नीट, जेईई, एनडीए तथा सीबीएसई एवं आरबीएसई स्कूलिंग के क्षेत्र में देशभर में प्रतिष्ठित सीएलसी ने अब झुंझुनूं में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा दी है। छात्रों और अभिभावकों की जबरदस्त मांग पर उदावास झुंझुनूं में सीएलसी हाई स्कूल (सीएचएस) का शुभारंभ वैदिक हवन के साथ किया गया। सीएलसी सीओओ समर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएलसी हाई स्कूल प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक संचालित होगा। जिसमें छात्रों को सीबीएसई स्कूलिंग के साथ-साथ नीट, जेईई, एनडीए, ओलंपियाड और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाएगी। साथ ही, छात्रों को रोबोटिक्स, कोडिंग क्लासेज, स्विमिंग, इनडोर और आउटडोर स्पोर्ट्स की अत्याधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जाएगी। सीएलसी एचआर हैड वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि सीएचएस में प्री-प्राइमरी से कक्षा 5 तक कॉन्सेप्ट बेस्ड स्टडी, कक्षा 6 से 10 तक स्कूलिंग के साथ प्री-फाउंडेशन और कक्षा 11 व 12 के विज्ञान वर्ग के छात्रों के लिए स्कूलिंग के साथ नीट, जेईई व एनडीए फाउंडेशन कोर्स संचालित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि सीएचएस के छात्रों के लिए अत्याधुनिक बस सुविधा भी उपलब्ध होगी। सीएलसी द्वारा संचालित सीबीएसई स्कूल सीआईएस की प्रिंसिपल सुषमा भदौरिया ने सीएचएस झुंझुनूं के स्टाफ व अभिभावकों को सीएलसी के अपडेटेड सिस्टम और विशेषताओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि झुंझुनूं में वही पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा। जो सीएलसी के सीकर सेंटर में है। सीएलसी प्री फाउंडेशन एकेडमिक हैड निलेश पिलानिया ने प्री-फाउंडेशन कोर्स की बारीकियों को समझाते हुए अभिभावकों को इसके लाभों से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि यह कोर्स छात्रों को बेसिक से लेकर एडवांस लेवल तक प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करेगा। झुंझुनूं में सीएलसी हाई स्कूल के शुभारंभ के दौरान पूरे दिन छात्रों और अभिभावकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूचि संख्यांक 4
न्यायालय श्रीमान अपर जिला न्यायाधीश संख्या 1 आबूरोड
श्रीमती अल्पा मोदी बनाम जो कोई हो
वाद प्रार्थना पत्र धारा 8 हिन्दू अल्पवयस्क व संरक्षता अधिनियम
प्रार्थना पत्र संख्या 03/2025
उक्त प्रार्थीया ने यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 24/03/2025 को सुबह 10.30 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप में अनुदेशित किया गया हो उपसंजात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा। यह आज तारीख 01/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी है।
गोलमोहर एडीजे आबूरोड
आज्ञा से
रीडर
न्यायालय श्रीमान अपर जिला न्यायाधीश संख्या 1 आबूरोड

## सुविचार

सच्चा प्रयास कभी निष्फल नहीं होता।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## बसपा में उथल-पुथल

उत्तर प्रदेश में कभी राज करने वाली मायावती की बसपा में भारी घमासान दिखाई दे रहा है। इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया। आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ के निष्कासन के बाद उनका यह दूसरा बड़ा फैसला है। वहीं आकाश के भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को बड़ी जिम्मेदारी दी। दोनों को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है। इस मौके पर मायावती ने कहा कि अब मेरे जिंदा रहने तक कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। पार्टी और मूवमेंट के हित में रिश्ते नातों का कोई महत्व नहीं है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि अब मैंने खुद भी यह फैसला लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा। जिस फैसले का पार्टी के लोगों ने दिल से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए पार्टी व मूवमेंट पहले है। भाई-बहन व उनके बच्चे तथा अन्य रिश्ते नाते आदि सभी बाद में हैं। मायावती ने कहा कि आनंद कुमार के बारे में मैं यह भी अवगत कराना चाहती हूं कि वर्तमान में बदले हुए हालात में, पार्टी व मूवमेंट के हित में अब इन्होंने अपने बच्चों का रिश्ता भी गैर-राजनैतिक परिवार के साथ ही जोड़ने का फैसला लिया है ताकि अशोक सिद्धार्थ की तरह अब आगे कभी भी अपनी पार्टी को किसी भी प्रकार से कोई नुकसान ना हो सके। मायावती ने कहा कि अशोक सिद्धार्थ को, जो आकाश आनंद के ससुर भी है, उसे अब पार्टी व मूवमेंट के हित में पार्टी से निकाल कर बाहर किया है जिसने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में पार्टी को दो गुटों में बांटकर इसे कमजोर करने का घिनौना कार्य किया है, जो कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है। यह सब उनकी लड़के की शादी में भी देखने के लिए मिला है। जहां तक इस मामले में आकाश आनंद का सवाल है तो आपको यह मालूम है कि अशोक सिद्धार्थ की लड़की के साथ इनकी शादी हुई है। अब अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकालने के बाद उस लड़की पर अपने पिता का कितना प्रभाव पड़ता है तथा आकाश पर भी उसकी लड़की का कितना प्रभाव पड़ता है तो यह सब भी अब हमें काफी गम्भीरता से देखना होगा जो अभी तक कतई भी पॉजिटिव नहीं लग रहा है। ऐसे में पार्टी व मूवमेंट के हित में आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से अलग कर दिया गया है। जिसके लिए पार्टी नहीं बल्कि पूर्ण रूप से अशोक सिद्धार्थ ही जिम्मेदार है, जिसने पार्टी को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ आकाश आनंद के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है। उन्होंने विश्वास दिलाया है कि जब तक मैं जिंदा रहूंगी, पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पार्टी को आगे बढ़ाने का हर सम्भव पूरा-पूरा प्रयास करती रहूंगी।

## शेयर बाजार में हाहाकार

# धैर्य बनाए रखना जरूरी



लोकमित्र गौतम

**ज**ब किसी हफ्ते में शेयर बाजार की शुरुआत ब्लैक मंडे और अंत ब्लैक फ्राइडे से हो तो बाजार हाहाकार का अंदाजा लगाया जा सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे चमकते हुए पिछले तीन दशकों में शेयर बाजार के लिए यह सबसे डरावना समय है। पिछले 29 सालों में शेयर बाजार में पूंजी के नजरिये से इतनी बड़ी गिरावट पहले कभी नहीं देखी गई। इस साल की शुरुआत से यानी 1 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक अकेले नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 इंडेक्स करीब 15 फीसदी तक नीचे गिर गया है। सितंबर 2024 से 28 फरवरी 2025 तक निवेशकों की लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर संपत्ति या रुपए में समझें तो 85 लाख करोड़ रुपए डूब गये हैं।

इमेज

अकेले फरवरी 2025 में ही संसेक्स 4000 अंकों से भी नीचे गिर चुका है, अकेले फरवरी के 28 दिनों में ही बाजार 5 फीसदी से ज्यादा गिरा है, इस अवधि में बीएसई (बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 40 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा घट गया है। अकेले 28 फरवरी 2025 को ही संसेक्स 1414 अंकों की डुबकी लगाकर 73,198 में और निफ्टी 420 अंक गिरकर 22125 अंकों में बंद हुआ। इस एक अकेले दिन की गिरावट से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 9.61 लाख करोड़ रुपए घटकर 383.49 लाख करोड़ रुपए रह गया। 30 सितंबर 2024 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 474 लाख करोड़ रुपए था जबकि 28 फरवरी को यह घटकर 383.49 लाख करोड़ रुपए रह गया यानी 5 महीनों में निवेशकों की पूंजी 90 लाख करोड़ रुपए तक घट गई।

इस गिरावट का बाजार में इतना व्यापक असर पड़ा है कि हर तरफ निराशा का गहन कुहासा छा गया है। ऐसा होना स्वाभाविक भी है, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था पिछले 3 दशकों से लगातार जिस मजबूती से आगे बढ़ रही थी, उसे पहली बार इतना जबर्दस्त धक्का लगा है, निवेशकों का मनोविज्ञान बहुत गहरे तक हिल गया है। हालांकि बाजार में निवेशकों की उम्र का कोई सटीक आंकड़ा तो उपलब्ध नहीं है, लेकिन हम सब जानते हैं कि पिछले तीन दशकों में भारतीय अर्थव्यवस्था जिस युवा आवेग से आगे बढ़ी थी, उसमें सबसे ज्यादा भागीदारी युवाओं की ही रही है। सिर्फ अर्थव्यवस्था ही नहीं बल्कि मौजूदा भारतीय समाज भी एक युवा समाज के तौरपर ही जाना जाता है। इसलिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि पिछले पांच महीनों में यानी सितंबर 2024 से 28 फरवरी 2025 तक लगातार शेयर बाजार में जो रह-रहकर गिरावट के भूचाल आए हैं, उनसे सबसे ज्यादा प्रभावित भारत के युवा निवेशक ही हुए हैं। दुनिया की आर्थिक मामलों में सबसे सटीक रिपोर्टिंग करने वाली न्यूज एजेंसी 'रायटर' ने लिखा है कि भारत के शेयर बाजार में ऐसी भारी गिरावट



पिछले 29 सालों में कभी नहीं देखी गई। जब महज कुछ महीनों के भीतर निवेशकों के 85 से 90 लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो गये हों। हैरानी की बात यह है कि जितनी भारी गिरावट भारत के शेयर बाजार में देखी गई है, वैसी गिरावट ठीक इसी समय दुनिया में कहीं और नहीं देखी गई।

पिछले पांच महीनों में अगर दुनिया के शेयर बाजार को देखें तो अमेरिकी का डाओ जोंस इंडेक्स 30 सितंबर 2024 को 42,330 के स्तर पर था और 27 फरवरी 2025 को 43,240 के स्तर पर बंद हुआ यानी इन करीब 5 महीनों में यह गिरा नहीं बल्कि 910 अंक (2.14%) चढ़ा है। इसी तरह चीन का बाजार शंघाई कंपोजिट 30 सितंबर 2024 को 3336 के स्तर पर था और 27 फरवरी 2025 को यह 3388 के स्तर पर बंद हुआ। मतलब यह कि पिछले 5 महीनों में ये 52 अंक (1.55%) चढ़ा है। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 30 सितंबर 2024 को 21,133 अंकों पर था और 27 फरवरी 2025 को यह 23718 के स्तर पर बंद हुआ। मतलब यह कि यह 2585 पॉइंट (12.23%) चढ़ा है। जर्मनी का स्टॉक मार्केट डीएएक्स 30 सितंबर 2024 को 19324 के स्तर पर था और 27 फरवरी 2025 को यह 22378 के स्तर पर बंद हुआ। कहने का मतलब पिछले 5 महीनों में यह 3024 अंक (15.8%) चढ़ा है। वहीं लंदन स्टॉक एक्सचेंज का एफटीएसई [फाइनेंशियल टाईम्स स्टॉक एक्सचेंज]-100 इंडेक्स जहां 30 सितंबर 2024 को 8,236 के स्तर पर था,वह 27 फरवरी 2025 को बढ़कर 8,756 के स्तर पर बंद हुआ यानी पिछले पांच महीनों में यह 520 पॉइंट (6.31%) चढ़ा है। जबकि ठीक इसी समय भारतीय शेयर बाजार ने इतिहास का सबसे बुरा परफोर्म किया है।

अब के पहले इतना बुरा परफोर्म भारतीय बाजार ने 1995 में ही किया था,जब निफ्टी ने सितंबर 1995 से अप्रैल 1996 तक लगातार आठ महीने महीनों तक करीब 31 फीसदी गिरा था।

अगर भारत के शेयर बाजार की तात्कालिक गिरावट की कोई सबसे बड़ी वजह है तो वह डोनल्ड ट्रंप की अनिश्चित और अचंभे से भरी टैरिफ धमकियां हैं। राष्ट्रपति ट्रंप पिछले एक महीने के अपने कार्यकाल में तीन बार करीब करीब धमकी देने के स्तर पर यह दोहरा चुके हैं कि टैरिफ के मामले में अमेरिका जैसे को तैसा रवैय्या अपनाएगा। मतलब भारत जितना टैरिफ अमेरिकी आयात पर लगाएगा, उतना ही टैक्स अमेरिका भारतीय आयात पर लगाएगा। इस धमकी के कारण भारत के शेयर बाजार रह रहकर धड़ाम धड़ाम गिर रहे हैं। लेकिन दुनिया के शेयर बाजारों का इतिहास गवाह है कि कोई भी बाजार कितनी बार ही पताल यात्रा न कर लें, लेकिन अंत में उसे ऊपर उठना ही होता है, यही शेयर बाजार का स्थाई चरित्र है। इसलिए युवा निवेशकों को धैर्य नहीं खोना चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं है कि पिछले दो दशकों से भारत के युवा निवेशक ही शेयर बाजार के कर्ताधर्ता रहे हैं, वही इसकी अगुवाई करते रहे हैं, इसलिए कहर भी उन्हीं के कंधों पर सबसे ज्यादा टूटा है। लेकिन ये भयानक, डरावने और काले दिन भी गुजर जाएंगे, जैसे अतीत में कई बार ऐसे स्याह दिन आते जाते रहे हैं। इसलिए भारत के युवा निवेशकों को अपनी भावनाएं नियंत्रण में रखना होगा। वो इस गिरावट से घबराकर इतने ज्यादा निराश न हों कि उन्हें लगने लगे कि सब कुछ खत्म हो गया। बाजार का अपना एक चक्र होता है और इस चक्र का गणितीय नियम यह भी है कि जो बाजार जितने नीचे धंसेगा, उतने ही ऊपर उछलेगा। इसलिए हिम्मत रखें। वैसे भी शेयर बाजार में निवेश करने के पहले का सबसे जरूरी पाठ यही होता है कि यहां घबराकर और जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। क्योंकि हर गिरावट के बाद अनिवार्य रूप से उछाल आता ही है। भले अनुमान के कुछ पहले आ जाए या कुछ ज्यादा ही डराए।

## पंचांग

सोमवार, 3 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| • विक्रम संवत् | - 2081 |
| • शक संवत् | - 1946 |
| • ऋतु | - वसंत |
| • माह | - फाल्गुन |
| • पक्ष | - शुक्ल |
| • तिथि | - चतुर्थी 18.04 तक |
| • वार | - सोमवार |
| • नक्षत्र | - अश्विनी 28.30 तक |
| • योग | - शुक्ल 08.58 तक |
| • करण | - वणिज 07.32 तक |
| • सूर्योदय | - 06.58 (मुंबई) |
| • सूर्यास्त | - 06.43 (मुंबई) |
| • सूर्योदय | - 07.02 (भीनमाल) |
| • सूर्यास्त | - 06.43 (भीनमाल) |
| • चंद्र राशि | - मेष |
| • अभिजित् मुहूर्त | - 12.27 से 13.14 |
| • राहु काल | - 08.25 से 09.53 |
| • व्रत, त्यौहार | - विनायक चतुर्थी, भद्रा 07.32 से 18.04, ज्वालामुखीयोग व रवियोग 28.30 प्रारंभ |
| • दिशा शूल | - पूर्व |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## श्रीकृष्ण ने कहा, पाप के द्वार मनुष्य के विनाश का कारण

श्रीमद्भागवत गीता में भगवान कृष्ण द्वार दिए गए उपदेशों का वर्णन है, जो कि उन्होंने अर्जुन को महाभारत के युद्ध के दौरान दिए थे। लेकिन गीता में दिए उपदेश जितने प्रासंगिक उस समय थे उतने ही आज के समय में भी हैं, जिनका अनुसरण करने वाले व्यक्ति को जीवन में कभी कठिनाईयां नहीं आती और कठिन से कठिन मार्ग भी सहजता से पूर्ण हो जाता है। इसके साथ ही उसे जीवन में हमेशा एक उचित मार्गदर्शन ही मिलता है।

गीता में व्यक्ति को जीवन की सभी दुविधाओं और समस्याओं का हल मिल जाता है। वहीं कुछ ऐसे आचरण व आदतें भी हैं जो कि मानव जीवन में होना लाजमी है, लेकिन कुछ आदतें हमें गलत मार्ग पर ले जाती हैं और हमारा पतन होने लगता है। ऐसी ही कुछ तीन आदतों के बारे में गीता के 16वें अध्याय के श्लोक 21 में मिलता है जिसमें श्रीकृष्ण ने पाप के तीन प्रमुख द्वारों के बारे में बताया है। इस श्लोक के माध्यम से उन्होंने मनुष्य को पतन की ओर ले जाने वाली तीन मुख्य आदतें बताई हैं। वो द्वार, जो कि व्यक्ति के पतन का कारण बनते हैं।

श्लोक-

त्रिविधं नकरस्येदं द्वारं नाशनमात्मनः।

कामः क्रोधस्तथा लोभस्तस्मादेतत्त्रयं त्यजेत्।।

इस श्लोक के अर्थ के अनुसार तीन चीजें काम (वासना), क्रोध और लोभ व्यक्ति को नरक के द्वार तक ले जाती हैं. कैसे आइए जानते हैं-

**काम (वासना)-** व्यक्ति के मन में काम (वासना) का प्रभाव होने पर उसकी आसक्तियां और वासनाएं बढ़ने लगती है जो कि उसके ज्ञान को ढक देती हैं। और इसी के कारण व्यक्ति पाप आचरण करने को मजबूर हो जाता है।

**क्रोध (गुस्सा)-** क्रोध से मनुष्य के मन में भ्रम पैदा करता है, जो कि सबसे पहसे बुद्धि को नष्ट करता है। क्रोध के समय व्यक्ति का विवेक काम नहीं करता और वो हिंसा, अपशब्द और बुरे कर्मों की तरफ बढ़ने लगता है। यही मनुष्य के विनाश का कारण बनता है। इसलिए क्रोध करने के बजाय शांत मन रखना चाहिए।

**लोभ (लालच)-** श्रीकृष्ण कहते हैं कि जितना आपके पास है उसी में संतुष्ट रहें, क्योंकि व्यक्ति का लालच कभी समाप्त नहीं होता और फिर वह और पाने की लालसा में अधर्म का मार्ग चुन लेता है। व्यक्ति झूठ, छल-कपट, चोरी और अन्य अधार्मिक कर्म करने लगता है। फिर यही कारण उसके पतन का बनता है और उसे विनाश की तरफ ले जाता है।

## तारीख विशेष

### जमशेदजी टाटा

जमशेदजी नुसरवानजी टाटा एक भारतीय उद्योगपति और परोपकारी व्यक्ति थे, जिन्होंने भारत की सबसे बड़ी समूह कंपनी टाटा समूह की स्थापना की थी। उन्होंने जमशेदपुर शहर की स्थापना की। नवसारी में एक पारसी परिवार में जन्मे, उनका परिवार फारस (ईरान) से आया था, और भारत में शरण ली। पुजारियों के परिवार से होने के बावजूद, टाटा ने परंपरा को तोड़ते हुए अपने परिवार में पहले व्यवसायी बनने के लिए मुंबई में एक निर्यात व्यापार फर्म की स्थापना की। उन्होंने मुंबई में एलफिंस्टन कॉलेज से 'ग्रीन स्कॉलर' के रूप में स्नातक किया। अपने पिता की निर्यात-व्यापारिक फर्म में काम करने और चीन की व्यापारिक यात्रा के दौरान कपास उद्योग में अवसरों को पहचानने के बाद, टाटा ने 1868 में एक व्यापारिक कंपनी की स्थापना की। बाद में उन्होंने कपड़ा उद्योग में कदम रखा और नागपुर में एम्प्रेस मिल की स्थापना की, इसके बाद उन्होंने मुंबई में एक दिवालिया तेल मिल खरीद कर उसे कपास मिल में बदल दिया। जमशेदजी टाटा का जन्म 3 मार्च 1839 को दक्षिणी गुजरात के एक शहर नवसारी में नुसरवानजी और जीवनबाई टाटा के घर हुआ था। टाटा की अभिनव रणनीतियों और भारत में औद्योगिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता ने उन्हें प्रमुख संस्थानों और कंपनियों की स्थापना करने के लिए प्रेरित किया, जिसमें मुंबई में ताज महल होटल भी शामिल है, जो भारत का पहला बिजली वाला होटल था, और उन्होंने भारतीय विज्ञान संस्थान, टाटा स्टील और टाटा पावर की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उद्योग की दुनिया में उनका इतना प्रभावशाली प्रभाव था कि जवाहरलाल नेहरू ने टाटा को वन-मैन प्लानिंग कमीशन के रूप में संदर्भित किया था। टाटा एक परोपकारी व्यक्ति थे, खासकर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में। उनके दान और नींव ने आधुनिक भारतीय उद्योग और परोपकार के लिए आधार तैयार किया। टाटा की विरासत में उनके सम्मान में नामित जमशेदपुर शहर और भारत के औद्योगिक और सामाजिक परिदृश्य पर एक स्थायी प्रभाव शामिल है। उन्होंने हीराबाई डब्बू से शादी की और उनके बेटों, दोराबजी टाटा और रतनजी टाटा ने टाटा समूह के भीतर उनकी विरासत को आगे बढ़ाया।

## महिलाओं की मुट्ठी में कैद

# विकसित भारत का सपना

अपराजिता

**अगर 2047 तक भारत को विकसित देश बनना है, तो यह महिलाओं पर अधिक से अधिक निवेश किये बिना संभव नहीं होगा। भारत को अगले 23 सालों में विकसित राष्ट्र, महिलाओं पर ज्यादा से ज्यादा किया गया निवेश ही बना सकता है। यह कोई भावुक कल्पना या महिलावादी प्रोपेगेंडा नहीं है, इसके पीछे बकायदा ठोस अध्ययन और आधार हैं। कई साल पहले मैकिंसे ग्लोबल इंस्टीट्यूट ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि अगर भारत श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के बराबर कर दे तो साल 2025 तक भारत के कुल जीडीपी में 770 बिलियन डॉलर यानी लगभग 62 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि हो सकती है। हालांकि 2025 आ गया और हिंदुस्तान में आज भी श्रमशक्ति में महिलाओं की भागीदारी महज 25 से 30 फीसदी के बीच ही सीमित है। लेकिन यह दावा अभी भी बरकरार है कि अगर भारत महिलाओं की श्रम शक्ति को पुरुषों के बराबर न करे उनके आधी ही कर दे तो भारतीय अर्थव्यवस्था में जबर्दस्त उछाल आएगा।**

इमेज

**अ**पनी महत्वाकांक्षा के मुताबिक यदि हमें 2047 तक विकसित भारत बनना है, तो उस समय भारत का कुल जीडीपी 23 से 55 ट्रिलियन डॉलर के बीच में होना होगा। वर्तमान में भारत की अर्थव्यवस्था करीब 4.5 ट्रिलियन डॉलर की है, इसका मतलब यह है कि अगले 23 सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था में कम से कम 14 ट्रिलियन डॉलर से लेकर 50 ट्रिलियन डॉलर तक इजाफा हो सकता है। अनुमानों की यह भिन्नता इस बात पर निर्भर करती है कि हम अगले 23 सालों तक अपनी महिला कार्यशक्ति का किस तरह उपयोग करते हैं यानी महिलाओं को हम कार्यबल में कितनी उदारता से भागीदारी देते हैं? एक गैर लाभकारी संगठन 'द नज इंस्टीट्यूट' (बंगलुरु स्थित गरीबी उन्मूलन के लिए काम करने वाला) ने लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन डेस्टिलेशन रिपोर्ट प्रकाशित करते हुए कहा है कि अगर भारत में महिलाओं को पूरी तरह से आर्थिक भागीदारी का मौका मिले, तो अगले 23 सालों में भारत की जीडीपी में कम से कम 14 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का इजाफा हो जायेगा। बस इसके लिए मौजूदा महिला श्रमशक्ति की भागीदारी को दोगुना या उससे थोड़ा ज्यादा करना होगा। साल 2025 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम है, 'युवा महिलाओं का सशक्तिकरण'। यह सशक्तिकरण सबसे आसान तरीके से तभी हो सकता है, जब हम महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा श्रमशक्ति में भागीदारी दें। वैसे तो महिलाएं खुद तेजी से श्रमशक्ति में अपनी दावेदारी बिना किसी अतिरिक्त संरक्षण के हासिल कर रही हैं। लेकिन अगर भारत अगले 23 सालों में विकसित देश बनने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर सचेत स्थिति में महिलाओं पर भरपूर निवेश करे और हर क्षेत्र में उनकी भागीदारी को बढ़ा दे तो अर्थव्यवस्था में जबर्दस्त बूम आ जाएगा। देश की श्रम शक्ति अभी महिलाओं की भागीदारी सिर्फ 25 से 30 फीसदी तक ही है। अगर इसे 100 फीसदी तक न भी बढ़ा सकें, 50 से 55 या 60 फीसदी तक ही ले जा सकें, तो भी भारतीय अर्थव्यवस्था में क्रांति हो जाएगी। भारत सरकार इस विषय में बहुत गंभीरता से न केवल सोच रही है बल्कि इसे व्यवहारिक रूप से धरातल पर उतारने के लिए स्टार्टअप, एमएसएमई यानी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग के साथ साथ कृषि आधारित उद्योगों में महिलाओं को आगे बढ़ाने की हर संभव कोशिश कर रही है। भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण का सबसे आसान, ठोस और स्थायी जरिया है- उन्हें शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी देना। अभी भी भारत में कई क्षेत्रों में महिलाएं बहुत अच्छा कर रही हैं, लेकिन एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) क्षेत्रों में उनकी भागीदारी महज 15 से 20 फीसदी ही है। इस क्षेत्र में अगर महिलाओं की भागीदारी बढ़कर 35 से 40 फीसदी तक हो जाये यानी मौजूदा स्तर से दोगुना तो अगले 23 सालों में भारत हर क्षेत्र में विकसित हो सकता है। निःसंदेह पिछले दो दशकों में महिलाओं की साक्षारता और समृद्धि में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'सुकन्या समृद्धि योजना' जैसी योजनाओं से महिलाओं को सकारात्मक फायदा हुआ है। इन योजनाओं से महिलाएं न सिर्फ शिक्षित बल्कि आर्थिक रूप से मजबूत भी हुई हैं। लेकिन यह फायदा अभी बुनियादी स्तर तक ही सीमित है। अभी महिलाओं को उच्च शिक्षा और उच्च कौशल स्तर तक पहुंचने में न सिर्फ काफी प्रयासों बल्कि विशेष प्रयासों की जरूरत है। इन बुनियादी योजनाओं से महिलाएं छलांग लगाने के लिए जरूर तैयार हुई हैं, लेकिन बिना बड़ी छलांग लगाए,बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं होगी। इसके लिए एक बड़ी छलांग लगानी ही होगी। यह 'डाइव प्लैंक' महिलाओं पर उच्च शिक्षा और कौशल विकास में अधिक से अधिक निवेश ही हो सकता है। जब धरती के भविष्य को बचाने के लिए महिलाओं को हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर भागीदारी देनी होगी। लेकिन भारत जैसे देशों में इसकी अतिरिक्त जरूरत महसूस की जा रही है, क्योंकि भारत भविष्य का दुनिया के लिए 'ह्यूमन रिसोर्स हब' है। साल 2050 में दुनिया में अकेले 35 से 40 फीसदी मैन पावर की सप्लाई भारत द्वारा की जाएगी और तब तक अगर पुरुषों के स्तर की ही हमारी महिला श्रमशक्ति नहीं हुई तो अकेले भारत को ही नहीं पूरी दुनिया को इसका नुकसान होगा। देखा जाए तो भारत में महिलाओं का सशक्तिकरण, उनका पुरुषों के बराबर हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर चलना सिर्फ भारत के विकसित देश होने भर के लिए जरूरी नहीं है बल्कि यह धरती के अस्तित्व के लिए भी जरूरी है। भविष्य का जॉब मार्केट, ग्लोबल जॉब मार्केट होगा और उसमें सबसे ज्यादा सप्लायी भारत से ही होगी। भारतीय महिलाओं को इस ग्लोब मार्केट के लिए तैयार होना होगा। भारतीय महिलाएं ऐसा कर सकती हैं, इसे उन्होंने एक नहीं कई बार करके दिखाया है। भारत के पिछले 20 सालों के अनुभव से यह निष्कर्ष सामने आया है कि जब महिलाएं सरपंच या सांसद होती हैं, तो स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक न्याय पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है।




## गीता सार

**तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया।**
**उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्त्वदर्शिनः॥**

**-: हिंदी भावार्थ :-**

उस ज्ञान को तुम तत्त्वदर्शी ज्ञानियों के पास जाकर जानो। उनको दण्डवत प्रणाम करने से, सेवा करने से और सरलतापूर्वक प्रश्न करने से वे तुम्हें उस का उपदेश करेंगे॥

## बोले तो...



पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ड्रग-मुक्त भारत बनाने के लिए निर्मम और सावधानीपूर्वक जांच के साथ नशीली दवाओं के खतरे का मुकाबला करना जारी रखने का संकल्प लेती है। भारत भर में 12 अलग-अलग मामलों में 29 ड्रग तस्करों को अदालतों ने दोषी ठहराया है।

-अमित शाह



भारत एक सभ्यता है जो 5000 वर्ष पुरानी है। औरंगजेब जिसने प्रण किया था कि वो हिंदू धर्म को खत्म करेगा, हिंदू धर्म को खत्म नहीं कर पाया। लेकिन खुद खत्म हो गया। अगर राहुल गांधी और ममता बनर्जी सोचते हैं कि हिंदू खत्म हो जाएगा तो मैं तो कहूंगा आप खत्म हो जाएंगे, हिंदू धर्म कभी खत्म नहीं होगा।

- हिमंत बिस्वा सरमा



मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में सपा को करारी हार मिली, जबकि बसपा ने चुनाव लड़ा ही नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा और सपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और केवल बसपा ही भाजपा और अन्य जातिवादी पार्टियों को हरा सकती है।

-मायावती

## कुछ अलग | अजब गजब

# 'देसी माल का पावर देखो' हाईटेंशन तार पर लटककर पुल अप्स करने लगा शख्स

यह सोशल मीडिया का जमाना है। यहां किसी को भी फेमस होने में देर नहीं लगती, बस एक वीडियो वायरल होने की देर है। और सोशल मीडिया और इंटरनेट पर कब और कहां वायरल हो जाए, कहा ही नहीं जा सकता है। हाल ही में एक ऐसा ही चौंका देने वाला वीडियो धड़ल्ले से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर आप भी अपनी आंखों पर यकीन नहीं कर पाएंगे।

वायरल हो रहे इस खतरनाक वीडियो में एक शख्स बिजली के तारों को पकड़कर एक्सरसाइज़ करता हुआ नज़र आ रहा है। सामान्य तौर पर शायद कोई ऐसे स्टंट के बारे में सोच भी नहीं सकता।

जिस तार को देखकर लोग उसके आसपास फटकने से घबराते हैं, उस तार पर एक आदमी इस तरह से एक्सराइज़ करता नज़र आ रहा है, मानो ये ओपन जिम हो। सोशल मीडिया पर पर ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है। वीडियो को देखकर अंदाजा



लगाया जा सकता है कि ये आदमी होश में नहीं है वरना वो ऐसा कभी भी नहीं करता। वायरल हो रहे वीडियो में आप देख सकते हैं कि एक शख्स बिना किसी डर के बिजली के तारों को पकड़कर पुल-अप्स कर रहा है। उसे इस तरह करता हुआ देखकर आपका दिल दहल जाएगा लेकिन ये आदमी मानो मौत से सीधा आंखें मिला रहा है। वो पहले तो खंभे में पांव फंसाकर तारों को पकड़ते हुए पुल अप्स कर रहा है और फिर थोड़ी देर के बाद वो उन्हीं तारों पर बैठा हुआ नज़र आ रहा है।

वीडियो को अब तक 2.2 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है। जबकि करीब डेढ़ लाख से भी ज्यादा लोग पसंद कर चुके हैं। वीडियो कहां का है, ये तो पता नहीं है लेकिन लोगों ने अपने कमेंट में लिखा है कि ये आदमी मौत से सीधा आंखें मिला रहा है। कुछ यूज़र्स ने लिखा कि ये बेवकूफी है तो कुछ ने लिखा- ये देसी माल का कमाल है।

## पाठक पाती

### हिमाचल में कांग्रेस बनाएगी नया संगठन

विगत चुनावों में कांग्रेस की करारी हार से कांग्रेस खेमा चिंतित है। हरियाणा, महाराष्ट्र दिल्ली और राजस्थान में कांग्रेस की हार के बाद अब हिमाचल प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस परिपक्वता की और आगे बढ़ना चाहती है। 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रभावी रजनी पाटिल की अध्यक्षता में मीटिंग में कांग्रेस में जान फूंकने के लिए संगठन में बदलाव करके नई कार्यकारिणी बनाने का निर्णय लिया है। कांग्रेस ने चुनावों में हार का सामना करते हुए कमजोर पहलुओं पर ध्यान आकृष्ट कर नई नीतियों और नए संगठन बनाने की कवायद शुरू कर दी है। आगामी दिनों में नया संगठन बनाए जाने में हर वर्ग को तरजीह देने की घोषणा बैठक के दौरान की गई है। कांग्रेस का जनाधार खत्म हो रहा है। हर चुनाव में कांग्रेस पिटती नजर आ रही है।बैठक के दौरान राहुल और सोनिया गांधी के नेतृत्व में चुनाव प्रचार करने की बात पर जोर दिया। अब मजबूत संगठन खड़ा किया जाएगा। कांग्रेस को मजबूत बनाकर हिमाचल में पांच साल भाजपा और पांच साल कांग्रेस की प्रथा को ही खत्म कर फिर से कांग्रेस सरकार बनाने के लिए अभी से रणनीति बना रही है। प्रदेश प्रभारी की बैठक में कांग्रेस दोबारा 2027 में चुनाव जीत कर सत्ता में आने का भरोसा दिलाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर मैदान में उतरने की नसियत दी गई।

- कांतिलाल मांडोत सूरत

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# लसेड़ी विद्यालय में मेगा पीटीएम का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखंड क्षेत्र में रविवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लसेडी में निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के आदेश अनुसार मेगा पीटीएम का आयोजन सुबह 11:00 बजे किया गया। इस मेगा पेटीएम में अभिभावकों ने खूब खूब रुचि के साथ भाग लिया विशेष कर महिला अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर अपने बच्चों के दक्षता आधारित आकलन -1 परिणामके बारे में विषय अध्यापकों से जानकारी प्राप्त की। इस मेगा पेटीएम में संस्था प्रधान सुमन पूनिया ने उपस्थित अभिभावकों को पीटीएम के आयोजन के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि यह पीटीएम 21व 22 जनवरी 2025 में आयोजित दक्षता आधारित आकलन-1 का आयोजन हुआ था उसके परिणाम को अभिभावकों के साथ साझा करने के लिए किया गया है। दक्षता आधारित आकलन एक में कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों का परिणाम जारी किया गया जिसको सितारों के द्वारा दक्षता को दर्शाया गया है। संस्था प्रधान सुमन पूनिया ने बताया यह यह परिणाम सितारों द्वारा प्रदर्शित किया गया है जिस विद्यार्थी के तीन सितारे हैं वह प्रशंसा के योग्य दो सितारे हैं वह सही दिशा की ओर और यदि एक सितारा है तो उसे विद्यार्थी को और मेहनत की जरूरत है अत: किसी दक्षता में कमजोर विद्यार्थी के सुधार हेतु अभिभावकों का सहयोग और विमर्श कर उसकी कक्षा स्तर तक लेने का प्रयास किया जाएगा। यह कार्य अभिभावकों की जागरूकता से ही संभव है। दक्षता आधारित आकलन एक के प्रिंटेड रिपोर्ट कार्ड भी अभिभावकों को वितरित किए गए। इसके अलावा इस पीटीएम में संस्था प्रधान सुमन पूनिया ने अपार आई डी के बारे में भी अभिभावकों को अवगत करवाया गया और कहा की अपार आईडी विद्यार्थियों के लिए एक विशिष्ट पहचान है और इसके विविध लाभ हैं इसके साथ ही संस्था प्रधान सुमन पूनिया ने इस मेगा पेटीएम में स्वास्थ्य सर्वेक्षण पर भी चर्चा की गई विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है इसके बारे में भी अभिभावकों को कहा गया। रविवार को इस मीटिंग में संस्था प्रधान द्वारा एनपीसीआई आधार सीडिंग पर भी अभिभावकों से चर्चा कर विद्यार्थियों के बैंक खातों को आधार से जोड़ा जाना अनिवार्य है जिससे भविष्य में विद्यार्थियों का सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। आज की इस मेगा पेटीएम का आयोजन बहुत शानदार और सफल रहा। सभी अभिभावकों द्वारा अपने पालित के दक्षता की जानकारी और अपार आई डी की जानकारी स्वास्थ्य सर्वेक्षण की जानकारी प्राप्त कर प्रसन्नता व्यक्त की ।संस्था प्रधान सुमन पूनिया द्वारा सभी आगंतुक अभिभावकों अध्यापकों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सभी कक्षा अध्यापक विषय अध्यापकों और अभिभावकों को जल-पान चाय-नाश्ता भी करवाया गया।

## ग्राम पंचायत के विकास कार्यों पर की चर्चा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** पद्म भूषण भाजपा नेता देवेंद्र झाझडिया ने हरियाणा के निकटवर्ती गांव भाकरां का दौरा किया इस दौरान उन्होंने मेघवाल विकास समिति अध्यक्ष नेतराम मेहरा से उनके आवास पर मुलाकात की इस मुलाकात के दौरान भाजपा नेता देवेंद्र झाझड़िया ने ग्राम पंचायत में होने वाले विकास कार्यों और सामाजिक कार्यों पर चर्चा की नेतराम मेहरा ने भी भाजपा नेता को मुलाकात के दौरान शिक्षा स्वास्थ्य एवं गांव में मीठे पानी की समस्या और बिजली कटौती के मुद्दों पर चर्चा की।

# सीईओ कोचर ने आर्ट्स एंड साइंस एग्जीबिशन का किया निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** अग्रसेन नगर स्थित अल्केमी स्कूल यूरो किड्स में आर्ट्स एंड साइंस एग्जीबिशन ब्रेनवेव 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला परिषद सीईओ श्वेता कोचर, जिला परिषद् सहायक चीफ़ एक्सक्यूटिव ऑफिसर दुर्गा देवी ढाका, संस्था निदेशक डॉ. रविकांत शर्मा व प्राचार्या अनामिका शर्मा आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सीईओ श्वेता कोचर ने कहा कि वर्तमान समाज में बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए इसी प्रकार की शिक्षा की आवश्यकता है। प्रायोगिक माध्यम से शिक्षण पद्दति को को बढावा दिया जा सकता है। उन्होने कहा कि बच्चे हमारा भविष्य है और इस प्रकार के इवेंट से उनमे अभिव्यक्ति कौशल का विकास होता है। कार्यक्रम में टीचिंग मेथडोलॉजी लर्निंग फन को विभिन्न मॉडल्स के द्वारा अभिभावकों को अवगत करवाया गया। प्रदर्शनी में छात्र - छात्राओं ने विभिन्न थीम पर मॉडल बनाए। साइंस में लीफी वंडर्स में प्लांट्स की पूरी सरंचना को समझाया गया। इसी क्रम में सोशल साइंस में भारत की सरकार के बारे में बताया। मैथ्स में शेप गैलेक्सी में सभी शेप्स के बारे में मॉडल बनाकर एक्सप्लेन किया और इंग्लिश और हिंदी में व्याकरण के टॉपिक्स पर मॉडल बनाए। नर्सरी के बच्चों ने ट्रांसपोर्टेशन थीम पर कार, बस, एयरोप्लेन, बनकर अद्भुत प्रदर्शन किया । एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने वॉवेल कॉन्सोनेंट, मात्राओं, एडिसन व सब्ट्रैक्शन को मॉडल्स के माध्यम ये शानदार तरीके से समझाया गया। संस्था निदेशक डॉ रवि कांत शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जरूरतमंद परिवार की दो वर्ष तक करेंगे सेवा



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** ऑल युवा मुस्लिम सेवा संस्थान की ओर से एक परिवार को 2 वर्ष के लिए गोद ले लिया गया है। रमजान माह के जरूरत मंद परिवार के लिए संस्थान के जिलाध्यक्ष संजय खान घांघू ने बताया कि वार्ड 46 के नारायणी देवी की 80 वर्ष की है। इनके परिवार में बेटा तोलाराम 55 वर्ष को हो गया है। जो लोगों के घरों में कुई खोदने का काम करता है। मगर एक दिन किसी के घर में कूई के धंसने से कमर में चोट आ गई। जिस्की वजह से वो काम नहीं कर सकता है। जिसकों देखते हुए संस्थान दो वर्ष तक उनकी जरूरतत कर सहयोग करता रहेगा। इस मौके पर अल्लाउदीन खान, मकसूद खान, निजामुदीन खान, कुर्सिद, अहमद खान, हरिराम चोपड़ा, राजकुमार, प्रकाश नायक, विजय पंवार व नजमुद्दीन चौहान आदि मौजूद रहे।

### भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ने ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खिचड़ ने हमीरवास रोही मे शुक्रवार की शाम को हुई ओलावृष्टि से हुऐ खेतों में नुकसान का किसान साथियों के साथ जायजा लिया व मौके पर पटवारी कृषि पर्यवेक्षक कंपनी के अधिकारी से मौके पर बात कर किसानों को नुकसान का उचित मुआवजा देने की बात कही। भाजपा सरकार किसानों के प्रति कृत संकल्प है। हमारे जन प्रतिनिधि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, लोक सभा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया, चूरू के विधायक हरलाल सहारण ने तुरंत जिला प्रशासन को फोन कर व स्थानीय प्रशासन को फोन कर हल्के में हुए नुकसान की गिरदावरी कर मुआवजा दिलवाने हेतु कहा। इस मौके पर जिला महामंत्री कृष्ण कुमार भाकर, किसान मेहु राम सांगवान,महेंद्र झाझडिया, रामकुमार, राकेश कुमार, इंद्र कुमार, जय सिंह रमेश कुमार सरपंच विजेन्द्र कुमार, पटवारी जितेंद्र गुर्जर, पर्यवेक्षक सहित किसान साथी मौजूद रहे।

### पचार परिवार ने मृत्यु भोज नहीं करने एवं खाने को लेकर ली शपथ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र में रविवार को निकटवर्ती गांव लिलकी मे पचार परिवार की ओर से समस्त प्रचार परिवार द्वारा मोहर सिंह पचार की अध्यक्षता में परिवार जनों द्वारा सर्वसम्मति से मृत्यु भोज पर पाबंदी लगाने का संकल्प लिया गया एवं कहा कि अगर समाज का कोई व्यक्ति मृत्यु भोज का आयोजन करता है तो समस्त पचार परिवार उसका सामूहिक रूप से बहिष्कार करेगा इस दौरान सामाजिक बैठक में मोहर सिंह पचार अमीलाल नरेंद्र सिंह प्रताप सिंह दुलीचंद पवन रविंद्र भीमराज अनिल कुमार राजेश बीर सिंह गणेशाराम ताराचंद अमर सिंह सत्यवीर रोहिताश सहित काफी पचार परिवार मौजूद रहे। सभी परिवार जनों ने एक साथ संकल्प लिया कि मृत्यु भोज नहीं खाने एवं मृत्यु भोज पर विभिन्न प्रकार होने वाले तीये की बैठक पर किसी प्रकार की मिठाई नहीं बनाने की प्रतिज्ञा की गई वहीं ओढावणी सहित कई फीजलूखर्ची वाली रस्मों को बंद करने का निर्णय लिया।

### राष्ट्रीय अधिवेशन व युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन के बायोडाटा पोस्टर्स का विमोचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** माता हिंगलाज एंड वरुणदेव चैरिटेबल ट्रस्ट पंजीकृत द्वारा अखिल भारतीय खत्री मोदी अरोड़ा समन्वय समिति के संरक्षकत्व में देश-विदेश से पधारे राष्ट्रीय खत्री समाज के सभी 9 समुदायों के प्रमुख आगामी 9 मार्च रविवार को मानसरोवर स्थित ख्याति प्राप्त शिप्रा बैंक्विट हॉल में विशाल युवक युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन के साथ संगठन, समाज हित के कार्य व उत्थान की रूपरेखा एवं भावी रणनीति जैसे मुद्दों पर मंथन करेंगे। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुल्तानी खत्री सुरेश नरूला ने बताया कि इस राष्ट्रीय अधिवेशन के मुख्य अतिथि हाथोज धाम के महंत हवामहल विधायक संत बालमुकुंद आचार्य होंगे तथा अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष खत्री राजेंद्र मोदी करेंगे। महाराष्ट्र अरोड़ा खत्री समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिलीपजी खत्री मध्यप्रदेश अरोड़ा खत्री समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश अरोड़ा, खत्री मोदी समाज के पुरोधा नोखा के रामकृष्ण खत्री, जगदीश खत्री, बीकानेर के राम अरोड़ा, बाबू भाईजी, मुन्ना भाईजी, ईश्वरदयाल , दिनेश लखानी, पार्षद शांतिलाल मोदी, पार्षद जामन लाल गजरा, खत्री मोदी सार्वजनिक प्रन्यास के अध्यक्ष श्याम मोदी, ओम प्रकाश मोदी, जयपुर से रवि नैय्यर, प्रदीप अरोड़ा, राजगढ़ जिला चूरू के राजगढ़ नगर पालिका के दबंग कर्तव्यनिष्ठ ईमानदार बेदाग छवि वाले अधिशासी अधिकारी राकेश अरोड़ा ( मेंहदीरत्ता )आर एम एस आदि सैंकड़ों लोग इस सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। संस्था के संयुक्त सचिव मनीष खत्री ने रमेशचंद्र अरोड़ा, मीना अरोड़ा, रतन देवी, सुंदरलाल सिंधी खत्री, योगेंद्र जोशी, हरिश्चंद्र अरोड़ा, हर्षवर्धन एवं कनिष्क मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र मोदी के साथ मिल कर 9 मार्च के प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन करते हुए युवक युवतियों के बायो डाटा पोस्टर्स का विमोचन किया।

# 'भागवत में सृष्टि रचना का अर्थ है कि हम कहां से आए हैं व हमें कहां जाना है'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**




**चूरू।** ग्राम जोड़ी में ठाकुर आनंद सिंह, नीरु सिंह तथा यजमान मधुसूदन सिंह, ज्योतिका सिंह द्वारा आयोजित भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पं. रामपाल शर्मा शास्त्री जैसलान ने बताया कि परब्रह्म परमात्मा ही अपने ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीन रूप से संसार की रचना, पालन व प्रलय करता है। सृष्टि रचना का कथानक हमें यह समझाता है कि हमारे जीवन का लक्ष्य क्या है। प्रसंगवश बताया कि यह संसार कर्म प्रधान है। कर्म प्रधान विश्व रचि राखा, जो जस करहि सो तस फल चाखा।। बार बार विभिन्न जूण में जन्म लेना सिर्फ अच्छे व बुरे कर्मों के कारण ही होता है। अत: कर्मों में सावधानी आवश्यक है। अहंकार व कर्तापन का भाव ही मनुष्य को कर्म बंधन में बांधता है। हम अपने सत्कर्म भगवान् को समर्पित कर दें इसी का नाम मुक्ति है। सारा संसार कर्ममय है। भगवान् भी जब धरती पर अवतार लेते हैं तो उनके लिए तीनों लोकों में पाने को कुछ नहीं होता फिर भी व्यवहार में सारे लौकिक शुभ कार्य करते हैं ताकि लोग उनका अनुसरण कर सकें। अपने किये कर्म का फल सबको भोगना ही पड़ता है। जैसे परब्रह्म परमात्मा राम के पिता दशरथ को भी स्वयं के किये कर्म का फल भोगना ही पड़ा था। स्वयंभुव मनु तथा उनकी तीन बेटियों के वंश का वर्णन, दक्ष शिव चरित, दक्ष यज्ञ में सती का प्राणोत्सर्ग, शिव पार्वती विवाह, तारकासुर के उद्धार आदि प्रसंगों को अध्यात्म व लौकिक बातों से जोड़कर बताया गया। साथ ही ध्रुव चरित का वर्णन इस रूप में किया गया कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति है तो छोटी उम्र में भी भगवान् को दर्शन के लिए मजबूर किया जा सकता है। कथा के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका विद्यालय में मेंटर मेंटी गतिविधि का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को पीएम श्री गतिविधियों के अंतर्गत प्रधानाचार्य डॉ. सुशीला बलौदा की अध्यक्षता में मेंटर मेंटी गतिविधि का आयोजन किया गया। परामर्शदाता महिपाल सिंह,राजस्थान क्षेत्र संस्कार केंद्र सहप्रमुख, विद्या भारती ने छात्राओं को संवेगात्मक लर्निंग व व्यक्तित्व विकास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परस्पर सहयोग, समरसता, सृजनात्मकता, राष्ट्र सेवा की भावना का छात्राओं में विकास करना संवेगात्मक लर्निंग का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने विद्यार्थियों में आत्मबल एवं आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए अनेक सूत्र व प्रभावकारी टिप्स बताएं। व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास, नागरिक शिष्टाचार के बारे में उन्होंने छात्राओं का प्रभावी प्रबोधन किया। प्रधानाचार्य डॉ. बलौदा ने कहा कि वर्तमान में संवेगात्मक लर्निंग को व्यवहार में लाने की महती आवश्यकता है। आज मानव संवेदनहीन होता जा रहा है, अपराधों में वृद्धि होती जा रही है जो चिंतनीय विषय है। उन्होंने आह्वान किया कि बेजुबान जीवों पर दया रखें, उन्हें भी जीने का पूरा हक है। उन्होंने छात्राओं से स्वअनुशासन अपनाने पर बल दिया। प्रभारी राहुल इंदौरियां एवं सहप्रभारी राधा यादव ने आभार जताया।

# नोहर एडवोकेट बाबूलाल चाचाण सर्वसम्मति से चुने गए श्री गौशाला कमेटी के अध्यक्ष



**नोहर।** एडवोकेट बाबूलाल चाचाण को नवीं बार श्री गौशाला कमेटी का अध्यक्ष चुना गया है। रविवार को एड.संतलाल तिवाड़ी की अध्यक्षता में हुई श्री गौशाला कार्यकारिणी की साधारण सभा की बैठक में श्री चाचाण को सर्वसम्मति से श्री गौशाला कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में एड. चाचाण के नाम का प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। रविवार को कार्यकारिणी की बैठक में श्री गौशाला कमेटी के मंत्री राजकुमार रानियावाला,कोषाध्यक्ष आनंद कंदोई, एड. जसवंत सिंह आर्य, धनराज बंसल,सुखदेव भिड़ासरा, रामचंद्र पारीक, सांवरमल हिसारिया, ओम बाबुलानी, रतिराम पारीक, राजकुमार सरावगी,एड.अनीश सर्राफ़, हरि मित्रुका, मांगीलाल शर्मा,प्रदीप शर्मा,महावीर प्रसाद तिवाड़ी,ओम प्रकाश सुथार,प्रदीप सेवग, मनोज मिश्रा ,सुरेश तिवाड़ी, किशन लाल पंडा और जगदीश प्रसाद हिसारिया कैलाश गोल्यान, बसंत तोसनीवाल, राजेश जोशी, मंगल चंद खाती समेत अनेक कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में आहूजा फिटनेस क्लब के परीक्षणार्थियों ने लहराया परचम

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**फुलेरा।** सांभर बाईपास रोड पर स्थित आहुजा फिटनेस क्लब के प्रशिक्षणार्थियो ने राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता मे स्वर्ण पदक जीतकर फुलेरा कस्बे को गोरवान्वित करवाने मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर नाम रोशन किया है । इस उपलब्धि को लेकर एक सम्मान समारोह आहुजा फिटनेस क्लब के निदेशक शुभम आहुजा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष मनोज आहुजा रहे। निदेशक शुभम आहुजा ने बताया कि राजधानी जयपुर मे आयोजित प्रतियोगिता में याशिका चौधरी ने प्रथम स्थान पर रहकर स्वर्ण पदक के साथ मिस राजस्थान बनी है। साथ ही समीर कुरेशी ने प्रथम स्थान पर रहकर गोल्ड मैडल जीता और मैन फिजिक्स में मिस्टर राजस्थान बने, तथा राकेश प्रजापत ने बॉडी बिल्डिगं मे प्रथम रहकर गोल्ड मेडल के साथ मिस्टर राजस्थान बने। इसके अलावा प्रिंस तम्बोली 0-45 किग्रा., जय जैन 55-60 किग्रा ने बॉडी बिल्डर जिला स्तर पर प्रथम रहे तथा तनिष्ठ दौराया फ्रेशर केटेगरी मे प्रथम रहे। युवाओ की इस उपलब्धी पर मुख्य अतिथि मनोज आहुजा ने क्लब निदेशक शुभम् आहुजा, ट्रेनर सचिन बोयत, मोहसिन खान सहित सफलता हासिल करने वाले प्रतियोगियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन सभी कि सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

# स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर में स्वच्छता की दिलाई शपथ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड तत्वाधान में अनुसुचित जाति व जनजाति स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में अनुसुचित जाति व जनजाति 99 स्काउट गाइड जिला कारागृह के पीछे स्काउट व गाईड कार्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। सीओ स्काउट महीपाल सिंह तंवर ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में लैसिंग, हाइक, कैरी मैथड, मार्चपास्ट, ड्रिल, व्यक्तित्व विकास, समुह चर्चा व शिविर ज्वाल आदि विषयों का प्रशिक्षण शब्बीर खान, सत्यनारायण स्वामी, ओमप्रकाश मेघवाल, ओमप्रकाश, मनीराम स्वामी, गोपाललाल बैरवा, विमल कुमार शर्मा, अमर सिंह आदि दक्ष प्रशिक्षक प्रशिक्षण दे रहे है। साथ ही साथ स्काउट की ओर से अपने क्षेत्र में समाज सेवा व सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए तैयार किया जा रहा है। शिविर में सभी संभागी स्काउट गाइड ने स्वच्छता की शपथ एवं गर्मियों में मूक पक्षियों के लिये परिण्डे व चुग्गापात्र लगााने का संकल्प लिया। सभी स्काउट गाइड को कचरा निस्तारण के लिए रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकल फॉर्मूला के तहत कचरे की मात्रा को कम से कम करने के लिए वस्तुओं का सावधनी से उपयोग करने की सलाह दी गई। सिंगल यूज प्लास्टीक का उपयोग नही करना चाहिये। दोबारा इस्तेमाल होने वाली चीजों की मरम्मत आदि करवाकर दुबारा उपयोग के लिए नेकी की दीवार की तर्ज पर जरुरतमंद लोगों तक पहुंचाएं। विद्यालयों में इस्तेमाल की गई वस्तुओं को एकत्रित कर रिसाइकल के लिए पेड़ो की पत्तियों व गोबर आदि से कम्पोस्ट खाद तैयार करने के लिए पीट्स तैयार करने एवं वृक्षों की देखभाल के लिए सभी सदस्य वृक्षों को गोद लेकर निरन्तर उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया।

# सड़क का पुनः निर्माण कराया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खैरू बड़ी की सरपंच विद्या देवी ने पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया के मार्गदर्शन से प्रेरणा लेकर गांव की सभी गली रास्ते एवं टूटी हुई सडक़ को सीमेंटेड इंटरलॉक ब्लॉक के माध्यम से पुन: नवनिर्माण कराकर ग्रामीणों को राहत प्रदान की। सरपंच प्रतिनिधि सुनील जांगिड़ ने बताया कि काफी समय से गांव में कचरे के ढेर लगे हुए थे एवं जगह-जगह गांव के मुख्य रास्ते की सडक़ टूटी हुई थी जिसको जेसीबी मशीन से कचरे को हटाते हुए एक बार फिर दोबारा गड्ढों को भरकर के सीमेंटेड ब्लॉक से नवनिर्माण कर साफ सफाई कर गांव को कचरा मुक्त कर स्वच्छता का संदेश दिया है सरपंच विद्या देवी जांगिड़ ने बताया कि राजगढ़ पंचायत समिति विकास अधिकारी राजेंद्र जोईया के मार्गदर्शन में हर रोज होने वाले सफाई कार्य से प्रभावित होकर गांव का सफाई का जिम्मा उठाते हुए साफ-सफाई कर सडक़ का नवनिर्माण किया।

### बिजली कर्मचारी की करतूत

# पैसे लेकर घरों में लगाए प्राइवेट मीटर

- फ्री बिजली की देता था गारंटी
- शून्य बिल पर पहुंची टीम
- स्कैन करते ही हैरान रह गई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जोधपुर।** जोधपुर में बिजली कर्मचारी ने पैसे लेकर लोगों के प्राइवेट कंपनी के मीटर लगा दिए। तीन महीने से एक उपभोक्ता का बिल शून्य आया तो जांच करने विजिलेंस टीम पहुंची। टीम ने मीटर को स्कैन करने की कोशिश की तो वह स्कैन नहीं हुआ। जैसे ही बॉक्स को खोलकर देखा तो मीटर बिजली विभाग का नहीं होकर प्राइवेट कंपनी का निकला। मामले का खुलासा होने के बाद बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। डिस्कॉम एएसपी (विजिलेंस) नरेंद्र सिंह चौधरी ने बताया- धोखाधड़ी कर निजी कंपनी के मीटर लगाने के मामले में बिलाड़ा सब स्टेशन अटेंडर-द्वितीय (SSA-II) प्रवीण कुमार मेघवाल (40) को 28 फरवरी को पकड़ा था। शनिवार को कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया। बिजली डिस्कॉम ने भी कर्मचारी को निलंबित कर लिया। बिजली विभाग की ओर से कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का बिलाड़ा थाने में भी मामला दर्ज कराया गया है।

### स्पॉट बिलिंग के लिए पहुंची थी टीम

उप अधीक्षक (विजिलेंस) मदनलाल रायल ने बताया-ऑन स्पॉट बिलिंग सिस्टम के लिए कर्मचारियों की एक टीम घरों में लगे मीटर को डिजिटल डिवाइस से स्कैन करती है और मौके पर ही लोगों को बिजली बिल सौंप दिए जाते हैं। 11 फरवरी को एक टीम बिलाड़ा में बींजवाड़िया रोड निवासी भीमराज आचार्य के घर पहुंची। पिछले दो-तीन महीने से उसका बिल शून्य आने की शिकायत आ रही थी। डिस्कॉम टीम ने घर में लगे मीटर को स्कैन करने का प्रयास किया, लेकिन डिवाइस उसे स्कैन नहीं कर पाई। इसके बाद एक्सईएन (सीवीएस) निंबाराम जाणी, एईएन अशोक कुमार विश्नोई और जेईएन मोनिका गोयल ने इसकी पड़ताल की। उन्होंने बताया- स्कैन नहीं होने पर कर्मचारी ने मीटर की फोटो खींचकर उच्च अधिकारी को भेजी। अधिकारियों ने मीटर देखा तो चौंक गए। ये मीटर डिस्कॉम का नहीं था। टीम ने मीटर बॉक्स खोलकर देखा, तो पता चला कि प्राइवेट कंपनी का मीटर लगाकर बिजली चोरी की जा रही थी।


### महिलाओं ने लिया था कर्मचारी का नाम

टीम ने घर में मौजूद महिलाओं को पूछा तो उन्होंने बताया कि ये मीटर डिस्कॉम के कर्मचारी प्रवीण कुमार ने लगाया था। टीम ने वीसीआर भरकर बिजली चोरी का केस दर्ज कराया। डिस्कॉम ग्रामीण थानाधिकारी मनोहरसिंह सांखला की देखरेख में एएसआई त्रिलोकचंद ने इसकी जांच की तो पता चला कि प्रवीण कुमार ने छह उपभोक्ताओं के असली मीटर बदलकर प्राइवेट मीटर लगाए थे। डिस्कॉम ग्रामीण थानाधिकारी मनोहरसिंह सांखला ने बताया- प्रवीण कुमार मेघवाल के खिलाफ खुद के घर पर बिजली चोरी करने का मामला डिस्कॉम ग्रामीण थाने में दर्ज किया गया है। रिपोर्ट में डिस्कॉम की ओर से बताया गया कि प्रवीण को बिजली चोरी कराए जाने के मामले में पकड़ा तो शक हुआ। इसके बाद टीम ने उसके घर निरीक्षण किया, तो पता चला कि प्रवीण अपने घर पर लगे बिजली मीटर को बाइपास कर सीधे पोल से बिजली चोरी कर रहा था।

### बिजली सप्लाई चालू करने का काम था

■ प्रवीण की ड्यूटी निलंबित होने से पहले भावी गांव में थी। उसका मूल काम भावी में जीएसएस पर बिजली सप्लाई ऑन या ऑफ करने की रहती थी। इसके बाद भी वह बिलाड़ा में लोगों के घरों में प्राइवेट मीटर लगाने का काम कर रहा था। डिस्कॉम अधिकारियों को यह भी पता चला है कि प्रवीण ने साल 2023 में जैतीवास गांव के एक उपभोक्ता को फर्जी रसीद बनाकर रुपए हड़प लिए थे।

# बाड़मेर में भयानक हादसा, दो की मौत



▸▸ युवती की हालत बताई जा रही गंभीर
▸▸ धमाके की आवाज सुनकर दौड़े लोग

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले के सदर थाना इलाके में नेशनल हाईवे-68 पर महादेव पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई, वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि धमाके के आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की तरफ भागे। शनिवार देर रात करीब 11 बजे हुआ। सूचना मिलने के बाद एसपी नरेंद्र सिंह मीना समेत पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा और क्षतिग्रस्त गाड़ियों को हाईवे से साइड में करवाया।


### ▸▸ हैलीबर्टन कंपनी में थे कर्मचारी

एसआई ने बताया कि मृतक विल्सन हैलीबर्टन कंपनी में सुपरवाइजर का काम करते थे। बीते कई सालों से बाड़मेर में कार्यरत। वहीं निखिल भी इसी कंपनी की टेक्नीकल विंग में कार्यरत था। घायल कंचल भी टेक्नीकल विंग की कर्मचारी है। यह कंपनी बाड़मेर में ऑयल फील्ड क्षेत्र में काम करती है।

### कंपनी के यार्ड जा रहे थे तीनों

■ पुलिस के अनुसार शनिवार रात को हैलीबर्टन कंपनी में कार्यरत विल्सन गोनसाबे (54) निवासी पालघर महाराष्ट्र, निखिल दुबे पुत्र प्रेम कुमार निवासी यूपी, कंचल सोनी (22) पुत्री भूपेंद्र कुमार नारायणपुर निवासी अहमदाबाद तीनों कार में सवार होकर कंपनी के यार्ड जा रहे थे। इस दौरान नेशनल हाईवे-68 पर महादेव पेट्रोल के पास आगे चले रहे ट्रक के अंदर इटियोस कार घुस गई। धमाके की आवाज सुनकर पेट्रोल पंप और आसपास के लोग भागे। साथ ही वहां से गुजर रही गाड़ियों के लोग उतरे और तीनों को कार से बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से बाड़मेर हॉस्पिटल पहुंचाया। सूचना के बाद एसपी नरेंद्र सिंह मीना भी मौके पर पहुंचे। घटना स्थल का निरीक्षण कर हादसे के बारे में जानकारी ली। पुलिस ने दोनों शवों को बाड़मेर जिला हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया। वहीं घायल युवती को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। फिलहाल इलाज चल रहा है।

## पुष्पा फिल्म के डायलॉग पर हिस्ट्रीशीटर ने बनाई रील



■ पुलिस ने पकड़ा तो बदले सुर

**जोधपुर।** जोधपुर में अवैध बजरी डंपर के साथ फिल्मी स्टाइल में वीडियो बनाने वाले हिस्ट्री सीटर के माफी मांगने का वीडियो सामने आया है माफ़ी मांगने वाला हिस्ट्रीशीटर राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र का है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर दिया। इसके साथ ही उसके एक साथी को भी गिरफ्तार किया गया है। हिस्ट्रीशीटर का वीडियो सामने आने के बाद अब उसके माफी मांगने का वीडियो सामने आया है। बता दें की कुछ दिनों पूर्व हिस्ट्रीशीटर के अवैध बजरी डंपर के साथ एक रील सोशल मीडिया पर सामने आई थी।

# अवैध शराब के पांच कार्टन जब्त, आरोपी गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की गिड़ा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की है। एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से अलग-अलग ब्रांड के पांच कार्टन जब्त किए हैं। फिलहाल पुलिस अवैध शराब की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ कर रही है।
पुलिस को गश्त करने के दौरान सूचना मिली कि एक टेम्पो जिसमें अवैध शराब भरकर शहर गांव से सवाऊ पदमसिंह की तरफ आ रहा है। टेम्पो में बड़ी संख्या में अवैध शराब के कार्टन रखे हैं। पुलिस ने सूचना के बाद सवाऊ पदमसिंह से शहर जाने वाली सड़क पर शहर गांव फांटा पर नाकाबंदी की। इस दौरान शहर गांव की तरफ से एक टेम्पो आता दिखा। पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। लेकिन ड्राइवर ने टेम्पो रोका नहीं और 300-400 मीटर तक भगा कर ले गया। पीछा कर टेम्पो रुकवाया। ड्राइवर ने अपना नाम भटाराम पुत्र कबीराराम निवासी सवाऊ पदमसिंह थाना क्षेत्र गिड़ा बताया। कहा कि टेम्पो में शराब थी इसलिए डरकर भागा।

# उदयपुर : बीटेक के विद्यार्थी की डूबने से मौत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



▸▸ संडे को दोस्तों के साथ घूमने निकला था
▸▸ लोअर भारी कपड़े का होने से डूबने की आशंका

**उदयपुर।** उदयपुर की पिछोला झील में रविवार को एक बीटेक विद्यार्थी की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। शव निकालने गई सिविल डिफेंस की टीम का कहना था कि मृतक स्टूडेंट तैरना जानता था लेकिन उसने जो लोअर पहना हुआ था। वह काफी मोटे कपड़े का था। भीगने के बाद कपड़े का वजन और बढ़ गया। ऐसे में वह पानी में दोनों पैरों से ठीक से मूवमेंट नहीं कर सका और डूबने से उसकी मौत हो गई। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है जिसमें डूबने के कारणों की स्पष्ट रूप से पुष्टि हो पाएगी। घंटाघर थाने के एएसआई भगवान लाल ने बताया कि मृतक की पहचान जी.सत्यनारायण निवासी काकलकेड़ा आन्ध्र प्रदेश के रूप में हुई है। मृतक उदयपुर की सिंघानिया यूनिवर्सिटी में बीटेक फर्स्ट ईयर का विद्यार्थी है।

पुलिस ने बताया कि मृतक युवक संडे को छुट्टी के दिन आउट पास लेकर दो दोस्तों के साथ पिछोला झील घूमने आया था। झील में पहले से कुछ लोग रोज की तरह यहां नहा रहे थे।
मृतक युवक ने नहाने के लिए अपने दोस्तों को बोला। बाकी दो दोस्त नहीं गए। वे झील किनारे बैठ गए और सत्यनारायण झील में नहाने गया। पहली बार वह झील में कूदा और तैरकर वापस आ गया। फिर दूसरी बार कूदा, जिसके बाद वह वापस नहीं आ सका। कुछ देर तक वापस नहीं आया तो दोस्तों को चिंता होने लगी। वे चिल्लाए लेकिन तब तक सत्यनारायण डूब चुका था। बाद में उसके शव को तलाशने के लिए सिविल डिफेंस की टीम को बुलाया गया। सिविल डिफेंस ने शव निकालकर एमबी हॉस्पिटल मॉर्च्युरी में शिफ्ट कराया। मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया है। उनके आने पर शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों का सुपुर्द किया जाएगा।

# जोधपुर : एयरपोर्ट की महिला कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



▸▸ कहा- जबरन कमरे में बुलाकर गलत काम करने बना रहे दबाव
▸▸ पुलिस ने मामला दर्ज किया

**जोधपुर।** जोधपुर के ईस्ट जिले की पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट के ईस्ट जिले के थाने में एयरपोर्ट पर काम करने वाली सफाई कर्मचारी महिला ने सुपरवाइजर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। जिसमें महिला ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।

### गलत काम करने के लिए फोर्स करने का आरोप

रिपोर्ट में महिला ने आरोप लगाया कि वह एयरपोर्ट पर सफाई कर्मचारी का काम करती है। यहां एयरपोर्ट का सुपरवाइजर उसको नौकरी पर बने रहने के लिए उसे आरोपी अपने कमरे में बुलाते हैं और गलत काम करने के लिए फोर्स भी कर रहे हैं। इतना ही नहीं उसकी लड़की को भी गलत नजरों से देखते हैं। जब वह स्नान करके बाहर आती है तो ताक झांक भी करते हैं और उसे अपने साथ जबरन सोने का दबाव भी बनाते हैं। महिला ने एफआईआर में कई गंभीर आरोप लगाए। इसमें बताया कि बातें नहीं मानने पर उसे और उसकी लड़की का जीना हराम करने और नौकरी से बाहर निकालने की धमकी भी सुपरवाइजर की ओर से दी जा रही है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# जेएनवीयू ओल्ड कैंपस में युवक से मारपीट के सात आरोपी गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता



सिक्योरिटी गार्ड मौके पर तैनात नहीं

**जोधपुर।** जोधपुर के जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय ओल्ड कैंपस की लॉ फैकल्टी परिसर में युवक के साथ हुई पिटाई के मामले का अब वीडियो भी सामने आया है। छह गाड़ियों में सवार होकर बदमाश आते हुए नजर आ रहे हैं। शुरुआत में यूनिवर्सिटी के कैंपस में छह गाड़ियां घुसते हुए नजर आती है। स्कॉर्पियो भी शामिल है, इसके बाद गाड़ियों से बदमाश उतरते हैं और कैंपस की बिल्डिंग के अंदर युवक के साथ मारपीट करते हुए नजर आ रहे हैं। बदमाश करीब पांच मिनट तक यूनिवर्सिटी कैंपस में रुकते हैं। गाड़ियों को फिल्मी स्टाइल में दौड़ाते हुए वापस निकल जाते हैं। यूनिवर्सिटी कैंपस में छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी कई सवाल खड़े होने लगे हैं। पूर्व में भी यहां पर नाबालिग के साथ गैंगरेप का मामला सामने आ चुका है। सिक्योरिटी गार्ड मौके पर तैनात नहीं है। इस मामले में शनिवार को उदय मंदिर थाना पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिसमें लक्ष्य डऊकिया (20) पुत्र रामकिशोर जाट, रामचंद्र (22) पुत्र मगाराम जाट निवासी लालावास पुलिस थाना खींवसर जिला नागौर हाल घनश्याम देवड़ा का मकान सेकेंड पोल, महामंदिर, राकेश (22) पुत्र सहीराम विश्नोई निवासी प्लॉट नंबर 36 जगदंबा कॉलोनी पुलिस थाना माता का थान जोधपुर, विकास (21) पुत्र रामचंद्र जाट निवासी सोयला, अंकित कोहली (25) पुत्र श्रीराम मेघवाल निवासी मारवाड़ बलिया पुलिस थाना डीडवाना जिला नागौर हाल 10/365 चौपासनी हाउसिंग बोर्ड जोधपुर, रिजवान (22) पुत्र दिलावर निवासी सिंधी भुट्टो का बास पुलिस थाना नागोरी गेट जोधपुर सहित युवती कोमल (23) पुत्री स्व. पप्पू राम सुथार निवासी 93 श्रमिक पूरा मसूरिया को गिरफ्तार किया था।

## व्यापार जगत

# डोनाल्ड ट्रंप ने अडानी को दी बड़ी राहत !



**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे और अंतिम कार्यकाल में अपने देश को फिर से महान बनाना चाहते हैं। इसके लिए वह एक के बाद एक ताबड़तोड़ कई फैसले ले रहे हैं। उनके फैसलों ने दुनिया के कई देशों की नींद हराम कर रखी है। लेकिन ट्रंप देश के बढ़ते कर्ज को रोकने में अब तक नाकाम रहे हैं। जनवरी में अमेरिका का नेट इंटरेस्ट पेमेंट फेडरल गवर्नमेंट के कुल रेवेन्यू का 18.7% पहुंच गया जो 1990 के दशक के बाद सबसे ज्यादा है। साल 1992 में यह 18.9% के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था और जनवरी में उससे केवल 20 बेसिस पॉइंट कम रह गया। यानी यह 23 साल के उच्चतम स्तर पर रहा। ब्याज का लागत बढ़ने से पिछले 18 महीनों में अमेरिका का नेट इंटरेस्ट पेमेंट दोगुना हो चुका है। पिछले 12 महीनों में अमेरिका का ब्याज भुगतान 1.2 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है। अब फेडरल गवर्नमेंट का सोशल सिक्योरिटी बजट ही इससे ज्यादा रह गया है। यानी अमेरिका का डिफेंस, हेल्थ और दूसरे जरूरी कामों से ज्यादा पैसा कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए देना पड़ रहा है। माना जा रहा है कि अगर यही स्थिति रही और अमेरिका को मंदी का सामना नहीं करना पड़ा तो साल 2054 तक अमेरिका का नेट इंटरेस्ट पेमेंट फेडरल रेवेन्यू का 34% तक पहुंच सकता है। दुनिया में उथलपुथल मचाने वाले ट्रंप ने अडानी को दी बड़ी राहत। अमेरिका में बड़े निवेश की तैयारी

▸▸ काम नहीं आ रही ट्रंप की कोई तरकीब

### कितना पहुंचा कर्ज

अमेरिका का कर्ज 36 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच चुका है जो देश की जीडीपी का करीब 125 फीसदी है। दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश अमेरिका का कर्ज पिछले 24 साल में छह गुना बढ़ गया है। साल 2000 में अमेरिका पर 5.7 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज था जो अब 34.2 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया है। साल 2010 में यह 12.3 ट्रिलियन डॉलर और 2020 में 23.2 ट्रिलियन डॉलर था। यूएस कांग्रेस के बजट दस्तावेजों के मुताबिक अगले दशक तक देश का कर्ज 54 ट्रिलियन डॉलर पहुंचने का अनुमान है। अमेरिका को रोजाना 1.8 अरब डॉलर ब्याज के भुगतान में खर्च करने पड़ रहे हैं।

# 10 सालों में भारत के खुदरा बाजार में बढ़ोत्तरी

### ▸▸ दोगुना हो गया रिटेल सेक्टर



**नई दिल्ली।** भारत के रिटेल सेक्टर के साल 2034 तक बढ़कर 190 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसका सबसे अधिक लाभ उन खुदरा विक्रेताओं को होगा जिनके पास देश की विविध जनसांख्यिकी और विपरीत उपभोक्ता व्यवहारों को अपनाने की क्षमता है।
इस रिपोर्ट को बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने मिलकर तैयार किया है। इसमें कहा गया है कि अलग-अलग उपभोक्ता समूहों के साथ खुदरा विक्रेताओं को विभिन्न अवसरों को पहचानने और भारत में सफल होने के लिए तेजी से चयन करने की जरूरत होगी। भारत में खुदरा बाजार साल 2024 में 82 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। यह साल 2014 में 35 लाख करोड़ रुपए का था। पिछले दशक के दौरान देश का खुदरा क्षेत्र सालाना 8.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा है।

### देसी-विदेशी कंपनियों में होड़

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय खुदरा क्षेत्र 2024-34 के दौरान सबसे ऊंची वृद्धि दर्ज करने के लिए तैयार है। इसमें कहा गया है कि भारतीय खुदरा क्षेत्र विशाल है और इसके 2034 तक 190 लाख करोड़ रुपए पर पहुंचने की उम्मीद है। यही वजह है कि देश और दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत के रिटेल सेक्टर पर अपना दबदबा कायम करने की कोशिश में लगी हैं। टाटा, रिलायंस और अडानी इस सेक्टर में बड़ा दांव खेल रहे हैं।

## आप का राशिफल 3 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-4-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेहमानों का आगमन होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। यात्रा का योग बन रहा है। शुभांक-2-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। मातृ पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-3-5-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-3-6-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। किसी से निकटता प्रेम-प्रसंग में बदलेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-8-9

# पेटीएम के पैरेंट कंपनी की मुश्किलें बढ़ी

■ अब ईडी ने भेजा नोटिस, शेयर में होगी हलचल?



**नई दिल्ली।** फिनटेक फर्म पेटीएम की पैरेंट कंपनी-वन97 कम्युनिकेशंस की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दो सब्सिडयरी कंपनियों के अधिग्रहण के संबंध में कंपनी द्वारा कुछ फेमा नियमों के कथित उल्लंघन के लिए नोटिस भेजा है। बता दें कि पेटीएम ने दोनों कंपनियों का अधिग्रहण 2017 में किया था।
ये सब्सिडयरी कंपनियां-लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड और नियरबाय इंडिया प्राइवेट लिमिटेड हैं। वन97 कम्युनिकेशंस ने बताया- यह कंपनी द्वारा दो सब्सिडयरी कंपनियों लिटिल इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड (एलआईपीएल) और नियरबाय इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनआईपीएल) के साथ-साथ कुछ निदेशकों और अधिकारियों के अधिग्रहण के संबंध में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 ('फेमा') के कुछ प्रावधानों के वर्ष 2015 से 2019 के लिए कथित उल्लंघन के संबंध में है।
सूचना में कहा गया कि यह नोटिस वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड, इसकी दो अधिग्रहीत अनुषंगी कंपनियों एलआईपीएल और एनआईपीएल, तथा कंपनी और इसकी दो अनुषंगी कंपनियों के कुछ वर्तमान और पूर्व निदेशकों और अधिकारियों को जारी किया गया है।
पेटीएम ने कहा कि इस मामले को लागू कानूनों के अनुसार हल करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है और इस मामले का पेटीएम की अपने उपभोक्ताओं और व्यापारियों को दी जाने वाली सेवाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा तथा सभी सेवाएं हमेशा की तरह पूरी तरह चालू और सुरक्षित हैं।

# एफआईआई ने भारतीय बाजारों से निकाले 34,574 करोड़



**मुंबई।** फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एफआईआई) ने फरवरी में भारतीय शेयर बाजारों से 34,574 करोड़ रुपए निकाले हैं। वहीं 2025 के पहले दो महीनों जनवरी और फरवरी में एफआईआई ने टोटल 1.12 लाख करोड़ रुपए की बिकवाली की है। जनवरी में एफआईआई ने 78,027 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचे थे। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, भारतीय शेयरों की हाई वैल्यूएशन और कॉरपोरेट इनकम में ग्रोथ को लेकर चिंताओं के कारण एफआईआई लगातार पैसे निकाल रहे हैं। दिसंबर 2024 में एफआईआई ने भारतीय शेयर बाजारों में 15,446 करोड़ रुपए निवेश किए थे। वहीं पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को भी एफआईआई नेट सेलर्स बने रहे। वहीं डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स यानी डीआईआई नेट बायर्स बने रहे। प्रोविजनल डेटा के अनुसार, 28 फरवरी को एफआईआई ने 11,639.02 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचे, जबकि डीआईआई ने 12,308.63 करोड़ रुपए के शेयर्स खरीदे हैं। ट्रेडिंग सेशन के दौरान, डीआईआई ने 28,065.55 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे और 15,756.92 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। वहीं एफआईआई ने 39,239.44 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे और 50,878.46 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। बाजार की हालिया बिकवाली की मुख्य वजह अमेरिका में बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी, अमेरिकी डॉलर में मजबूती और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताएं हैं। इससे निवेशकों का ध्यान अमेरिकी एसेट्स की ओर बढ़ रहा है। वित्त-वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनियों के नतीजे कमजोर रहे हैं, जो अनिश्चितता के माहौल को दर्शाता है। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, भारत में हाई वैल्यूएशन की वजह से एफआईआई बिकवाली कर रहे हैं। वे अपना पैसा चीन के शेयरों में लगा रहे हैं, जहां वैल्यूएशन कम है। इतना ही नहीं एफआईआई फाइनेंशियल सर्विसेज में बड़े पैमाने पर बिकवाली कर रहे हैं, जबकि यह सेक्टर अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और इसकी वैल्यूएशन आकर्षक है। इसके अलावा एफआईआई डेट या बॉन्ड बाजार से भी पैसा निकाल रहे हैं। फरवरी महीने में एफआईआई ने बॉन्ड बाजार से जनरल लिमिट के तहत 8,932 करोड़ रुपए और वॉलंटरी रिटेंशन रूट से 2,666 करोड़ रुपए निकाले। एफआईआई का 2024 में भारतीय बाजार में निवेश 427 करोड़ रुपए रहा था। इससे पहले 2023 में एफआईआई ने 1.71 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया था। वहीं 2022 में एफआईआई ने भारतीय बाजार से 1.21 लाख करोड़ रुपए की निकासी की थी। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार (28 फरवरी) को सेंसेक्स में 1414 अंकों (1.90%) की गिरावट रही। ये 73,198 के स्तर पर बंद हुआ।

# श्रेयस अय्यर के नाम धीमी पारी का रिकॉर्ड



## अय्यर ने 75 गेंद में बनाया अर्धशतक

**नई दिल्ली।** श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल के बीच चौथे विकेट के लिए 136 गेंद में 98 रन की साझेदारी हुई। इस दौरान श्रेयस अय्यर ने अर्धशतक लगाया, जोकि वनडे फॉर्मेट में उनका सबसे धीमी फिफ्टी है। श्रेयस अय्यर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में 75 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। जोकि उनके वनडे करियर का सबसे धीमा अर्धशतक है। इससे पहले उन्होंने 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में 74 गेंदों में 50 रन पूरे किए थे। श्रेयस अय्यर ने रविवार को अक्षर के साथ पारी को संभाला और भारत को दबाव से भी निकाला। हालांकि उनके पास शतक पूरा करने का सुनहरा मौका था। लेकिन वह चूक गए। श्रेयस अय्यर ने 98 गेंद में 79 रन की दमदार पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। अय्यर को विलियम ने पवेलियन का रास्ता दिखाया। अक्षर पटेल ने 61 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (42) रनों की पारी खेली। श्रेयस अय्यर ने 98 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (79) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। 40वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने के एल राहुल (23) को अपना शिकार बनाया। 46वें ओवर में मैट हेनरी ने रवींद्र जाडेजा (16) को आउट न्यूजीलैंड को सातवीं सफलता दिलाई।

### 31वीं गेंद पर निकला पहला चौका

मैच के दौरान श्रेयस अय्यर की धीमी बल्लेबाजी का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि उनके बल्ले से पहला चौका 31वीं गेंद पर देखने को मिला। अक्सर मैदान में छक्के-चौकों की बरसात करने वाले अय्यर आज के मुकाबले में केवल चार चौके और दो छक्के ही लगा पाए। मैच के दौरान जरुर अय्यर ने धीमी गति से बल्लेबाजी की। इसके बावजूद टीम प्रबंधन और खुद श्रेयस अय्यर काफी खुश होंगे। क्योंकि एक समय पर टीम इंडिया 6 ।4 ओवरों में महज 30 रन पर अपने तीन बड़े विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। ऐसी स्थिति में अय्यर ने चौथे क्रम पर आकर ना केवल विकेटों के पतझड़ को रोका, बल्कि पारी को भी अक्षर पटेल के साथ बखूबी संवारा।

### पहले नंबर पर पहुंचे रोहित शर्मा

- रोहित शर्मा वनडे क्रिकेट के सबसे शानदार बल्लेबाजों में से एक हैं। वह इकलौते ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने वनडे क्रिकेट में तीन दोहरे शतक लगाए हैं। वह ऐसे बल्लेबाज हैं, जो लय में होने पर मैच का रुख बदल सकते हैं और उनके पुल शॉट का कोई भी सानी नहीं है। इस समय वह चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारतीय टीम की कप्तानी संभाल रहे हैं। जहां टीम इंडिया न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेल रही है। मैच में कीवी कप्तान मिचेल सेंटनर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में रोहित शर्मा बड़ी पारी नहीं खेल पाए। वह 17 गेंदों में सिर्फ 15 रन बनाकर आउट हो गए। इस दौरान उन्होंने एक चौका और एक छक्का लगाया।

### हार्दिक ने चार चौके और दो छक्के लगाए

- हार्दिक पंड्या ने 45 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (45) रनों की शानदार पारी खेली। मोहम्मद शमी (पांच) मैट हेनरी का पांचवां शिकार बने। न्यूजीलैंड के शानदार गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारत निर्धारित 50 ओवरों नौ विकेट पर 249 रन ही बना सका।

# न्यूजीलैंड दौरे से हट सकते पाकिस्तान के सीनियर क्रिकेटर



**कराची।** चैंपियंस ट्रॉफी से शर्मनाक तरीके से बाहर होने के बाद पाकिस्तान के कुछ सीनियर खिलाड़ी अगले महीने न्यूजीलैंड दौरे पर जाने वाली टीम से खुद को अलग कर सकते हैं। सूत्रों ने जानकारी दी। पाकिस्तान 29 साल के लंबे अंतराल के बाद आईसीसी के किसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है लेकिन वह एक भी मैच जीते बिना इससे बाहर हो गया। टीम ने कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ 60 रन की भारी हार के साथ अभियान शुरू किया और फिर दुबई में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से छह विकेट से हार गया। रावलपिंडी में गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ मेजबान टीम के मैच को बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। इस मामले की जानकारी रखने वाले पीसीबी के अधिकारी ने कहा कुछ खिलाड़ी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या उन्हें न्यूजीलैंड की यात्रा करनी चाहिए।

### बाबर-शाहीन हो सकते हैं बाहर

बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ, नसीम शाह खुद को दौरे के लिए अनुपलब्ध रखने पर विचार कर रहे हैं। एक सूत्र ने कहा, 'इन खिलाड़ियों को पता है कि चयनकर्ताओं द्वारा उन्हें बाहर किए जाने की काफी आशंका है। वे अब नए चेहरों को आजमाना चाहेंगे, इसलिए ऐसे खिलाड़ी खुद अपना ना वापस लेने के बारे में सोच रहे हैं। वे अगला कदम उठाने के लिए अपने प्रतिनिधियों के साथ परामर्श कर रहे हैं।'

### रिजवान के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल

कप्तान मोहम्मद रिजवान के भविष्य पर भी अनिश्चितता के बादल है क्योंकि चयनकर्ता इस साल के अंत में एशिया कप और अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले टी20 टीम के पुनर्निर्माण के लिए अध्यक्ष को सिफारिश कर सकते हैं। इस बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) लाहौर में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अंतरिम मुख्य कोच आकिब जावेद के लिए एक नई भूमिका की तलाश कर रहा है।

# विदर्भ ने तीसरी बार जीता रणजी ट्रॉफी का खिताब



**फाइनल में केरल को हराया**

**नागपुर।** विदर्भ ने फाइनल मुकाबले में रनों का पहाड़ करते हुए केरल को हराकर रविवार को पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया है। केरल और विदर्भ के बीच नागपुर में खेला गया फाइनल मुकाबला पांचवें दिन ड्रॉ पर समाप्त हुआ। विदर्भ को पहली पारी में केरल पर बनाई गई बढ़त के आधार पर जीत मिली और इस घरेलू टूर्नामेंट में चैंपियन बन गया। विदर्भ ने तीसरी बार रणजी का खिताब जीता है। इससे पहले उसने 2017-18 और 2018-19 में खिताब जीता था। विदर्भ के दानिश मालेवार को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। वहीं विदर्भ के हर्ष दुबे को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला। विदर्भ ने कल के चार विकेट पर 249 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सिक्योरिटी मैच के पांचवें दिन करूण नायर ने अभी अपने कल के स्कोर में तीन रन जोड़े थे कि आदित्य सरवटे ने उन्हें अजरुद्दीन ने स्टंप कर पवेलियन भेज दिया। नायर ने (295) में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए (135) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। हर्ष दुबे (चार) रन बनाकर आउट हुए। कप्तान अक्षय वड़कर (25) को सरवटे ने बोल्ड आउट किया। अक्षय कारनेवार (30) को एनपी बासिल ने बोल्ड किया। दोनों कप्तानों की मैच ड्रा करने की सहमिति के समय विदर्भ ने 143.5 ओवरों में नौ विकेट पर 375 रन बना लिए थे और दर्शन नालकंडे (51 अवजित) और यश ठाकुर (आठ) अविजित रहे। केरल की ओर से आदित्य सरवटे ने चार विकेट लिए। एम डी निधीष, जलज सक्सेना, ईडन ऐपल टॉम, एनपी बासिल और अक्षय चंद्रन ने एक-एक विकेट लिया।


# ऑस्ट्रेलिया से सेमीफाइनल खेलना चाहेगा भारत : सुनील गावस्कर



**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने बताया है कि भारत मौजूदा आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के बजाय ऑस्ट्रेलिया से खेलना क्यों पसंद करेगा। शनिवार को दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली आखिरी टीम बनी। भारत, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। प्रोटियाज ने ग्रुप बी में टॉप किया। बता दें कि टीम इंडिया चाहे किसी से भी सेमीफाइनल में भिड़े, उनका मैच मंगलवार को दुबई में ही होगा। गावस्कर ने बात करते हुए कहा कि अगर भारत को विकल्प दिया जाए, तो वे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से खेलना पसंद करेंगे क्योंकि पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के तेज गेंदबाजी तिकड़ी की अनुपस्थिति के कारण उनकी गेंदबाजी थोड़ी अनुभवहीन है। सुनील गावस्कर ने कहा, 'दोनों मजबूत टीमें हैं, इसमें कोई शक नहीं है। ऐसी कोई टीम नहीं है जिसे भारत कहेगा कि हमें इससे खेलना है, क्योंकि अब वे जानते हैं कि वे नॉकआउट स्टेज में आ गए हैं। यहां अब करो या मरो है इसलिए मुझे नहीं लगता कि वे किसी भी टीम को पसंद करेंगे।

# युकी भांबरी ने दुबई में पहला एटीपी 500 युगल खिताब जीता

## बोल्लिपल्ली ने चिली ओपन युगल खिताब जीता



**दुबई।** भारत के युकी भांबरी ने पहला एटीपी 500 पुरूष युगल खिताब जीत लिया जब उन्होंने आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार एलेक्सेइ पोपिरिन के साथ दुनिया की 14वें नंबर की जोड़ी फिनलैंड के हारी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पाटेन को दुबई टेनिस चैंपियनशिप में हराया। पहला सेट हारने के बाद दोनों ने शानदार वापसी करते हुए शनिवार को 51 मिनट तक चला मुकाबला 3-6, 7-6, 10-8 से जीता। इस जीत के साथ भांबरी सोमवार को एटीपी रैंकिंग में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 40वीं रैंकिंग हासिल कर लेंगे। भांबरी और पोपिरिन ने खिताबी सफर में दुनिया की नंबर एक जोड़ी अल सल्वाडोर के मार्शेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पेविच को 4-6, 7-6, 10-3 से मात दी। उन्होंने ब्रिटेन के जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल को 5-7, 7-6, 10-5 से मात दी। पुरूष एकल वर्ग में स्टेफानोस सिटसिपास ने कनाडा के फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को हराकर खिताब जीता।

**भारत के बोल्लिपल्ली ने चिली ओपन युगल खिताब जीता**

भारत के रित्विक चौधरी बोल्लिपल्ली ने कोलंबिया के निकोलस बारियेंतोस के साथ मिलकर शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के आंद्रेस मोल्तेनी और मैक्सिमो गोंजालेस को सीधे सेटों में हराकर सैंटियागो में चिली ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीता।

रित्विक और निकोलस की गैर वरीय जोड़ी ने गोंजालेस और मोल्तेनी को एक घंटा चले फाइनल मुकाबले में 6-3, 6-2 से हराया।

# धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने बहाया पसीना



**धर्मशाला।** आईपीएल के 2025 संस्करण को लेकर शैड्यूल जारी होने के बाद पंजाब किंग्स की टीम के खिलाड़ियों ने मैचों से पहले अभ्यास कर पसीना बहाना शुरू कर दिया है। रविवार को पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने दोपहर बाद एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला में अभ्यास कर खूब पसीना बहाया। पंजाब के खिलाड़ियों में प्रभ सिमरन सिंह, शशांक, भारतीय स्पिन गेंदबाजी के अनुभवी खिलाड़ी यजुवेंद्र चहल सहित करीब 10 खिलाड़ियों ने यहां अभ्यास किया। इस अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों ने पिच पर भी अभ्यास कर पिच का मिजाज जानने का प्रयास किया। इसके साथ ही एचपीसीए के खिलाड़ियों को भी पंजाब के खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करने का मौका मिला। बताया जा रहा है कि सोमवार को भी पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों का अभ्यास सत्र जारी रहेगा। वहीं इस सत्र के साथ ही पंजाब की टीम यहां अभ्यास मैच खेलेगी। हालांकि इन मैचों का आयोजन मौसम के हालात पर निर्भर करेगा, साथ ही यह मैच किसके साथ होगा, यह इसकी स्थिति भी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है।

# मनोरंजन



# व्हाइट गाउन में हुस्नपरी बनीं तमन्ना

बॉलीवुड और साउथ की खूबसूरत एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया अपनी फिल्मों के साथ ग्लैमरस लुक्स को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी खासी एक्टिव हैं। जहां हाल ही में वो सफेद परी बनकर लोगों का दिल लूटती नजर आई। तमन्ना भाटिया ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट से कुछ चुनिंदा और खूबसूरत तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक बार फिर तमन्ना का दिलकश अवतार देखने को मिला। एक्ट्रेस व्हाइट कलर की प्रिंटेड डीपनेक गाउन पहना हुआ है। तमन्ना ने अपना ये हसीन अवतार कर्ली बालों के साथ बन बनाकर, ग्लोसी मेकअप और डार्क लिपस्टिक के साथ पूरा किया है। हर तस्वीर में एक्ट्रेस कैमरे के लिए अलग पोज देती नजर आई। वहीं तमन्ना की मैचिंग हील्स उनके लुक में चार चांद लगा रही है। एक्ट्रेस ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में सफेद पंछी की इमोजी लगाई। तस्वीरें ये साबित भी कर रही हैं कि एक्ट्रेस इन फोटोज में किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही। तमन्ना की ये अदाएं देख एक्ट्रेस के फैंस भी अपने होश खो बैठे हैं। कोई उन्हें फायर तो कोई अप्सरा कहता हुआ नजर आ रहा है। बता दें कि इन दिनों एक्ट्रेस बॉलीवुड एक्टर विजय वर्मा को डेट कर रही हैं। दोनों की शादी का फैंस को बेसब्री से इंतजार है।



# 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा 2' को लेकर अटकलें

ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल अभिनीत जिंदगी ना मिलेगी दोबारा अपनी रिलीज के 13 साल बाद भी प्रशंसकों की पसंदीदा बनी हुई है। जबकि दर्शक 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' के सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं, इस बीच अब ऋतिक, फरहान और अभय हाल ही में फिर से साथ आए, लेकिन दुख की बात है कि सीक्वल के लिए नहीं। ऋतिक, फरहान और अभय यास आइलैंड के साथ एक विशेष सहयोग के लिए फिर से साथ आए। तीनों ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक तस्वीर साझा की और एक संयुक्त पोस्ट में लिखा, 'समय लगा, लेकिन आखिरकार हमने यस कहा- 'जिंदगी को यस बोल'। प्रशंसकों ने इस पोस्ट पर उत्साह के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की, हालांकि कई लोगों ने अनुमान लगाया कि यह सहयोग किसी विज्ञापन के लिए था।

इस साल की शुरुआत में फरहान ने ऋतिक और अभय के साथ एक रेस्तरां में बैठे हुए एक वीडियो शेयर किया था। वीडियो में अभय को एक किताब को घूरते हुए देखा गया था। ऋतिक ने भी उसी किताब को देखते हुए कहा, 'अविश्वसनीय', जबकि फरहान ने कहा, 'शानदार।' जिस किताब को तीनों देख रहे थे, वह थी द थ्री मस्किटर्स, जो फ्रांसीसी लेखक एलेक्जेंडर डुमास का क्लासिक एडवेंचर उपन्यास है। फरहान अख्तर ने इस पोस्ट में अपनी बहन और फिल्म निर्माता जोया अख्तर को टैग किया। कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'जोया अख्तर क्या आपको ये संकेत दिख रहे हैं?' बैकग्राउंड में फरहान ने प्रतिष्ठित जिंदगी ना मिलेगी दोबारा का गाना सेनोरिटा जोड़ा गया था, जिससे प्रशंसक पुरानी यादों में खो गए।

# 'बागी 4' का नया पोस्टर रिलीज

बॉलीवुड के एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ अपना 35वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर फिल्म के निर्माताओं ने 'बागी 4' फिल्म का एक नया पोस्टर रिलीज किया है, जिसमें टाइगर फुल एक्शन और थ्रिलर लुक में नजर आ रहे हैं। अभिनेता टाइगर श्रॉफ की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बागी 4' का नया पोस्टर रविवार को रिलीज कर दिया गया। इस पोस्टर को टाइगर श्रॉफ के जन्मदिन के दिन जारी किया गया है, जो उनके फैंस के लिए भी एक तोहफा है। रिलीज हुए पोस्टर में टाइगर थ्रिलर लुक में नजर आ रहे हैं और उनके चेहरे से खून निकलता दिखाई दे रहा है। फिल्म के नए पोस्टर को नाडियाडवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है। बर्थडे बॉय टाइगर श्रॉफ ने फिल्म के नए पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। एक्टर ने इसके कैप्शन में लिखा कि जिस फ्रैंचाइजी ने उन्हें पहचान दी और उन्होंने ही उनको एक एक्शन हीरो के तौर पर साबित करने का मौका दिया। अब वही उनकी पहचान बदलकर दर्शकों के सामने नए अंदाज में लेकर आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि उम्मीद है आठ साल पहले जैसे दर्शकों ने प्यार दिया था, वैसे इस फिल्म को भी स्वीकार करेंगे।




# सामंथा ने फिल्म इंडस्ट्री में पूरे किए 15 साल



अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने फिल्मी दुनिया में15 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर एक खास कार्यक्रम में सामंथा रुथ प्रभ को सम्मानित किया गया। यह लम्हा प्यार, पुरानी यादों और प्रशंसकों के उत्साह से भरा हुआ था। सामंथा ने इस बीच बेहतरीन साड़ी पहनी हुई थी। जब उन्होंने अवॉर्ड हासिल किया तब वह उत्साहित लग रही थीं। सामंथा ने अवॉर्ड की जगह से साड़ी में अपनी कई फोटो शेयर की हैं। सामंथा ने अपने लुक को गोल्डन साड़ी और गहनों से पूरा किया था। सामंथा के काम की बात करें तो वह आखिरी बार 'सिटाडेल हनी बनी' में नजर आई थीं। उनके साथ वरुण धवन ने काम किया है। सामंथा ने साल 2010 में तेलुगू फिल्म 'ये माया चेसावे' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इस फिल्म में सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री के लिए उन्हें फिल्म फेयर अवॉर्ड मिला। उन्हें साल 2012 में 'नीथाने एन पोनवसंथम' तमिल फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला। इसके साथ इसी साल में उन्हें तेलुगू फिल्म 'ईगा' में काम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड दिया गया। इसके बाद उन्होंने इंडस्ट्री को कई बेहतरीन फिल्में दीं। उन्होंने अत्तरीनतिकी दरेदी (2013), कत्थी (2024), थेरी (2016), 24 (2016), मेरसल (2017) साल 2012 में सामंथा हिंदी फिल्म 'एक दीवाना था' में नजर आईं।

# 'एसएसएमबी 29' की शूटिंग में व्यस्त प्रियंका चोपड़ा



एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा हिंदी फिल्मों के साथ-साथ हॉलीवुड फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। अब प्रियंका चोपड़ा लंबे वक्त के बाद साउथ की फिल्म से वापसी करने जा रही हैं। प्रियंका चोपड़ा को लेकर खबरें थीं कि वो एसएस राजामौली की फिल्म एसएसएमबी 29 में नजर आएंगी। अब प्रियंका चोपड़ा की मां ने इस खबर को कंफर्म कर दिया है। प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कहा कि प्रियंका फिल्म की शूटिंग में ही हैं। खास बातचीत में प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा ने प्रियंका का एसएसएमबी 29 में होना कंफर्म किया। उनसे जब इसे जुड़ा सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, वहीं शूटिंग पर हैं वो। उन्होंने माना कि प्रियंका चोपड़ा अभी हैदराबाद में फिल्म की शूटिंग के लिए हैं। एसएसएमबी 29 की बात करें तो इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा के साथ साउथ एक्टर महेश बाबू नजर आएंगे।

फिल्म की ज्यादा डिटेल्स अभी सामने नहीं आई हैं। फिल्म की कहानी राजामौली के पिता विजेंद्र प्रसाद ने लिखी है। वहीं ये फिल्म एक एक्शन एडवेंचर फिल्म होगी। प्रियंका चोपड़ा के काम की बात करें तो बॉलीवुड में उन्हें आखिरी बार 'स्काई इज पिंक' में देखा गाया था। यह फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा के साथ फरहान अख्तर नजर आए थे। प्रियंका की ये फिल्म सच्ची घटना पर आधारित थी। प्रियंका चोपड़ा की 'स्काई इज पिंक' की आईएमडीबी रेटिंग 7.6 है। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

अमेरिका निवासी डॉ एरियाना व सरुपगंज निवासी आदित्य अग्रवाल ने थामा एक-दूसरे का हाथ

# अमेरिकन युवती ने सनातन परंपरा अनुरूप लिए फेरे

## दोनों परिवारों ने दिया वर-वधु को आशीर्वाद

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** अमेरिका निवासी डॉक्टर युवती ने अपने भारतीय मंगेतर के साथ उदयपुर आकर भारतीय परंपरानुसार वैदिक रीति रिवाजों से फेरे लेकर दाम्पत्य जीवन अंगीकार किया। यही नहीं विदेशी माता-पिता ने सनातन धर्म की परंपरा के अनुसार कन्यादान कर युवक के हाथ में अपनी पुत्री का हाथ थमा कर भारतीय विवाह पद्धति की सराहना भी की। सिरोही जिले के सरूपगंज निवासी पूरणमल अग्रवाल व रेवतीदेवी अग्रवाल का पौत्र व मुंबई के चार्टर्ड अकाउंटेंट मुरारीलाल अग्रवाल व सुमन अग्रवाल का पुत्र एवं फालना निवासी सुरेशचंद्र अग्रवाल व सुशीला अग्रवाल का दौहिता आदित्य अग्रवाल अमेजॉन के संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रबंधक वित्त के पद पर कार्यरत है।



संयुक्त राज्य अमेरिका में हुई एक कॉन्फ्रेंस के दौरान उनकी मुलाकात संयुक्त राज्य अमेरिका निवासी टिमोथी व इवा की पुत्री डॉ एरियाना से हुई। दोनों के बीच शीघ्र ही यह रिश्ता दिल की गहराइयों से जुड़ गया। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे का हमसफर बनने का निर्णय लिया। जिस पर दोनों परिवारों ने सहमति जता दी। इसके बाद परिवार के करीब 40 सदस्य संयुक्त राज्य अमेरिका से उदयपुर में निर्धारित विवाह स्थल पहुंच गए। यहां उन्होंने सनातन धर्म परंपरा के अनुसार करीब 4 घंटे के विधि विधान के बीच फेरों की रस्म निभाई। वधु के माता-पिता ने अपनी पुत्री डॉ एरियाना का कन्यादान किया। इस मौके पर विदेश से आए मेहमानों ने सनातन विवाह संस्कार परंपरा की सराहना की। दोनों पक्षों के लोगों ने वर-वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। भारतीय संस्कृति के अनुरूप जमाई का पूजन भी किया गया। शादी समारोह में नृत्य, संगीत सभी कार्यक्रमों में भारतीय परंपरा व संस्कृति साकार हुई।

## रुपए देने से मना करने पर व्यापारी पर जानलेवा हमला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** शहर के पुराना पाली बस स्टैंड पर शुक्रवार देर शाम एक व्यापारी द्वारा पैसे देने से इंकार करने पर दो युवक उसपर जानलेवा हमला कर फरार हो गए। सीआइ रविन्द्रसिंह खिंची ने बताया कि उषापुरी गेट निवासी बलवंतसिंह पुत्र वेनसिंह राजपूत सांय करीब साढे आठ बजे शिवगंज स्थित अपनी ऑयल मील से सुमेरपुर की ओर आ रहा था। जवाई नदी पार कर नीलकंठ महादेव मंदिर तक पहुंचने पर दो युवकों ने व्यापारी की गाड़ी रूकवाकर पैसे देने की मांग की। बलवंतसिंह ने दोनों युवकों को पैसे देने से इंकार कर दिया और अपनी गाड़ी लेकर रवाना हो गया। दोनों युवक अयाम व फैशन पुत्र जावेद खां निवासी शिवगंज ने पैसा नहीं देने से नाराज होकर व्यापारी की गाड़ी का पीछा किया और पुराना पाली बस स्टैंड पर बलवंतसिंह की गाड़ी के आगे अपनी गाड़ी लगाकर अचानक लोहे की रोड से बलवंतसिंह के सिर पर हमला कर दिया। जिससे बलवंतसिंह लहूलुहान होकर अचेत होकर नीचे गिर गया।

# पुलिस घंटों नापती रही अपनी सीमाएं, सड़क पर पड़ा रहा शव

## परिजन लगाते रहे अधिकारियों से गुहार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** शहर के लोर्डिया तालाब किनारे शनिवार रात को अज्ञात कारण से एक युवक की मौत हो गई। मृतक का शव करीब पांच घंटे तक सड़क किनारे पड़ा रहा। सूचना के बाद तीन थानों व एक चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर तो पहुंचे। लेकिन अपना थाना क्षेत्र नहीं होने का हवाला देते हुए आपस में उलझते नजर आए। ऐसे में मृतक के परिजन पुलिसकर्मियों से शव को अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचवाने की गुहार लगाते रहे। आखिरकार पांच घंटे बाद रात 9.30 बजे शव वाहिनी से मृतक के शव को बांगड़ अस्पताल की मोर्चरी पहुंचवाया गया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान पांच मौखा पुलिया निवासी कालूराम (42) पुत्र प्रकाश वाल्मीकि के रूप हुई। पहचान होने पर मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। इस पर मृतक की पत्नी, पुत्र व पुत्री मौके पर पहुंचे। इस बीच कोतवाली थाने के दो पुलिसकर्मी बाइक पर सवार होकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह हल्का तो ट्रांसपोर्ट नगर या औद्योगिक थाने का है। इस पर उन्होंने औद्योगिक थाना और ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद दोनों थानों की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इस दरम्यान तीन थानों व एक चौकी के पुलिसकर्मी मौके पर एक-दूसरे से घटना स्थल के क्षेत्राधिकार को लेकर चर्चा में उलझे रहे व शव जस का तस सड़क किनारे ही पड़ा रहा। इसके बाद शव मोर्चरी पहुंचवाया गया।



## सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत सौंपा चेक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक शाखा सांडेराव द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजना अंतर्गत बीमित दिवंगत सोहनलाल की पत्नी को बीमा क्लेम के रूप में दो लाख रुपए का चेक सौंपा गया। शाखा प्रबंधक के अनुसार सोहनलाल ने पीएमजेजेबीवाइ के तहत बीमा करवा रखा था। उसकी मृत्यु होने पर क्लेम की समस्त प्रक्रिया शाखा स्टाफ द्वार कर चौदह दिन के भीतर क्लेम राशि के रूप में दो लाख रुपए का चेक नॉमिनी को सौंपा गया। जिसे उसने खाते में जमा करवा दिया। नॉमिनी मीरा ने क्लेम की त्वरित कार्रवाई कर राहत पहुंचाने पर शाखा प्रबंधक कुलदीप चौपड़ा का आभार जताया। इस दौरान शाखा प्रबंधक समेत सुलेखा मीणा, प्रतिभाकुमारी, दिलीप वैष्णव, दामिनी मेवाड़ा, चंद्रप्रकाश मेवाड़ा एवं बैंककर्मी व प्रबुद्धजन मौजूद थे।

## नंदीशाला में श्याम मित्र मंडल ने भेंट किया सुखा चारा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** कामधेनु पुत्र 36 कौम नंदीशाला जाखा नगर में भामाशाह की ओर से गोवंश के लिए एक ट्रक सूखा चारा भेंट किया गया। नंदी शाला समिति के प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि भामाशाह श्याम मित्र मंडल अरावली चेरिटेबल ट्रस्ट सुमेरपुर शिवगंज द्वारा यह चारा भेंट किया गया। नंदीशाला समिति द्वारा भामाशाह ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया गया। ट्रस्ट के सुरेश सिंहल ने बताया कि शहर के बेसहारा गोवंश को नगर पालिका के सहयोग से यहां जाखा नगर शिफ्ट किया गया है। बेसहारा गोवंश के चारे कि कमी को देखते हुए ट्रस्ट की और सें सूखा चारा ट्रक भेंट किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष लालचंद अग्रवाल, सचिव राजेश जोशी, श्याम मित्र मंडल के सुरेश सिंहल, दिनेश ऐरन, महेश गुप्ता, रमेश अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, जयदीप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## केजीबी आवासीय विद्यालय में मनाया किशोरी बाल मेला



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** क्षेत्र के जैतपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में आयोजित एक दिवसीय किशोरी बाल मेले के दौरान बालिकाओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। बालिकाओं द्वारा मेले में अनेक प्रकार की प्रदर्शनियां सजाई गई। जिसके माध्यम से बेटियों को सशक्त बनाने की प्रेरणा दी गई। मुख्य अतिथि अतिरिक्त बालिका परियोजना समन्वयक प्रवीण चारण, बालिका शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण चौधरी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किशनसिंह राजपुरोहित ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। नोडल प्रभारी प्रधानाचार्य पूनम रस्तोगी ने कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने व बालिका को सशक्त बनाने के लिए इस तरह का आयोजन प्रशंसनीय है। इस दौरान मदनसिंह जागरवाल, सालगदास वैष्णव, प्रधानाध्यापिका ज्योति मनवानी, गौतम त्रिवेदी, सुरेश परिहार, जयंतीलाल कवाड़, पुष्पा चारण, कौशल्या, कुसुमलता सहित विद्यालय स्टाफ व ग्रामीण मौजूद थे।

# नशामुक्ति यात्रा का पूर्व प्रधान ने किया स्वागत

## नशा छोड़ो जीवन जोड़ो यात्रा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** राजस्थान की समृद्धि और युवाओं को नशे की लत छुड़ाने व समाज की बेहतरी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जैसलमेर से जयपुर तक निकाली जा रही नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो यात्रा का रविवार को पाली पहुंचने पर पूर्व प्रधान कांग्रेस नेता हरीशंकर मेवाड़ा के सानिध्य में प्रदेश महासचिव राजेन्द्रसिंह जाखोड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों की ओर से स्वागत किया गया। एनएयूआइ प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में गत 23 फरवरी को नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो यात्रा सांगड़ जैसलमेर से रवाना हुई जो विभिन्न जिलों से होते हुए जयपुर पहुंचेगी।



पाली पहुंचने के दौरान कांग्रेस के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं और आमजन की मौजूदगी में पूर्व प्रधान मेवाड़ा ने यात्रा में शामिल लोगों को स्वागत सम्मान किया। उन्होंने यात्रा में शरीक लोगों को धूप से बचने के लिए चश्मे पहनाए व ज्यूस पिलाकर नशे के खिलाफ इस महाअभियान को अपना समर्थन देते हुए यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस दौरान संभाग प्रभारी रविंद्र महलावत, जिला सह प्रभारी माधाराम मेघवाल, युवा नेता मुकेश बारोलिया, युवा कांग्रेस विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मानसिंह रामनगर, युवा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष शैतानकुमार, मनोहर परमार, नासिर खान, कैलाश गोयल, ब्लॉक सचिव कांग्रेस जसवंत भारद्वाज, युवा कांग्रेस विधानसभा क्षेत्र उपाध्यक्ष कमलेश चौहान, छात्र नेता प्रमोद गर्ग, रघुवीरसिंह, बृजपाल सिंह, श्रीपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### यात्रा के दौरान प्रतिदिन लगाए गए खेजड़ी के पौधे

पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए यात्रा के शुभारंभ पर प्रतिदिन 5 खेजड़ी के पेड़ लगाए गए। जिससे खेजड़ी बचाओ आंदोलन को बल मिला। राजस्थान के मरुस्थलीय क्षेत्र में खेजड़ी का विशेष महत्व है और इस पहल के माध्यम से जलवायु संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया गया।

### नशा मुक्ति को यह प्रयास महत्वपूर्ण : मेवाड़ा

पूर्व प्रधान मेवाड़ा ने कहा कि राजस्थान अपनी समृद्ध संस्कृति, रंगीन परंपराओं और अतिथि सत्कार के लिए जाना जाता है। गौरवशाली पहचान के बीच गंभीर सामाजिक समस्या के रूप में तेजी से पनप रहे नशे और मद्यपान से युवा से लेकर वृद्धजन, पुरुषों से लेकर महिलाएं तक का एक वर्ग इससे प्रभावित है। ऐसे में निकाली गई यह यात्रा नशा मुक्ति को लेकर प्रेरित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। इस यात्रा का उद्देश्य न केवल लोगों को जागरूक करना है,बल्कि उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करना भी है। प्रदेश महासचिव जाखोड़ा ने कहा कि युवाओं में नशे की समस्या दिन ब दिन गहराती जा रही है। मादक पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बर्बाद कर रहा है, बल्कि परिवारों को तोड़ रहा है और सामाजिक ताने-बाने को भी प्रभावित कर रहा है। रोजगार की कमी, सामाजिक दबाव और जागरूकता की कमी ने युवाओं को नशे की चपेट में ला दिया है। इसका सीधा असर उनकी शिक्षा, करियर और जीवनशैली पर पड़ता है। यात्रा के दौरान विभिन्न गांवों में नुक्कड़ नाटकों और संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों पर जागरूकता फैलाई गई। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से ग्रामीणों और युवाओं को यह संदेश दिया कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बाद करता है।

# विद्यालय के वार्षिकोत्सव में रंगारंग प्रस्तुतियों ने बाधा समां



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** कस्बे के सनराइज पब्लिक माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं विद्यार्थियों का विदाई समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। पीइओ कपूरचंद परिहार ने कहा कि अध्ययन से ही बालकों में उनके व्यक्तित्व का विकास होता है। शिक्षा एक ऐसी साधना है। जिसके माध्यम से समाज परिवार को देश को उन्नति कारक बनाया जा सकता है। बालकों को अपनी शिक्षा सतत साधना के रूप में जीवंत रखना चाहिए। शाला परिवार की ओर से सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। समाजसेवी मनोज त्रिवेदी ने कहा कि विद्यार्थी अपने लक्ष्य तय कर एकाग्राचित होकर अध्ययन कर आगे बढें। अखिल भारत हिन्दू युवा मोर्चा पाली जिलाध्यक्ष महावीर मेवाड़ा सांडेराव ने कहा कि लक्ष्य निर्धारण करने से ही जीवन में सफलता मिलती है। भामाशाह मदनलाल लौहार ने कहा कि शिक्षा के लिए मन में भाव प्रतिस्पर्द्धा का भाव व दृढ निश्चय होना आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय परिवार द्वारा शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए बताया कि ऐसे निर्धन परिवार के विद्यार्थी जो शिक्षा अर्जन करना चाहते है परन्तु परिवार की स्थिति सही नहीं होने से वे आगे नहीं बढ सकते है। ऐसे बालकों को शिक्षा दिलाने में वे भी प्रयासरत है। संस्था प्रधान हरीश परिहार ने संस्थान के गतिविधियों पर प्रकाश डाला। दिनेशसिंह सिसोदिया ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यालय परिवार ने अतिर्थियों व भामाशाहो का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। मंच संचालक हरीश परिहार ने किया। कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान महेंद्रपुरी, घेवरचन्द्र चौहान, देशाराम, महिपालसिंह, नेनाराम मैंशन, कालूराम पटेल, प्रियंका राठौड़, मोनिका जोशी, सोनू सुथार, सुमन माली, अनिता परिहार, दिव्या चौहान, कौशल्या देवी, मेहमूदभाई, दरबारसिंह, कमलेश लौहार सहित प्रबुद्धजन मौजूद थे।



# जयकारों के बीच मंदिर में बिराजे नाकोड़ा पार्श्वनाथ भगवान

## प्रतिष्ठा महोत्सव में दिखा गजब का उत्साह



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**घाणेराव।** विजय हिमाचलसूरी कीर्तिस्तम्भ जैन मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित त्रिशिखरी शिखरबद्ध जिनालय में रविवार को जयकारों के बीच नाकोड़ा पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा की स्थापना की गई। सवेरे शुभ मुहुर्त में जैन संतों के सानिध्य में मंदिर की प्रतिष्ठा की गई। प्रतिमा स्थापना के दौरान मंदिर पर पुष्प वर्षा की गई। इससे पहले सुबह 9 बजे मन्दिर निर्माण और पांच दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव में सहयोग देने वाले भामाशाहों का ट्रस्ट कमेटी की ओर से बहुमान किया गया।

इसके बाद गाजे बाजे के साथ साधु भगवंत एवं जैन समाज के लोग मन्दिर प्रांगण पहुंचे। जहां आचार्य रविशेखरसूरी, आचार्य ललितशेखरसूरी, मुनिराज विरलविजय, विरागरत्न, साध्वी उपेन्द्रयशा, कमलप्रभा, संजयशिला, तिलकप्रभा के सानिध्य में मन्दिर की विधिवत रूप से प्रतिष्ठा शुरू हुई। संतों की ओर से पूजा अर्चना की गई। उसके बाद प्रतिष्ठा के विधि विधान के साथ नाकोड़ा पार्श्वनाथ भगवान मंदिर की प्रतिष्ठा हुई। लाभार्थी परिवार हाथी पर सवार होकर पहुंचा। हाथी मन्दिर की सीढ़ियों पर चढ़ा, तब लाभार्थी परिवार ने तोरण को टिका एवं रस्म की अदायगी की।

### यह भी रहे मौजूद

इस दौरान कीर्तिस्तंभ चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष अमृतलाल श्रीश्रीमाल, मंत्री पारस गुंदेशा, कोषाध्यक्ष विमलचंद चौहान, सदस्य कनकराज पुनमिया, सुरेश पुनमिया, नगीन बाफना, नरेश कोठारी, ललित पटनी, संजय छाजेड, अनिल राठौड़ सहित जैन समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद थे। मंदिर शिखर पर चढ़ाई ध्वजा, हुई कलश स्थापना प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान मंदिर शिखर पर लाभार्थी परिवार की ओर से ध्वजारोहण के साथ कलश स्थापना की गई।

## सुमेरपुर तहसील में पांच नए गांव जुड़े, अब कुल 73 गांव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम की धाराओं के तहत सुमेरपुर तहसील क्षेत्र में पांच नए राजस्व गांव घोषित किए गए हैं। तहसीलदार दिनेश आचार्य ने बताया कि कोलीवाडा पंचायत क्षेत्र के मूल गांव जाखोड़ा से जाखोड़ा नगर, गलथनी पंचायत के अणगोर से अणगोर नगर, पोमावा ग्राम पंचायत के पुराड़ा से अटल नगर, चाणोद ग्राम पंचायत के चाणोद प्रथम से मुकनगढ़ और नोवी पंचायत के नोवी से रूपनगर नए राजस्व ग्राम घोषित हुए हैं। राजस्व विभाग ने कलेक्टर को इन मूल राजस्व गांव और नए गांव के खसरा, जमाबंदी, नक्शे आदि अभिलेख को पृथक कर संधारण के लिए अधिकृत किया है। नए राजस्व ग्राम घोषित करने से यहां पहले से ज्यादा सरकारी सुविधा मिलेगी। राजस्व गांव घोषित करने पर ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत का आभार जताया।

# सफाई व्यवस्था का लिया जायजा, दिए दिशा निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ग्राम पंचायत दुजाना में चल रहे सफाई कार्य का सुमेरपुर के सहायक विकास अधिकारी हंसमुख कुमार व सहायक अभियंता नरेंद्र कुमावत ने निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान नेशनल हाइवे व गांव की मुख्य सड़कों सहित खाली भूखंडों के पास सफाई की स्थिति जांची गई। सफाई ठेकेदार को रोजाना कचरा संग्रहण करने, सार्वजनिक स्थानों, नालियों एवं सड़कों की नियमित व प्रभावी सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वच्छता से संबंधित चारों प्रिंटेड रजिस्टरों को नियमित रूप से अपडेट रखने के निर्देश भी दिए गए। ग्राम विकास अधिकारी सुरेश राजपुरोहित ने बताया कि अधिकारियों के निर्देशों की अनुपालना एवं सरपंच कंकूदेवी मीणा के मार्गदर्शन में सभी वार्डों में संवेदक फर्म की ओर से उपलब्ध सफाई श्रमिकों एवं संसाधनों से सफाई करवाई जाएगी। घर से कचरा उठाने के अलावा गांव के गली-मोहल्लों की नालियां, सड़कें, सार्वजनिक स्थान, मूत्रालय के साथ चौराहों पर भी सफाई व स्वच्छता नजर आएगी। होली पर्व एवं मौसमी बीमारियों को लेकर भी आमजन से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। दुकानदारों से भी सफाई व्यवस्था को प्रोत्साहित करने व अनावश्यक कचरा नहीं फैलाने की अपील की। भूखंड मालिकों से संपर्क कर स्वच्छता सुनिश्चित करने की अपील की जाएगी। इस दौरान कनिष्ठ सहायक रतन मीणा, गुणराज मीणा, सफाई संवेदक विक्रमसिंह खिवान्दी, छगन मीणा, गोविंद मीणा, संतोष सैन्दर व ओमप्रकाश सैन्दर आदि मौजूद रहे।





# डम्पर चोरी का आरोपी लंगड़ा गैंग का सदस्य निकला

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**करोटी।** अनादरा थाने के सनवाड़ा स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर डम्पर को चोरी कर ले जाने गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी लगंडा गैंग का सदस्य था। जो पहले किराए की टैक्सी (कार) को लेकर आते है तथा दिन में सीसीटीवी कैमरों से बचते हुए खड़े डम्परों की रैकी करते तथा रात्रि में खड़े डम्परों को निशाना बनाते है। डम्पर का लॉक मास्टर की (चाबी) की सहायता से मात्र 10-15 सैकण्ड में खोल देते है। पुलिस इस इस चोरी प्रकरण में गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है।



## यह था घटनाक्रम

सनवाड़ा निवासी कृष्णपालसिंह देवड़ा ने अनादरा पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि छब्बीस जनवरी को उनका डम्पर सनवाड़ा एचपी पेट्रोलपम्प पर था। वहां नहीं मिलने पर जीपीएस ट्रेक किया तो लोकेशन पावापुरी तीर्थ के समीप बताई। वहां जाकर देखा तो कंपनी फिटेड जीपीएस वहां पड़ा मिला। डम्पर में गुजरात माइनिंग का एक और जीपीएस लगा हुआ था और फिर उसको ट्रेस किया तो उसका अंतिम लोकेशन सांडेराव कोसेलाव रोड बताया।

## यह की कार्रवाई, तकनीकी सहायता ली

प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थानाधिकारी ने हजाराम मारू मय जाब्ते की एक विशेष टीम का गठन किया। टीम तुरन्त घटनास्थल पर पहुंच घटनास्थल को देखा गया तो वहां कोई सीसीटीवी कैमरे लगे हुए नहीं होने से चोरी हुए डम्पर के जीपीएस की अंतिम लोकेशन के आधार पर उस रूट पर विभिन्न होटल, ढाबों व अन्य प्रतिष्ठानों पर लगे लगभग 250 से 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की गई तथा सिरोही, पाली, ब्यावर, अजमेर, जयपुर, अलवर, सीकर, दौसा, भरतपुर, उदयपुर, जोधपुर, जालोर, सांचौर इत्यादि जिलों मे लगे लगभग सभी टोल प्लाजाओं की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक की गई तथा जगह जगह खास मुखबिरान की सहायता ली। डम्पर चोरी को लेकर जगह जगह की बीटीएस ली जाकर साईबर सैल सिरोही द्वारा तकनीकी सहायता प्राप्त की गई तथा पुलिस थाना सांचौर की ओर से संदिग्धो व्यक्तियों को धारा 170 बीएनएसएस मे गिरफ्तार किए जाने की सूचना मिली। इस पर तुरन्त टीम पुलिस थाना सांचौर पहुंचकर संदिग्धों से पुछताछ की गई मगर हर बार उक्त संदिग्धो द्वारा अलग अलग बाते बताने से उनसे विस्तृत पुछताछ के लिए दस्तियाब किया गया। संदिग्धों में से एक मुस्ताक ने अजीम व असगर के साथ मिलकर डम्पर की चोरी करना स्वीकार किया तथा इसके अलावा मालपुरा टोंक, विवेक विहार जोधपुर, चांदबाजी जयपुर, कोटपुतली जयपुर, पाली, रानी, डिडवाना में पुर्व में भी डम्पर चोरी करना स्वीकार किया है। अन्य संदिग्ध असलम से पूछताछ की गई तो उसने विवेक विहार थाना जोधपुर महानगर में वाण्टेड होना व दुदु, मालपुरा में भी डम्पर चोरी करना स्वीकार किया है। गैंग का मुख्य सरगना जेल में बंदअरशद उर्फ लंगड़ा पुत्र असर खां निवासी बाई बरेडा पुलिस थाना तिजारा जिला अलवर हाल मध्यप्रदेश की जेल मे बन्द है। वही मुस्ताक खां उर्फ मुक्का निवासी रिंगतपुरी हाल रायपुर, असगर खां निवासी निम्बली बागौर पुलिस थाना तिजारा, अजीम खां निवासी निम्बली बागौर पुलिस थाना तिजारा, असलम मुसलमान निवासी निम्बली बागौर पुलिस थाना तिजारा लंगडा गैंग का सदस्य हैं।

# दिव्यांग सहायता उपकरण शिविर आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जीरावल।** जीरावला जैन तीर्थ धाम मे आयोजित चार दिवसीय दिव्यांग सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति अहमदाबाद, जीरावला पार्श्वनाथ जैन तीर्थ - जीरावला, महावीर इंटरनेशनल आबूरोड़ के सयुंक्त तत्वावधान में किया गया। 348 दिव्यांगों को सहायक उपकरण जिसमे 100 ट्राई साईकिल, 100 व्हीलचेयर, 50 बैशाखी, 59 केरिपल, 5 हेंड स्टीक, 34 जयपुर फुट आदि सहायक उपकरणों दिव्यांगों को लाभान्वित किया गया। शिविर में ट्रस्टी विशेष से जगदीश ओझा, राजेंद्र जोशी जीरावला, डॉ. जयमित पारेख, उर्वशी पारेख, विजय भाई, रवि भाई, राज भाई, महेश पांचाल, वाघेला सहयोग रहा। इस दिव्यांग शिविर मे दिव्यांगों कि विशेष संस्थान आपणो संस्थान के सक्रिय कार्यकर्ताओं में रमेश कुमार मेघवाल, दिनेश कुमार प्रजापति, मुकेश परमार, दिनेश राणा आदि सदस्यों का भी विशेष सहयोग रहा।

# भाजपा मंडल की बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**करोटी।** अंजनी माता मंदिर परिसर में अनादरा भाजपा मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कोली के अध्यक्षता व विधानसभा सहसंयोजक प्रकाश राज रावल नेतृत्व मे आतिशबाजी कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वित्त मंत्री दीया कुमारी, पूर्व विधायक जगसीराम कोली एवं भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी का आभार व्यक्त किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कोली ने बताया कि राजस्थान सरकार के बजट घोषणा में आबूरोड आदिवासी क्षेत्र में लंबे समय से कन्या महाविद्यालय खोलने की मांग को पूरा किया साथ ही किसानों के लिए मंडार में गौण मंडी, रेवदर मंडी विकास प्रांगण में आधुनिक आधारभूत सुविधा कार्यों के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। जिससे आने वाले समय में किसानों को फायदा मिलेगा। रेवदर विधानसभा क्षेत्र की सेलवाडा, टोकरा, मूंगथला एवं मंडार नाला बांध की नहरों के मरम्मत कार्य के लिए भी बजट स्वीकृत किया गया है। इस दौरान भीमाराम चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि अर्जुन देवासी, वेलाराम चौधरी, मदन सिंह थल, लक्ष्मण कोली,जेता राम चौधरी, चौपाराम चौधरी, सोमा राम ग्रासिया, दीपा राम चौधरी, रणछोड़ राम कोली,हरदा राम, भूराराम चौधरी,मोहन लाल माली, रमेश गिरी, रुपेश देवासी एवं अन्य भाजपाई मौजूद थे।



**पोसालिया।** समीपवर्ती कैलाश नगर में भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल की बैठक आयोजित की गईं। अध्यक्ष मोहनलाल पुरोहित व विशन सिंह देवड़ा की मौजूदगी में मुख्यमंत्री भजनलाल, मंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुम्बाराम चौधरी, जिला अध्यक्ष श्रीमती रक्षा भंडारी का आभार व्यक्त किया। सिरोही जिला मुख्यालय पर कृषि महाविद्यालय एवं कैलाश नगर से बागसीन तक डामर सडक की चौड़ाई के लिए बजट स्वीकृत करने पर समस्त कार्यकर्ता ने आभार व्यक्त किया गया। भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मोहनलाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष गणेश पुरोहित, वरिष्ठ कार्यकर्ता नाथूराम,गणेश फोदर, देशाराम, मंडल उपाध्यक्ष भंवर रायगुर, अशोक उदेश, कालू सिंह देवड़ा, भंवरसिंह भोपाजी, कपूर पुरोहित, जीतू पुरोहित मीडिया प्रभारी, प्रवीण लुहार, अजयराम पुरोहित सहित कई जने मौजूद थे। तत्पश्चात एक दूसरे को मिठाई से मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया।

# आदिवासी हिंदू थे हिंदू है और हिन्दू ही रहेंगे: गरासिया

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**पिण्डवाड़ा।** पिण्डवाड़ा आबू विधायक समाराम गरासिया ने एक फिर विधानसभा के पटल पर पुरजोर तरीके से बात रखी और बोला की आदिवासी हिंदू थे, हिंदू है और हिन्दू ही रहेंगे, विधायक ने बोला की जनजाति क्षेत्र में जो कांग्रेस सरकार पूर्व में एक भी कोई बजट दिया नहीं और फिर भी वा वाही लूटी, करते कि हमने इतना दिया 1500 करोड़ की घोषणा भी कहां गया। लेकिन 1500 करोड़ की जब घोषणा हुई थी उनको यह पता नहीं है। आंकड़े कहां से ले आते हैं महावाड़ी खोली जा रही है हेडपंप लग रहे हैं अन्य अन्यकतों के बजट सारे लग रहे हैं मंत्री काम कर रहे हैं और कभी-कभी यह भी बात कह देते हैं कि यह धर्म को इस बात की बड़ी पीड़ा होती है और विपक्ष में आकर के कांग्रेस के लोग तो कभी इस प्रकार धर्मकोड बताया। 2003 से विधानसभा सदस्य में आ रहा हूं कभी भी इस प्रकार की चर्चाएं नहीं हुई कि आदिवासियों का धर्म कोड क्या है यह अंग्रेजो ने पता नहीं क्या करके गए कि आदिवासियों का धर्म कोड अलग है आदिवासियों का कोई धर्म कोड नहीं है। विधान सभा बजट सत्र 2025 मे एक बार फिर विधानसभा क्षेत्र में पूरक बजट में विकास की घोषणा करवाने के लिए समाराम गरासिया ने कासिंद्रा गांव में काशी विश्वनाथ महादेव के आगे 8 करोड़ की राशि पुल निर्माण,सरूपगंज भावरी शहरी जल योजना पुनर्गठन एवं जल विभाग के नए पंप हाउस हेतु 18 करोड़ 18 लाख, सरूपगंज कालंद्री सड़क चौड़ीकरण के लिए 25 करोड़, सीवेरा मालनू सड़क चौड़ीकरण मय पुल के लिए 6.20 करोड़, पिंडवाड़ा से उदयपुर रोड वाया गडीया सड़क चौड़ीकरण के लिए 5.30 करोड़,मार्कण्डेश्वर अजारी को पर्यटन स्थल में विकसित करने इत्यादि घोषणाओं पर विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

# संत निरंकारी सत्संग आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** संत निरंकारी मंडल की ओर से कुमारिया खेड़ा गांव में शोभा गोस्वामी महात्मा मुखी राजसमंद ब्रांच के सानिध्य में विशाल सत्संग का आयोजन हुआ। राजसमंद के मुखी महात्मा बहन शोभा गोस्वामी ने गुरु के विचारों को साझा करते हुए कहा भक्ति की कोई उम्र नहीं होती है छोटा हो या बड़ा परमात्मा की भक्ति सभी कर सकते है। किसी भी उम्र में सत्संग में जाकर सच्चे सतगुरु से ब्रह्मज्ञान प्राप्त करके परमपिता परमात्मा की भक्ति कर के खुद को जानकर मोक्ष प्राप्ति कर सकता है। शोभा बहन ने कहा सतगुरु हमारी सारी गलतियां क्षमा करते है क्यों न हम क्षमा मांग ले क्यों न हम सतगुरु के बताए अनुसार जीवन जीते जाएं और भक्ति करते जाएं सतगुरु के कहे अनुसार हमारे जीवन में भक्ति का उदय हो जाएं तब ही हम भव से पार होने के अधिकारी है अन्यथा इस भव से पर होने का कोई उपाय न है न होगा। शास्त्रों में भी कहा गया है इसे जाना जा सकता है केवल ब्रह्मज्ञानी संत को ढूंढने की आवश्यकता है। आज समय का सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज सभी को भव से पार करने का ब्रह्मज्ञान देकर सभी को भव से पार करने का उपाय बता रही है। गुरु सत्संग में सैकड़ों भक्तो ने परमात्मा को रिझाने के लिए गीत बोले और विचार रखे आशीर्वाद प्राप्त किया।



# सूरत आगजनी में संवेदनशीलता को सराहा

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**पोसालिया।** समाजसेवी विशनसिंह देवड़ा ने कहा कि पिछले दिनों सूरत शहर में टेक्सटाइल्स मार्केट में आग लगने से सैकड़ों दुकानें जलकर राख हो गई। इस आगजनी में सैकड़ों प्रवासी भाइयों को नुकसान हुआ और उनकी जीवन भर की पूंजी आग की भेंट चढ़ गई। देवड़ा ने कहा कि इस आगजनी के नुकसान का अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। इस घटना में हताहत होने वाले परिवारों को ईश्वर शक्ति प्रदान करें, घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करते हैं। देवड़ा ने कहा कि इस आगजनी के तुरंत बाद राजस्थान सरकार तुरंत एक्शन में आई और मुख्यमंत्री ने तुरंत ही आग से नुकसान वाले राज-स्थानी प्रवासियों केलिए सहायता राशि की घोषणा की है।उनका यह कदम एक संवेदनशील सरकार की सक्रियता बताता है कि सरकार अपने लोगों के प्रति कितनी चिंतित है। उन्होंने कहा कि इस आगजनी के तुरंत बाद सांसद लुंबाराम चौधरी और मंत्री ओटाराम देवासी ने गुजरात के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रवासियों केलिए सहायता राशि की मांग की थीं। सांसद सूरत घटनास्थल पहुंचे एवं प्रवासी भाइयों से मिले, उन्हें सांत्वना दी तथा हर संभव मदद का भरोसा जताया।

# रेलमगरा मंडल की विभिन्न पंचायतों का दौरा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, जिला प्रमुख रत्नी देवी जाट ने आज नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र के रेलमंगरा मंडल के विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की, उनके समस्याओं को सुना और विकास कार्यों का शुभारंभ किया। सांसेरा ग्राम पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास और सामुदायिक सराय निर्माण का लोकापर्ण सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, जिला प्रमुख रत्नी देवी जाट ने ग्राम पंचायत सांसेरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया। इस केंद्र से क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा और ग्रामीणों को दूर-दराज के अस्पतालों तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़, जिला प्रमुख री देवी जाट ने सामुदायिक सराय के निर्माण का भी लोकार्पण किया। यह सराय ग्रामीणों को सुविधा प्रदान करेगा। इस दौरान, सभी नेताओं ने जलदेवी माता जी के कार्यों का अवलोकन किया और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। चराना ग्राम पंचायत में जन सुनवाई इसके बाद, सांसद और विधायक ने ग्राम पंचायत चराना में जन सुनवाई कार्य म में शिरकत की । इस मौके पर क्षेत्रीय लोगों ने अपनी समस्याएं साझा की। स्थानीय मुद्दों पर चर्चा करते हुए, सभी नेताओं ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।



# न्यूज ब्रीफ

## राउमावि में मेगा पीटीएम का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालंद्री।** कालंद्री में हुआ मेगा पी टी एम का आयोजन। रा. उ .मा. वि. कालंद्री में मेगा पी टी एम का आयोजन हुआ जिसमें दिनांक 21जनवरी और 22जनवरी को विद्यालय में दक्षता आकलन परीक्षा का आयोजन हुआ था।जिसमें कक्षा 3 से 8 के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। संस्था प्रधान अमृत लाल माली ने समस्त विद्यार्थियों के रिपोर्ट कार्ड शाला दर्पण से प्रिंट करवा कर अभिभावकों को विद्यार्थियों के समक्ष सौंपे।रिपोर्ट कार्ड पाकर विद्यार्थी खुश नजर आए।इस दौरान उपाचार्य उमेश कुमार, व्याख्याता सनत आढ़ा, दुर्गा राम मकवाना, नरेश कुमार, सोहन लाल,नरेश खत्री,तेजराज, वीसा राम, ऊका राम, लता दिया सहित सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

## पेरवा विद्यालय के विद्यार्थियों ने की एक्सपोजर विजिट



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**करोटी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पेरवा के 37 विद्यार्थियों एवं 5 अध्यापकों ने संस्था प्रधान राजपाल यादव के नेतृत्व में व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मधुबन रेडियो सेंटर, गोडलीवुड स्टूडियो,वन इंडिया सोलर प्लांट एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधित अन्य स्थानों का भ्रमण किया। मधुबन रेडियो सेंटर में बालिकाओं द्वारा अपने गीत रिकॉर्ड करवाए गए। प्रधानाचार्य राजपाल यादव ने बताया कि नवीन शिक्षा नीति 2020 में माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा को रोजगारन्मुखी बनाने के लिए व्यवसाय शिक्षा को अत्यधिक महत्व दिया गया है। इस विजिट के प्रभारी बलवीर रूलानिया ने बताया की सभी विद्यार्थियों ने इस विजिट से काफी जानकारी हासिल की। इस भ्रमण में गणपत लाल, वर्धमान जैन, सुरेंद्र नायक ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

## प्रजापत वोराठ चौखला समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**राजसमंद।** चारभुजा प्रजापत समाज के भवन में रविवार को प्रजापत वोराठ चोखला समाज की नवीन कार्यकारिणी का गठन समाज के पदाधिकारी के सानिध्य में संपन्न हुआ। जहां पर अध्यक्ष पद पर लहरीलाल कुम्हार को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। वही लहरी लाल द्वारा नवीन कार्यकारी का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष पद पर रोशन लाल अमृतियां, महामंत्री गोपीलाल प्रजापत चारभुजा,कोषाध्यक्ष पद पर शंकर लाल, सचिव चंपालाल, संगठन मंत्री सोहनलाल, प्रचार मंत्री गहरी लाल,स्वास्थ्य मंत्री दिनेश कुमार, शिक्षा मंत्री लक्ष्मण लाल एवं बाबूलाल दोपदडा, खेल मंत्री प्रकाश लाल,समाज सुधार मंत्री ओगड़ मल, सांस्कृतिक मंत्री लक्ष्मण लाल बागुंदडा,संचालन मंत्री शंकरलाल, प्रतिभा सम्मान मंत्री बाबूलाल, मदनलाल, व्यवस्था मंत्री रामलाल बोरड़ ,मीडिया प्रभारी भगवत लाल, संरक्षण मंत्री के रूप में चंपालाल, छोगा लाल ,ठाकुर जी नरदास का गुड़ा एवं महिला मंत्री रेखा एचडी बने। जहां समाज के कई लोग मौजूद थे। वहीं बैठक में समाज उत्थान ,बालिका शिक्षा, बाल विवाह, सहित नवीन कार्य समिति संस्थान का रजिस्ट्रेशन, सामाजिक तौर पर समाज के गरीब परिवारों को सहायता करने पर भी विचार रखें। जहां नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई । वही कार्यं म की अध्यक्षता नवनिर्वाचित अध्यक्ष लहरी लाल कुम्हार गुगली द्वारा की गई।

## खेलों के प्रति अभिरुचि बढ़ाने में सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका : माहेश्वरी

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**राजसमंद।** विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि खेलों के प्रति युवाओं की रुचि बढ़ाने और उन्हें सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने में सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वे खटीक समाज एवं आशापुरा क्लब, केलवा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर बोल रही थीं। विधायक माहेश्वरी ने युवा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। इस प्रकार के आयोजनों से युवा उत्साह और खेल भावना के साथ समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण होता है। युवाओं को पारिवारिक स्नेह और सम्मान देकर हम उन्हें राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित कर सकते हैं। इस अवसर पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा आयोजन समिति के पदाधिकारियों एवं युवाओं द्वारा प्रदर्शित आत्मीय स्नेह और सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

# बजट 2025-26 में राजस्थान पर्यटन को लगेंगे पंख, कला संस्कृति को मिलेगा बढ़ावा

### आईफा अवार्ड्स के आयोजन से होगी विश्व स्तरीय ब्रांडिंग, बजट में ग्रामीण पर्यटन को किया प्रोत्साहित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश में पर्यटन की अपार सम्भावनाओं को देखते हुए बजट 2025-26 में कई महत्वपूर्ण घेषणाएं की हैं। पर्यटन क्षेत्र का विकास करने की दृष्टि से जहाँ एक ओर राजस्थान ट्यूरिजम इन्फ्रास्ट्रचर एण्ड कैपेसिटी बिल्डिंग फंड (आरटीआईसीएफ) से 750 करोड़ रुपये से अधिक राशि के आधारभूत संरचना सम्बन्धी कार्य हाथ में लिये गएं हैं, वहीं प्रदेश को ग्लोबल सेंटर स्टेज पर लाने के लिए देश-विदेश में ट्रेवल बाजार, कल्चरल प्रोग्राम, राजस्थान कॉलिंग जैसे इवेंट्स/रोड शॉ भी किये जा रहे हैं।



**आईफा आयोजन साबित होगा मील का पत्थर:** राजस्थान में प्रथम बार आईफा अवार्ड का आयोजन आगामी 8 एवं 9 मार्च को जयपुर में होने जा रहा है। यह आयोजन राजस्थान पर्यटन के विकास में मील का पत्थर साबित होगा जो राजस्थान पर्यटन को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाई प्रदान करेगा। आईफा के भव्य आयोजन में राजस्थान पर्यटन विभाग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस विश्व स्तरीय ब्रांडिंग से राजस्थान पर्यटन विश्व में सिरमौर बनकर उभरेगा।

**पर्यटन गतिविधियों को नयी ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए आगामी वर्ष में 975 करोड़ रू. का प्रावधान:** बजट प्रावधानों के मुताबिक प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए आगामी वर्ष में 975 करोड़ रुपये के इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट के कार्य हाथ में लिये जाने के साथ ही विभिन्न धार्मिक स्थलों पर आधारभूत संरचना व सुविधा विकसित किये जाने सम्बन्धी कार्य करवाये जायेंगे।

**विरासत को मिलेगा संरक्षण:** प्रदेश में हेरिटेज पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही आईकोनिक ट्यूरिस्ट डेस्टिनेशन्स के रूप में 10 साईट्स का विकास किया जाएगा।

**नाईट ट्यूरिज्म के लिए 100 करोड़ रुपये:** प्रदेश में नाईट टयूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु 100 करोड़ रुपये के साथ ही ऐतिहासिक कलात्मक हवेलियों के संखक्षण हेतु शेखावाटी हवेली संरक्षण योजना एवं हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जाएगा।

**बीकानेर में गवरी देवी कला केन्द्र:** लोक गायकों एवं संगीतकारों तथा इनकी मौलिक कलाओं के संरक्षण के लिए बीकानेर में गवरी देवी कला केन्द्र की स्थापना की जाएगी।

**अल्बर्ट हॉल म्यूजियम का होगा नवीनीकरण कार्य:** जयपुर के अल्बर्ट हॉल म्यूजियम के उन्नयन हेतु 25 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। संस्कृति पोर्टल-गांवों, मंदिरों के इतिहास का दस्तावेज तैयार किया जाएगा। हॉस्पिटलिटी स्किल सेंटर्स-संभाग स्तर पर हॉस्पिटलिटी स्किल सेंटर्स खोले जाएंगे।

धार्मिक आस्था और विश्वास के विकास हेतु 95 करोड़ रुपये का प्रावधान पुष्कर, रणथम्भौर त्रिनेत्र गणेश जी, जीण माता, तनोट माता मंदिर, रामदेवरा, दाऊ मदनमोहन-भरतपुर व देशनोक-बीकानेर आदि धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं हेतु विभिन्न सुविधायें विकसित करने के लिए 95 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

**झीलों का सौन्दर्यकरण, त्यौहारों पर सजावट:** प्रदेश के विभिन्न झीलों का सौन्दर्यकरण किया जाएगा। त्रिवेणी संगम-बेणेश्वर धाम, रामेश्वर घाट एवं बीगोद संगम का भी सौंदर्यकरण कर विकसित किया जएगा। 600 मंदिरों पर दीपावली, होली एवं रामनवमी जैसे प्रमुख त्योहारों पर विशेष साज-सज्जा व आरती के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# महायज्ञ में केवल आहुतियां ही नहीं, बल्कि अहंकार का भी होता है अंत : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### गुड़ा मांगलियान में विष्णु महायज्ञ आयोजन में हुए शरीक

### श्रीकृष्ण धाम के मुख्य प्रवेश द्वार का किया उद्घाटन







**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी/नाडोल ( पाली )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विष्णु महायज्ञ केवल आहुतियां ही नहीं, बल्कि अहंकार का भी अंत करता है। वे रविवार को समीपवर्ती गुड़ा मांगलियान में चल रहे पांच दिवसीय विष्णु महायज्ञ के अवसर पर आयोजित समारोह में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि यह आयोजन देश की संस्कृति और सनातन को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें कृष्णधाम की पावन धरा पर आने का अवसर मिला। उन्होंने इतने बड़े विष्णु हरी यज्ञ के आयोजन के लिए गादिपति महेंद्रसिंह महाराज को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते है कि विकास के साथ विरासत भी आवश्यक है। ऐसे आयोजनों से देश की संस्कृति, देश का सनातन मजबूत होता है। ऐसे आयोजनों से आने वाली पीढी को पता चलता है कि दुनिया में हमारी सनातन संस्कृति सबसे मजबूत संस्कृति है।

गादिपति महाराज, साधु-संतों व जनप्रतिनिधियों के प्रयास से गुड़ा मांगलियान की भूमि पर इतना पावन आयोजन हो रहा है, इसके लिए सभी बधाई के पात्र है। यह भूमि केवल स्थान मात्र नहीं बल्कि तप साधना की अदभूत भूमि व अलौकिक तीर्थ है। भगवान विष्णु जगत के पालनहार है। जब जब अधर्म बढ़ता है भगवान अवतार लेकर अधर्म का नाश करते है व धर्म की पुन:स्थापना करते है। इस आयोजन से सभी के मन में इच्छाशक्ति मजबूत होगी, क्योंकि ऐसे महायज्ञ होते है उनसे बहुत बड़ा पुण्य प्राप्त होता है। यह यज्ञ राष्ट्र कल्याण की भावना को प्रशस्त करने का माध्यम है। यज्ञ की अग्नि केवल आहुतियों को ही नहीं बल्कि मन के विकारों, अहंकारों को भी जलाकर भस्म कर देती है। संतों का दर्शन, सत्संग आत्मा की शुद्धि का माध्यम है। इनकी वाणी मन को पावन बनाती है व मन के विकारों को मिटा देती है। हम सौभाग्यशाली है कि देश में ऐसा नेतृत्व है जो सनातन संस्कृति के पुनरुद्धार के लिए संकल्पबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सनातन धर्म का पुनर्जागरण हो रहा है। उनके सान्निध्य में अयोध्या में भगवान राम मंदिर का भव्य आयोजन हुआ। आज वो हमारी सनातन संस्कृति का प्रमुख केंद्र है। काशी विश्वनाथ का भी उन्होंने उदाहरण दिया। हाल में प्रयागराज महाकुंभ में बगैर किसी जात-पांत के भव्य स्नान के आयोजन की भी बात कही। उन्होंने राजस्थान में आस्था केंद्रों के विकास के लिए 161 करोड़ के प्रावधान की जानकारी भी दी। इससे पहले उन्होंने श्रीकृष्ण धाम के मुख्य प्रवेश द्वार का उदघाटन किया।

#### हेलीपेड पर की अगवानी

मुख्यमंत्री रविवार शाम 5.40 बजे गुड़ामांगलियान हेलीपैड पहुंचे। जहां कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, राज्यमंत्री ओटाराम देवासी और बाली विधायक पुष्पेन्द्रसिंह राणावत सहित अन्य ने उनका स्वागत किया। श्रीकृष्ण धाम पहुंचने पर सीएम ने गादीपति महेन्द्रसिंह के साथ कृष्ण मंदिर और मामाजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर महायज्ञ में आहुति दी।

#### सत्संग पांडाल में हुआ भव्य स्वागत

श्री राधे कृष्ण सेवा संस्थान के सत्संग पांडाल में संत सान्निध्य में मुख्यमंत्री का विशेष स्वागत किया गया। उन्हें भगवान कृष्ण की आकर्षक मूर्ति भेंट की गई। 51 किलो के पुष्पहार से उन्का स्वागत अभिनंदन किया गया।

#### यह रहे मंचासीन

इस दौरान मंच पर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, पाली सांसद पीपी चौधरी, बाली विधायक पुष्पेन्द्रसिंह राणावत, सोजत विधायक शोभा चौहान, मारवाड़ जं. विधायक केसाराम चौधरी, जिला प्रमुख रश्मि सिंह, पाली भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, श्रीचंद कृपलानी, पूर्व सांसद पुष्प जैन, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख समेत कई गणमान्य लोग मंच पर मौजूद थे।

#### विद्यालय क्रमोन्नत करने की घोषणा की

कार्यक्रम में संत महेन्द्रसिंह की मांग पर मुख्यमंत्री ने गुड़ामांगलिया के राउप्रावि को माध्यमिक में क्रमोन्नत की घोषणा की।

#### लोगों को सनातन धर्म से जोड़ना है आयोजन का उद्देश्य : गादिपति


गादीपति दाता महेन्द्रसिंह ने कहा कि यह महायज्ञ लोगों को सनातन धर्म से जोड़ने के उद्देश्य से किया है। सीएम ने उनकी मांगों को पूरा कर आमजन को राहत दी है। कार्य म में जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानंद सरस्वती महाराज सुमेरू मठ काशी, अभयदास महाराज, रविन्द्रपुरी महाराज, परशुरामगिरी कनाना मठ बाड़मेर, समताराम महाराज, सत्यमगिरी महाराज, शक्ति उपासक मदनसिंह तंवर का सान्निध्य रहा।

### रीट में कैंडिडेट की जनेऊ उतरवाने पर राठौड़ बोले

# भविष्य में ऐसा न हो : राठौड़

**जयपुर।** रीट परीक्षा में अभ्यर्थियों की जनेऊ उतरवाने की घटना को बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने एक प्रकार की अति बताया। राठौड़ ने कहा कि जनेऊ से कोई क्या नकल करेगा। जनेऊ एक धागा होता है, जो शरीर के साथ चिपका होता है। उसे निकालकर कोई कैसे नकल करेगा। मदन राठौड़ ने कहा कि परंपरा से हटकर अपने आप को बहुत ज्यादा जागरूक शो करने का काम करते हैं तो यह ठीक बात नहीं है। जो अधिकारी वहां लगा हुआ है, उसकी अकल भी काम करनी चाहिए कि किस चीज से नकल हो सकती है और किससे नहीं।

राठौड़ ने कहा कि मैं सोचता हूं कि जिसने भी ऐसा किया है, उस पर कार्रवाई की गई है। भविष्य में ऐसा न हो इसका भी ध्यान रखेंगे। किसी को भी ऐसा काम नहीं करना चाहिए, जिससे किसी की भी भावना को ठेस पहुंचे। हां, जिससे नकल संभव है, उसको रोकने के लिए माध्यम अपनाना चाहिए। फालतू किसी को परेशान नहीं करना चाहिए।



#### गहलोत ने फ्री स्मार्टफोन योजना से सरकारी खजाने में की लूट

मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के भजनलाल सरकार पर फ्री स्मार्टफोन योजना बंद करने के आरोपों पर भी पलटवार किया है। राठौड़ ने कहा कि फ्री स्मार्टफोन योजना से गहलोत ने सरकारी खजाने में लूट का काम किया। मुझे याद आ रहा है कि गहलोत राज में जो मोबाइल फोन खरीदे गए थे, वो बहुत कम कीमत के थे। उनके अधिक रुपए बताए गए और बड़ा बिल बनाया गया।

राठौड़ ने कहा कि कई स्मार्टफोन तो फेल होने पर लोगों ने लौटा दिए। इस तरह से सरकारी धन का दुरुपयोग करने का क्या मतलब है। हम ऐसे काम नहीं करते हैं। हम जनहित में और उपयोग में आ सके। ऐसा काम करेंगे।

# जनता के मुद्दों पर मजबूती से लड़ेंगे चुनाव : पालीवाल

### राजस्थान में नगर निकाय और पंचायत चुनाव लड़ेगी आप



**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव में मिली करारी शिकस्त को भूलते हुए आम आदमी पार्टी ने अब निकाय चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को आम आदमी पार्टी की प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी बैठक जयपुर के आम आमदी पार्टी प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें प्रदेशभर से संगठन और प्रकोष्ठों के आला नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने बताया कि आम आदमी पार्टी प्रदेश में साल के अंत में आने वाले सभी नगर निकाय और पंचायती राज के चुनाव पूरे राजस्थान में पूरी ताकत के साथ लड़ेंगी। जिसमें कहा कि नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका, नगर पंचायत, ब्लॉक समिति, जिला परिषद के चुनाव शामिल है।

पालीवाल ने बताया कि जल्द ही पार्टी प्रदेशभर में रिक्त चल रहे पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति करेगी। इसके बाद अलग - अलग जिले और संभाग स्तरीय मीटिंगों की शुरुआत कर नगर निकाय और पंचायत चुनाव की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान में आम आदमी पार्टी बिजली, पानी, सफाई, सीवरेज, भ्रष्टाचार, शिक्षा, चिकित्सा और बदहाल कानून व्यवस्था जैसे जनता की समस्याओं के साथ जनता के बीच जाएगी और बीजेपी कांग्रेस की पोल खुलेगी।

# जलगांव में केंद्रीय मंत्री की बेटी से छेड़छाड़

### वीडियो बना रहे थे युवक, रोका तो गार्ड से मारपीट

**जलगांव।** महाराष्ट्र के जलगांव में केंद्रीय खेल राज्य



मंत्री रक्षा खडसे की बेटी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जलगांव के मुक्ताई नगर इलाके में एक मेले के दौरान कुछ लड़कों ने केंद्रीय मंत्री की बेटी और उसकी सहेलियों से छेड़खानी की। मामले की शिकायत खुद मंत्री रक्षा खडसे ने मुक्ताई नगर थाने में की है। एसडीपीओ कृष्णत पिंगले ने बताया कि 28 फरवरी को कोथली गांव में एक यात्रा थी। इसी यात्रा में अनिकेत घुई और उसके 7 दोस्तों ने 3-4 लड़कियों का पीछा किया और उनके साथ छेड़छाड़ की। हमने (प्रिवेंशन ऑफ चाइल्ड फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस) एक्ट के साथ-साथ आईटी (इन्फॉर्मेशन) एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें भेजी गई हैं।

#### मंत्री की बेटी और सहेलियों का वीडियो बना रहे थे लड़के

पुलिस के मुताबिक, मेले के दौरान कुछ लड़कों ने रक्षा खडसे की बेटी से छेड़खानी की। साथ मौजूद पुलिस सुरक्षाकर्मी का कॉलर पकड़ा और उसे भी धमकी दी। लड़के रक्षा खडसे की बेटी और उसकी सहेलियों का वीडियो बना रहे थे। जब गार्ड ने देखा तो उसने लड़कों को रोका। गार्ड ने जब मोबाइल जब्त कर जांच की। इसके बाद लड़कों ने सुरक्षाकर्मी से मारपीट शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मी ने युवकों को बताया कि यह लड़की केंद्रीय मंत्री की रिश्तेदार है, लेकिन युवक नहीं रुके।

# भजनलाल शर्मा ने केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में किया भ्रमण

### अधिकारियों को पर्यटकों के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भरतपुर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर दौरे के दूसरे दिन रविवार को सुबह केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में भ्रमण किया। उन्होंने उद्यान में पव्यू प्वाइंट तक जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के साथ पैदल भ्रमण किया।

इस दौरान उद्यान में भ्रमण कर रहे देशी-विदेशी पर्यटकों ने मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर खुशी जाहिर की। शर्मा ने भी पर्यटकों से आत्मीयता से बातचीत कर केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान के संबंध में उनके अनुभव जाने। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राष्ट्रीय उद्यान पक्षियों की प्रजाति की विविधता के लिए देश और विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है, इसलिए जिला प्रशासन यहां आने वाले पर्यटकों के लिए संचालित सभी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करे। शर्मा ने राष्ट्रीय उद्यान में पव्यू प्वाइंट पर केवलादेव शिव मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली और आमजन की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# 150 हिंदू परिवारों का रास्ता मुस्लिमों ने किया बंद

### शादी-अस्पताल जाने में हो रही परेशानी

**पूर्णिया।** शहर में मुस्लिम पक्ष द्वारा करीब डेढ़ सौ हिंदू परिवार के घर तक जाने के रास्ता को बंद कर दिया गया है। पीड़ितों का कहना है कि उन लोगों ने जमीन मालिक को रास्ता के लिए एक लाख रुपए भी दिया था। लेकिन बाद में समाज के दबाव के कारण जमीन मालिक ने रुपया भी लौटा दिया और रास्ता भी नहीं दिया। अभी हालात यह है कि गांव तक जाने के लिए चारों तरफ से रास्ता बंद कर दिया गया है। जिस कारण उनके बेटे-बेटियों की शादी नहीं हो रही है। यहां तक की कोई अगर बीमार पड़ता है तो अस्पताल ले जाना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने तो यहां तक आरोप लगाया कि मुस्लिम पक्ष अब पूजा पाठ और लाउडस्पीकर तक बजाने से रोकते हैं। लोगों का कहना है कि गांव के चारों तरफ मुस्लिम लोगों की निजी जमीन है, जिस कारण शर्मा टोली गांव तक रास्ता नहीं होने के कारण उनके बेटे-बेटियों की शादी तक नहीं हो पा रही है। वहीं एसडीएम कोर्ट ने हिंदू पक्ष को रास्ता देने को लेकर फैसला भी सुनाया था, लेकिन सिविल कोर्ट में उस फैसले को बदल दिया गया।


# लोगों को सरकार से भीख मांगने की आदत पड़ गई : प्रहलाद पटेल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें, वह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनता के मांग पत्रों को ही भीख करार दे दिया। उन्होंने कहा कि अब तो लोगों को सरकार से भीख मांगने की आदत पड़ गई है। नेता आते हैं, एक टोकना (टोकरी) तो कागज मिलते हैं उनको। मंच पर माला पहनाएंगे और एक पत्र पकड़ा देंगे। यह अच्छी आदत नहीं है। लेने की बजाय देने का मानस बनाएं। मैं दावे से कहता हूं आप सुखी होंगे और एक संस्कारवान समाज को खड़ा करेंगे।

### पिछले साल हुआ था अलॉट; कैबिनेट मंत्री के पास अब न सरकारी गाड़ी न घर

# किरोड़ीलाल मीणा को मिले सरकारी बंगले का आवंटन निरस्त

**जयपुर।** कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा को आवंटित सरकारी बंगले का आवंटन सरकार ने निरस्त कर दिया हैं। उन्हें फरवरी 2024 में जयपुर में हॉस्पिटल रोड पर बंगला आवंटित किया गया था। लेकिन किरोड़ी सरकार में मंत्री बनने के बाद से ही अपने निजी आवास में रह रहे हैं। किरोड़ीलाल मीणा ने खुद ने सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग से बंगला निरस्त करने के लिए कहा था। वे मंत्री की हैसियत से मिली सरकारी गाड़ी भी लौटा चुके हैं। अपनी ही सरकार पर हमलावर किरोड़ीलाल मीणा लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। करीब एक सप्ताह पहले उन्होंने सरकार पर फिर से फोन टैपिंग के आरोप लगाए थे।



#### एक साल पहले अलॉट हुआ था बंगला

किरोड़ीलाल मीणा को सामान्य प्रशासन विभाग ने सबसे पहले सिविल लाइंस में बंगला नंबर-14 आवंटित किया था, लेकिन इस बंगले में पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत का परिवार रह रहा था। इसलिए उन्हें फिर हॉस्पिटल रोड पर मौजूद बंगला नंबर-3 दिया गया। इससे पहले ये बंगला पूर्व मंत्री ममता भूपेश को आवंटित था। राजस्थान में मंत्रियों को सिविल लाइंस, अस्पताल मार्ग और गांधी नगर में सरकारी बंगले आवंटित किए जाते हैं। लेकिन सबसे ज्यादा मांग सिविल लाइंस के बंगलों की रहती है। सिविल लाइंस के उन पांच बंगलों की मांग सबसे ज्यादा है जो अन्य बंगलों से बड़े हैं।

#### सरकारी गाड़ी किरोड़ी ने छोड़ दी थी

लोकसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद किरोड़ीलाल मीणा ने अपने मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा देने की जानकारी उन्होंने जयपुर में 4 जुलाई 2024 को एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मीडिया को दी थी। उन्होंने कहा था कि मैंने मुख्यमंत्री को 8 और 25 जून को इस्तीफा भेजा था, लेकिन उन्होंने मेरा इस्तीफा स्वीकार नहीं किया। उसके बाद मैंने उनका इस्तीफा मिलकर दिया। मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद से ही किरोड़ीलाल मीणा ने अपनी सरकारी गाड़ी भी छोड़ दी थी। इसके बाद से लगातार किरोड़ीलाल मीणा अपनी ही सरकार के खिलाफ बयानबाजी करते रहे है।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.